जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

अजमेर

Rashtradoot

फोनः- 2627612, 2427249 फैक्सः- 0145-2624665 वर्षः 29 संख्याः 184 प्रभात अजमेर, रविवार 2 फरवरी, 2025 आर.जे./ए.जे./73/2015-2017 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# 'बजट में दिल्ली और बिहार के मतदाताओं को रिझाने की कोशिश की गई है'

## पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम् ने कहा, केन्द्रीय बजट का लक्ष्य सिर्फ चुनाव जीतना है

- चिदम्बरम् ने आरोप लगाया, बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, समाज कल्याण, कृषि क्षेत्र के बजट आवंटन में कटौती की गई है।
- चिदम्बरम् ने अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी तथा अल्पसंख्यकों के कल्याण के बजट में कटौती को क्रूर कदम बताया।
- उन्होंने कहा, नई टैक्स प्रणाली में मध्यम वर्ग को राहत दी गई है, खासकर, उन्हें जो हर माह 60,000 से एक लाख रूपए तक कमाते हैं, लेकिन पैट्रोल, डीजल में जीएसटी में कोई कटौती नहीं की गई है।
- उन्होंने कहा, बेरोजगारी दूर करना सबसे अहम् मांग है, पर, रोजगार सृजन की दिशा में कुछ भी नहीं किया गया है।

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 फरवरी। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन का केन्द्रीय बजट असल में दिल्ली के मतदाता को लुभाने की कोशिश है।

अगर आप 7 लाख रुपए से 12 लाख रु. सालाना कमा रहे हैं तो आप टैक्स छूट के दायरे में आ जाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्यम वर्ग के मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। इसमें वे लोग हैं जो हर माह 60 हजार से एक लाख रु. तक कमाते हैं।

नई टैक्स व्यवस्था अखिल भारतीय स्तर पर सिर्फ 3.2 करोड़ लोगों को ही लाभ हो रहा है और दिल्ली में तो यह संख्या और भी कम है।

लेकिन पैट्रोल, डीज़ल, जीएसटी और किसी अन्य मोर्चे पर ऐसी कोई राहत नहीं दी है जिससे आम आदमी को मदद मिल सके। बेरोजगारी दूर करने पर भी कुछ नहीं किया गया है जो कि मूलभूत मांग है।

बजट में बिहार का भी ध्यान रखा गया है जहां अगले वर्ष आम चुनाव होने हैं।

बजट का मुख्य लक्ष्य चुनाव जीतना है ना कि देश की जनता के जीवन की गुणवत्ता को सुधारना।

चिदम्बरम् ने कहा अपना आठवां बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री नया विज़न देने में पूरी तरह से असफल रही हैं, वे आवश्यक सुधार भी नहीं कर पाई। पर स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक कल्याण, कृषि, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, पूर्वोत्तर के विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के बजट में कटौती की गई है अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यकों के लिए निर्धारित बजट से भी कटौती की गई है जो क्रूर कदम है।

जब बजट को रेटिंग देने के बारे में पूछा गया तो एक पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि दिल्ली व बिहार के मतदाता इसे हाई रेटिंग देंगे पर शेष भारत के बारे में यह बात नहीं कही जा सकती।

## 'बजट से सशक्त बनेगा राजस्थान'

जयपुर, 1 फरवरी (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि केन्द्रीय बजट 2025-26 विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती देगा। साथ ही, बजट में मेक इन इण्डिया से अब 'मेक फॉर वर्ल्ड' की अवधारणा के साथ देश को वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की दिशा दी गई है।

उन्होंने कहा कि जनता का यह बजट भारत के जन-जन के भविष्य को निखारेगा तथा बजट से समृद्ध और सशक्त राजस्थान के विजन को मजबूती मिलेगी।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट में राजस्थान के प्रस्तावों को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा जल जीवन मिशन की अवधि को बढ़ाने, पावर सेक्टर रिफॉर्म के लिए विशेष सहायता देने एवं राज्य को पूंजीगत निवेश के लिए ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किये जाने के संबंध में प्रस्ताव दिए थे, जिस पर केन्द्र सरकार ने बजट में मंजूरी दी।

मुख्यमंत्री शर्मा ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को अभूतपूर्व बजट प्रस्तुत करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस बजट में गरीब, युवा, महिला, किसान के कल्याण पर फोकस किया गया है। साथ ही, अन्त्योदय की अवधारणा पर काम करते हुए, समाज के प्रत्येक वर्ग को प्रतिनिधित्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में कृषि,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 85 प्रतिशत आयकर दाता आयकर के दायरे से बाहर निकले

## आयकर में राहत की घोषणा से सरकार को एक लाख करोड़ रूपए के राजस्व का नुकसान होगा

- केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में भारी आयकर राहत की घोषणा की, जिसके तहत साठ हजार रूपए से एक लाख रूपए मासिक आय वाले लोगों को आयकर नहीं देना होगा। इससे मध्यम वर्ग में खुशी देखी गई।
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को अपना आठवां केन्द्रीय बजट प्रस्तुत किया, जिसमें दिल्ली और बिहार के चुनावों को मद्देनज़र कई घोषणाएं की गईं।
- वित्त मंत्री ने रक्षा बजट में वृद्धि करते हुए, इसके लिए 6.81 लाख करोड़ रूपए आवंटित किए हैं।
- मैन्युफैक्चरिंग सैक्टर को प्रोत्साहन देने के लिए मध्यम, लघु तथा अति लघु उद्योगों में निवेश की सीमा बढ़ा दी गई है।

नयी दिल्ली, 01 फरवरी। धीमी पड़ती अर्थव्यवस्था को गति देने के घरेलू उपभोग और निवेश को बढ़ावा देने वाला आम बजट पेश करते हुये वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को मध्यम वर्ग को आयकर में बड़ी राहत और कृषि, लघु एवं मझौले उद्योग क्षेत्र तथा नये उभरते क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित करने तथा कर सुधारों को आगे बढ़ाने विशेष प्रावधानों की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने राजनीतिक लक्ष्यों को भी बजट में विशेष तवज्जो दी और बिहार में एक नये हवाई अड्डे, मखाना बोर्ड और इंजीनियरिंग छात्रों के लिए सीटों की संख्या बढ़ाने की महत्वपूर्ण घोषणायें की जहां इसी वर्ष विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

वित्त मंत्री के व्यक्तिगत आयकर में रियायत के प्रावधानों से औसतन मासिक एक लाख रुपये तक की कमाई पर अब कोई कर नहीं देना पड़ेगा जिससे उपभोक्ता मांग को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। उन्होंने वृद्धों को ब्याज से होने वाली आय तथा अचल संपत्ति के किराये से होने वाली आय पर टीडीएस कटौती की सीमा में वृद्धि का भी प्रावधान किया है। उन्होंने अगले सप्ताह नया आयकर सरलीकरण विधेयक पेश करने की घोषणा की है।

सीतारमण ने कहा कि प्रस्तावित नई कर संरचना मध्यम वर्ग के हाथों में अधिक पैसा देकर उपभोग, बचत और निवेश को काफी बढ़ावा देगी। बजट में किये गये प्रस्ताव के तहत एक लाख रुपए तक मासिक औसत आय पर कोई आयकर नहीं लगेगा। इससे मध्यमवर्ग परिवारों की आय व खपत में वृद्धि होगी। वेतनभोगी करदाताओं को नई कर व्यवस्था में 12 लाख रुपए तक कोई आयकर नहीं देना होगा। बजट में किये गये इस प्रस्ताव से 24 लाख रुपये या उससे अधिक की वार्षिक आय वाले करदाताओं को 1.10 लाख रुपये की बचत होगी। हालांकि इससे सरकार का एक लाख करोड़ रुपये का राजस्व कम हो जायेगा।

सीतारमण ने विनिर्माण क्षेत्र को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रेल बजट ने रेल्वे के आधुनिकीकरण पर प्रश्न चिन्ह लगाया

## केन्द्रीय बजट में रेल्वे को गत वर्ष जितनी राशि ही आवंटित की गई है

- रेल्वे को गत वर्ष 2.55 लाख करोड़ रूपए आवंटित किए गए थे।
- रेल्वे के आधुनिकीकरण की बड़ी-बड़ी घोषणाओं को देखते हुए इस वर्ष उम्मीद थी कि सरकार इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड का 25 प्रतिशत रेल्वे को देगी, पर ऐसा नहीं हुआ।
- रेल्वे को 31,000 किलोमीटर रेल्वे ट्रैक का विद्युतीकरण करना है और रेल दुर्घटना निरोधक तंत्र ''कवच'' भी स्थापित करना है, साथ ही मेक इन इंडिया को भी प्रोत्साहन देना है। यह सब बजट प्रस्तावों में परिलक्षित नहीं हो रहा है।

**-श्रीनन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 फरवरी उन लोगों की निराशा कई गुना बढ़ गई है, जो यह मानकर चल रहे थे कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सरकार की इन्फ्रास्ट्रक्चर फन्डिंग का 25 प्रतिशत हिस्सा रेलवे को दे देंगी।

वित्त वर्ष 2026 के लिये रेलवे को किया गया आवंटन 2.55 लाख करोड़ रूपया ही रखा गया है, जितना यह पिछले वर्ष था। लेकिन महँगाई सूचकांक को 5 प्रतिशत वार्षिक मानकर गणना की जाये तो यह आवंटन वास्तव में और भी नकारात्मक दिखाई देगा। रेलवे कम्पार्टमैंट (रोलिंग स्टॉक) खरीद तथा ट्रैक-नवीनीकरण जैसी महत्वपूर्ण चीजों और कार्यों के लिये किया आवंटन गतवर्ष की राशि के ही बराबर रखा गया है। बजट ने भविष्य के आधुनिकीकरण, जैसे डेलिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर्स के निर्माण की योजनाओं या नये रेल मार्गों के सेमी-हाई स्पीड तथा हाई स्पीड ट्रेनों के निर्माण आदि की आवश्यकता पर चुप्पी साध रखी है।

शुक्रवार को पेश किये गये ''इकोनॉमिक सर्वे'' में, सरकार ने जीडीपी के 4.9 प्रतिशत के बजट घाटा आँकड़े को स्वीकार किया था तथा जोर देते हुये कहा गया था कि इस वित्त वर्ष में इसे घटाकर 4.4 प्रतिशत करने की जरूरत है। इसलिये, सीतारमण के बजट प्रस्ताव संतुलित प्रकृति के प्रतीत हुये हैं। भारतीय रेलवे, जिसे हाल ही के वर्षों में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को आजीवन कारावास

जयपुर, 1 फरवरी। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर द्वितीय ने नाबालिग कॉलेज छात्रा के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त रोहित शर्मा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने 24 वर्षीय इस अभियुक्त पर 1.35 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी जगमोहन अग्रवाल ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त

- पॉक्सो कोर्ट ने 24 वर्षीय आरोपी युवक रोहित शर्मा पर 1.35 लाख रूपए का जुर्माना भी लगाया।

ने नाबालिग पीड़िता को जन्मदिन की पार्टी में ले जाने का बहाना बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया है। यदि इसमें पीड़िता की सहमति भी हो तो भी यह अपराध की श्रेणी में माना जाएगा, क्योंकि नाबालिग की सहमति कानून में कोई महत्व नहीं रखती है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक मातादीन शर्मा ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# 'बंदूक की गोली के घावों के लिए एक बैंड-एड जैसा है बजट'

## राहुल गांधी ने यह टिप्पणी करते हुए कहा, वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में हमारे आर्थिक संकट को दूर करने के लिए भारी बदलाव की जरूरत है

- सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बजट पेश किए जाने से पहले प्रयागराज में हुई भगदड़ पर चर्चा की मांग की और फिर प्रतीकात्मक वॉक आउट किया।
- कांग्रेस नेता शशि थरूर ने मध्यम वर्ग को मिली टैक्स राहत की सराहना की, पर, बेरोज़गारी का उल्लेख नहीं करने पर चिंता जताई।
- शिरोमणि अकाली दल की नेता हरसिमरत कौर ने कहा, बजट सिर्फ बिहार पर केन्द्रित है, पंजाब और इसके किसानों की उपेक्षा की गई है।

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 फरवरी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज जैसे ही बजट पेश करने के लिए खड़ी हुईं, कुछ विपक्षी नेता मौनी अमावस्या को महाकुंभ में हुई भगदड़ पर चर्चा की माँग करते हुये ''प्रतीकात्मक वॉक आउट'' कर गये। वहीं, विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बजट की पूरी कवायद पर प्रहार करते हुये, इसे ''बंदूक की गोली से लगे घावों के लिये बैन्ड-एड'' बताया तथा कहा कि केन्द्र ''विचारों और योजनाओं के मामले में दिवालिया'' है।

उन्होंने कहा कि आर्थिक संकट के समाधान के लिये प्रतिमान-परिवर्तन की आवश्यकता है।

कुछ विपक्षी सांसदों, जिनमें अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी के सांसद भी शामिल थे, ने लोकसभा से प्रतीकात्मक वॉक आउट किया। जब कुछ विपक्षी सदस्य विरोध-स्वरूप वॉक आउट कर रहे थे, उस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के खिलाफ नारे सारी संसद में गूँज रहे थे।

पूर्वान्ह 11 बजकर कुछ मिनट बाद, जैसे ही सीतारमण बजट पेश करने के लिये उठीं, समाजवादी पार्टी के सांसदों ने नारेबाजी की तथा हंगामे की स्थिति पैदा हो गई। वे माँग कर रहे थे कि सदन में सबसे पहले इस सप्ताह उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में हुई दुखद भगदड़ पर चर्चा की जाये।

अखिलेश यादव इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी, जो उत्तर प्रदेश तथा केन्द्र- दोनों ही जगह सत्ता में है, के घोर आलोचक रहे हैं। वे पहले भी माँग कर चुके हैं कि राज्य सरकार इस धार्मिक भीड़ का प्रशासन तथा प्रबंधन सेना को सौंप दे।

कांग्रेस ने केन्द्रीय बजट की आलोचना करते हुये, इसे स्थिर वेतन की ''बीमारी'', व्यापक उपभोग में उल्लास की कमी, निजी निवेश की मंद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

कुरूपता मनुष्य की सौंदर्य विद्या है। –चाणक्य

# सुखायु और हितायु का वैज्ञानिक प्रमाण–आधार

आयुर्वेद में दीर्घायु का अर्थ सुखकारी व हितकारी आयु है, सिर्फ लम्बा जीना नहीं। दीर्घायु का तात्पर्य उस आरोग्य से है जिसके रहते हम जीवन में वह सब प्राप्त कर पाते हैं, जो प्राप्त करना चाहते हैं। जिस विद्या में सुखकारी आयु और हितकारी आयु तथा दुःखकारी और अहितकारी आयु का विचार हो तथा इन सबके उचित मानदण्डों का अध्ययन हो वह आयुर्वेद कहलाता है। स्वास्थ्य–रक्षण के द्वारा निरोगी बने रहना उपयोगी है, क्योंकि आरोग्य के बिना धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष कुछ नहीं मिल सकता। यदि व्यक्ति स्वस्थ नहीं है या बीमारियों को रोक नहीं पाये, तो ना तो वह अपनी मूल प्रकृति के अनुसार कुछ धारण कर सकता है, ना ही धन कमा सकता है, ना ही खाने–पीने, सोने या जीवन का कोई आनन्द ले सकता है, और ना ही शान्तिपूर्वक संसार से विदा हो सकता है। अतः भौतिकतावादी युग में भी स्वास्थ्य से बढ़कर कुछ भी नहीं है।

आयुर्वेद के 8 अंगों में काय–चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, शालाक्य, भूतविद्या (मनोचिकित्सा), कौमारभृत्य, अगद्तंत्र, रसायन तथा वाजीकरण हैं। आयुर्वेद के दो मूल उद्देश्यों में प्रथम स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा है और दूसरा आतुर या बीमार के विकारों का प्रशमन या बीमारियों की चिकित्सा है। यहाँ स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा के संदर्भ में कुछ मूल सिद्धान्त, दर्शन या विवेचन हैं। इस चर्चा का महत्व यह है कि संहिताओं, वैज्ञानिक अध्ययनों, और अनुभवजन्य ज्ञान से प्राप्त प्रमाण हमें इस बात से आश्वस्त करने के लिये उपयोगी रहेंगे कि वर्तमान जनजीवन को स्वस्थ रखने के लिये संहिताओं, साइंस, तथा अनुभवजन्य–ज्ञान में प्रमाण–आधार सुदृढ़ है।

जहाँ तक सिद्धान्तों की समग्रता का प्रश्न है, आयुर्वेद में स्वास्थ्य–रक्षण एवं चिकित्सा से जुड़े मूल सिद्धांतों और निर्देशों की संख्या बहुत अधिक है। तथापि, कुछ सिद्धांत और निर्देश जो स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा के संदर्भ में प्रत्यक्ष रूप से लागू होते हैं, उनमे से कुछ प्रमुख हैं: 1. सामान्य–विशेष, 2. गुण–कर्म, 3, त्रिदंड, 4. त्रिविध–हेतु, 5. त्रिदोष, 6. षड्रस, 7. पंचकर्म, 8. आहार मात्रा, 9. हिताहितसंसर्जनक्रम, 10. आदान–विसर्ग, 11. स्वस्थवृत्त, 12–धारणीय–अधारणीय वेग, 13. सद्वृत्त, 14. अन्नपान–विधि, 15. धातु–पोषण, 16. आहार विधिविशेषायतन, 17. आहार विधिविधान, 18. त्रिविध कुक्षीय, 19. रसायन, 20. जनपदोद्ध्वंश आदि प्रमुख हैं। वस्तुतः इनमें से प्रत्येक के अंतर्गत, विचार–विमर्श में दिनचर्या, रात्रिचर्या, ऋतुचर्या सहित, अनेक विस्तृत विषय समाहित हैं जिन पर विस्तृत चर्चा आगे यथासमय होगी।

यहाँ एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह उठता है कि आयुर्वेद की संहिताओं में उपरोक्त समस्त सिद्धान्तों का वर्णन तथा प्रयोग में लाये जाने की विधियाँ और उनकी उपयोगिता का विवेचन उपलब्ध है, परंतु आज समकालीन वैज्ञानिक युग में यह मानने का प्रमाण क्या है कि उक्त सलाह विज्ञान–सम्मत ही है। इस प्रश्न का उत्तर कई स्त्रोतों से दिया जा सकता है, जिनमें देश–विदेश के आयुर्वेदाचार्यों द्वारा की गई शोध से प्राप्त प्रमाण, आयुर्वेद का संदर्भ दिये बिना भी समान विषयों में विश्वभर में हुई शोध के निष्कर्षों का प्रमाण, और आयुर्वेदाचार्यों का अनुभवजन्य ज्ञान शामिल है।

प्राचीन ग्रन्थों के विपुल भण्डार की उपलब्धता के बावजूद आज हमें आधुनिक विज्ञान की ओर देखने की आवश्यकता क्यों पड़ रही है। दरअसल, वर्ष 2010 के अनुमान बताते हैं कि लगभग 15 लाख शोध–पत्र प्रति वर्ष विश्व की महत्वपूर्ण शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो रहे थे। सभी प्रकार के जर्नल्स को लें तो मैक्स प्लैंक सोसायटी और स्विस फेडरल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, ज्यूरिच में कार्यरत वैज्ञानिक लुत्ज़बॉर्नमान के अनुमान बताते हैं कि ज्ञान में वृद्धि की दर इतनी है कि अब विश्व का साइंटिफिक आउटपुट हर 9 साल में दोगुना हो रहा है। वर्ष 1600 के मध्य से वर्ष 2012 तक ज्ञान के उत्पादन को तीन चरणों में देखा जा सकता है। प्रत्येक चरण में पिछले चरण की तुलना में ज्ञान उत्पादन में तीन गुना वृद्धि पायी गयी है। प्रथम चरण, 16वीं शताब्दी के मध्य से 18वीं शताब्दी के मध्य तक, ज्ञान उत्पादन में वृद्धि की दर लगभग एक प्रतिशत थी। उसके बाद दो विश्वयुद्धों के मध्यवर्ती काल में 2 से 3 प्रतिशत, तथा अंतिम विश्वयुद्ध के बाद से लेकर वर्ष 2012 तक यह वृद्धि दर 8 से 9 प्रतिशत रही।

आज विश्व के अनेक डाटाबेस जैसे स्कोपस, वेब ऑफ नॉलेज और गूगल स्कॉलर आदि में सभी विषयों के कुल 4 से 5 करोड़ शोध पत्रों का भण्डार है।आयुर्वेद में भी नये ज्ञान का उत्पादन हो रहा है। वर्ष 1923 से 2022 के दौरान प्रकाशित कुल 46,616 शोधपत्रों में कहीं न कहीं आयुर्वेद का उल्लेख हुआ है। इनमें से 12,906 शोधपत्र विशेषकर आयुर्वेद पर केन्द्रित हैं। पिछले दो दशकों के दौरान भारत के कई दिग्गज वैज्ञानिकों और आयुर्वेदाचार्यों की शोध ने आयुर्वेद का प्रमाण–आधार बहुत मजबूत किया है। आयुर्वेदिक बायोलॉजी, आयुर्वेदिक जीनोमिक्स, समठा–पद्धित या होल–सिस्टम क्लिनिकल ट्रायल्स आदि में उपयोगी कार्य हुआ है।

यहाँ कुछ उदाहरण उपयोगी होंगे। स्कोपस डेटाबेस, जो शोध–पत्रिकाओं में प्रकाशित उच्च कोटि के शोधपत्रों का विश्व में सबसे बड़े डेटाबेस में से एक है, में अकेले शहद पर ही 250 से अधिक क्नीनिकल ट्रॉयल्स सहित विभिन्न पहलुओं पर 38,000 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। शहद पर आयुर्वेद का कथन कथनमधु श्लेष्मपित्तप्रशमनानाम् (च.सू. 25.40) को देखने पर ज्ञात होता है कि मूलतः आयुर्वेद के इस द्रव्य पर आयुर्वेद के सन्दर्भ सहित 122 शोधपत्र हैं, जबकि विश्व भर में शहद पर 38,000 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। इनमें से 2900 से अधिक शोधपत्र शहद के औषधीय गुणों पर, व 8,000 से अधिक भोजन के रूप में शहद की उपयोगिता सिद्ध करते हैं।

एक अन्य अध्ययन अनुसार, उम्रदराज लोगों में पांच वर्ष तक चले क्लिनिकल ट्रायल में व्यायाम की 'तीव्रता' व 'मृत्यु-दर' के बीच सम्बन्ध नहीं मिला। इसलिये 'तीव्रता' के चक्कर में पड़ने के बजाय अपने बल के आधे तक व्यायाम करते रहिये। समय की बात करें तो 30 मिनट प्रतिदिन से कम व्यायाम नहीं रहना चाहिये। सप्ताह में व्यायाम करते समय अगर 120 मिनट गार्डेन, पार्क या हरियाली वाली जगह में बिताया जाये तो व्यायाम का मानसिक स्वास्थ्य पर धनात्मक प्रभाव और भी बेहतर रहता है।

इसी प्रकारआमलकंवयःस्थापनानाम् (च.सू. 25.40) चरकसंहिता का एक महावाक्य है। अनेक शताब्दियों बाद आचार्य वाग्भट ने इसी वाक्य को वयसःस्थापने धात्री (अ.हृ.उ. 40.56) दोहराया है। विश्व की सर्वाधिक महत्वपूर्ण शोध–पत्रिकाओं में आमलकी पर 2,000 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। इन शोध पत्रों में इन–वाइट्रो और इन–वाइवो अध्ययनों के अलावा कुछ क्लीनिकल ट्रायल्स भी हैं जो निर्विवाद रूप से आँवला में रसायन गुणों को प्रमाणित करते हैं।

इसी प्रकार रक्तशालि या लाल चावल पर 4,849 शोधपत्र विश्व की प्रमुख शोध पत्रिकाओं में 2022 तक प्रकाशित हो चुके हैं। वैज्ञानिकों ने लाल चावल को कैंसररोधी, डायबिटीज–रोधी, एंटीऑक्सीडेंट, एंटीजीनोटॉक्सिक, हिपेटोप्रोटेक्टिव, कार्डियोप्रोटेक्टिव, एंटीइन्फ्लेमेटोरी, एंटीडायबिटीज, एवं इम्यूनोमोड्युलेटरी पाया है।

वर्ष 2016 में विश्व–प्रसिद्ध शोध पत्रिका लैंसेट में 10 लाख से अधिक लोगों के संदर्भ में एकत्र आंकड़ों के आधार पर प्रकाशित एक मेटाएनलिसिस से ज्ञात होता है कि प्रायः कुर्सी में बैठे–बैठे काम करने वाले लोग यदि रोजाना 60 से 75 मिनट व्यायाम करें तो उनके असमय मरने का जोखिम कम हो जाता है। बात यदि मोटापा प्रबंध के सन्दर्भ में की जाये, तो समुचित खानपान के साथ ही सप्ताह में कम से कम 150 मिनट का व्यायाम लाभकारी है। मेटा–एनालिसिस के परिणाम स्पष्ट करते हैं कि व्यायाम से प्रसन्नता मिलती है। एक अन्य मेटा–एनालिसिस के परिणाम बताते हैं कि हरियाली और जलाशयों के पास व्यायाम मन को प्रसन्न रखता है। वस्तुतः व्यायाम त्रिदोषशामक है और इसके कारण विश्व में सालाना 3.9 मिलियन मौतें टल जाती हैं। एक अन्य मेटा–एनालिसिस से ज्ञात होता है कि प्राकृतिक वन और उपवन में व्यायाम न केवल मानसिक बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य भी प्रदान करता है। एक मेटा–एनलिसिस बिलकुल साफ़ कर देती है कि व्यायाम करना आवश्यक है भले ही तीव्रता कम या ज्यादा कुछ भी हो। रोचक बात यह है कि आयुर्वेद व्यायाम की तीव्रता की बात नहीं करता बल्कि व्यायाम की अनिवार्यता की बात करता है और बल के आधे तक प्रतिदिन व्यायाम करने की सलाह देता है। आयुर्वेद चलने (चंक्रमण) की भी सलाह देता है किन्तु चंक्रमण ऐसा हो जो अति–पीड़ादायक नहीं होना चाहिये। व्यायाम और चंक्रमण ना तो बलार्ध से अधिक हो और ना ही पीड़ादायक हो, अन्यथा हानिकारक होता है। आयुर्वेद और समकालीन विज्ञान यहाँ एक जैसी सलाह के समीप आते दृष्टिगोचर होते हैं। एक अन्य अध्ययन के अनुसार, उम्रदराज लोगों में पांच वर्ष तक चले क्लिनिकल ट्रायल में व्यायाम की 'तीव्रता' व 'मृत्यु–दर' के बीच सम्बन्ध नहीं मिला। इसलिये 'तीव्रता' के चक्कर में पड़ने के बजाय अपने बल के आधे तक व्यायाम करते रहिये। समय की बात करें तो 30 मिनट प्रतिदिन से कम व्यायाम नहीं रहना चाहिये। सप्ताह में व्यायाम करते समय अगर 120 मिनट गार्डेन, पार्क या हरियाली वाली जगह में बिताया जाये तो व्यायाम का मानसिक स्वास्थ्य पर धनात्मक प्रभाव और भी बेहतर रहता है।

तीन सूत्र जो दवाई की आवश्यकता कम कर देते हैं, उनमें कालभोजन, व्यायाम और सत्वावजय प्रमुख हैं। कैलोरी व कदम गिनने की सनक आयुर्वेद का विषय नहीं। काल–भोजन और बलार्ध–व्यायाम कीजिये: ऊर्जस्प्रक्रमगणनातिनिष्ठानास्तिआयुर्वेदविषयः। समाचरेत्कालभोजनंबलस्यार्धव्यायामश्च। मोटापा की समस्या देखें तो यह गोलियां खाने से नहीं छंटता। आचार्य चरक कहते हैं कि मोटापा छांटने के लिये भोजन की मात्रा घटाने से उत्तम और कुछ नहीं है। आचार्य सुश्रुत कहते हैं इस काम के लिए व्यायाम से बेहतर कुछ नहीं है। दोनों मिलाकर तो मोटापा कम कर ही सकते हैं। बात साधारण है: हितकारी भोजन मात्रापूर्वक नियतकाल में दिन में केवल दो बार लीजिए और नित्य व्यायाम कीजिए। बस इस ज्ञान को काम से जोड़ने का पचड़ा है!

यही स्थिति सद्वृत्त में समाहित विविध विषयों की है। शोध–पत्रिकाओं में प्रकाशित लगभग 2 लाख शोध पत्र ऐसे हैं जहाँ मंगलकार्य, त्याग, उपहार, हवन, नियम, प्रायश्चित, उपवास, सस्वर पाठ, आध्यात्मिक लगाव, तीर्थाटन, क्षमा, दान आदि विषयों तथा इनका स्वास्थ्य रक्षण एवं रोगमुक्ति के संदर्भ में विश्लेषण है। योग के यम और नियम में भी सद्वृत्त के ही विविध विषय समाहित हैं। इन पर 25,000 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं।

दिनचर्या, रात्रिचर्या, ऋतुचर्या के रूप में समाहित विविध विषयों में पृथक पृथक शोध भी है। इनमें सबसे अधिक वैज्ञानिक शोध भोजन, भोजन द्रव्य, नस्य, पंचकर्म, मुख–स्वास्थ्य, कवल–गंडूष, अभ्यंग, मौसमी बीमारियों से बचाव, व्यायाम, पर्सनल–हाइजीन आदि पर उपलब्ध है। सारांश यह है कि भले ही शोध आयुर्वेद का नाम लेकर न की गई हो, लेकिन आहार स्वस्थवृत्त, सद्वृत्त, रसायन एवं पंचकर्म आदि में समाहित प्रयोगों एवं परिणामों को आधुनिक शोध के प्रकाश में देखने पर इस बात के निर्विवाद प्रमाण मिलते हैं कि आयुर्वेद के माध्यम से स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा संभव है।

इस सब चर्चा का हमारे लिये महत्व क्या है? मुख्य रूप से संहिताओं, साइंस एवं आयुर्वेदाचार्यों का अनुभवजन्य ज्ञान निर्विवाद रूप से सिद्ध करता है कि यदि कोई व्यक्ति आज कैंसर, डायबिटीज, हृदय रोग, मनोरोग या श्वसन तंत्र जैसी गैर–संचारी बीमारियों से पीड़ित नहीं है तो वह इन बीमारियों से आगे भी अपने आपको बचाये रख सकता है, बशर्ते आयुर्वेद की सलाह मानकर अपने जीवन में इस ज्ञान का उपयोग करे। हाँ, आयुर्वेद में स्वास्थ्य–रक्षण के सिद्धान्त और उन सिद्धान्तों का क्रियान्वयन योग्य आयुर्वेदाचार्यों की सलाह से ही किया जाना चाहिये ताकि समुचित परिणाम प्राप्त हो सकें। आयुर्वेद में लगभग 300 प्रकार की सलाह केवल सद्वृत्त में ही उपलब्ध हैं, और समकालीन वैज्ञानिक शोध में उन्ही विषयों पर 7 लाख से अधिक शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। शोध में उपलब्ध प्रमाणों के इस संक्षिप्त वर्णन, जो आयुर्वेद की समकालीन वैज्ञानिकता को दर्शित करता है, के बाद आगे यथासमय यहाँ प्रत्येक विषय पर पृथक–पृथक चर्चा तथा उपयोग–योग्य ज्ञान प्रस्तुत किया जाता रहेगा होगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( इंडियन फारेस्ट सर्विस से सेवानिवृत्त, वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान सहित अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं। )**

# बजट मध्यम वर्ग को समर्पित



सीए शंकर अग्रवाल

आर्थिक विशेषज्ञ सीए शंकर अग्रवाल ने बजट को मध्यम वर्ग के लिए समर्पित बजट बताया। मध्यम वर्ग काफी लम्बे समय से आयकर छूट की उम्मीद कर रहा था। अब आयकर में 12 लाख तक की आय पर कोई कर नहीं देना होगा। पहले 7 लाख तक की आय पर कोई कर नहीं देना होता था, एवं मध्यम वर्ग को 80,000 रू. तक की सालाना आयकर छूट मिलेगी, 15 लाख तक की आय वालों को 70,000 और 25 लाख तक की आय वालों को 1,10,000 की छूट मिलेगी। इस कदम का दूरगामी परिणाम हमें आने वाले समय में देखने को मिलेगा। मध्यम वर्ग के लोगों के हाथ में ज्यादा पैसा आने से बाजार में पैसा ज्यादा आयेगा व आम आदमी ज्यादा खर्च करेगा, इससे उपयोग व उत्पादन दोनों बढ़ेगें, जिससे जीडीपी बढ़ेगी एवं उद्योगों को उत्पादन बढ़ाने से उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। आयकर में अनेक कटौतियों को मिला ले तो इससे साफ जाहिर है कि इससे बाजार में आर्थिक सुधार होगा।

वित्त मंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों को ब्याज पर कर कटौती की सीमा 50,000 से बढ़ाकर 1,00,000 कर बडी राहत दी है। किराये पर 2.40 लाख पर कर कटौती की सीमा बढ़ाकर 6.00 लाख कर दी है। उपरोक्त समस्त कदम एक मध्यम एवं आम आदमी को राहत देने वाला बजट है।

उद्योगों एवं डैडम् को बढ़ावा देने के लिए ऋण गारण्टी की डैडम् में 5 करोड़ की सीमा बढ़ाकर 10 करोड़ कर दी है, साथ ही स्टार्टअप के लिए ऋण गारन्टी सीमा 10 करोड़ से 20 करोड़ कर बड़ी राहत दी है। डैडम् के लिए 10 लाख क्रेडिट कार्ड दिये जाने के निर्णय किसानों की तरह व्यापारी को भी लाभ होगा, इससे 5 लाख का सीधा लेन–देन हो सकेगा।

बिहार राज्य के लिये मखाना बोर्ड के साथ–साथ अनेक विकास योजनाओं की घोषणा की है। इससे पिछड़ा राज्य की मांग तो पूर्ण नहीं होगी पर काफी लाभ बिहार को मिलेगा।

बजट में कृषि, युवा, महिलाओं के लिए अनेक घोषणा की है जिसमें प्रधानमंत्री धनधान्य कृषि योजना महिलाओं को आर्थिक मजबूती देने हेतु अनेक उपायों की घोषणा ग्रामीण महिलाओं, युवाओं को अतिरिक्त सहायता, कपास किसानों को 5 वर्ष का पैकेज आदि घोषणा आम आदमी को बढ़ावा देने का बजट है।

उपरोक्त बजट के अलावा इस अवसर पर भारत की वास्तविक प्रगति का सूचक बजट की भावना हो सकती है पर बजट के प्रावधान नहीं हो सकते। हमारा देश आज प्रगति के पथ पर है। यह दुनिया के बड़े–बडे देश भी मानते हैं। हमारा अपना आंतरिक आंकलन महत्वपूर्ण होता है। इस और हम पिछले दस वर्षों की एनडीए सरकार की यात्रा को देखते है तो पाते हैं कि जहां देश में दशको तक 5 आईआईटी थे, वह संख्या बढ़कर 23 हो गई है।

सरकार ने पिछले दस वर्ष में 110 करोड़ परिवारों को उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत गैस कनेक्शन दिये हैं। इस कारण 1.50 लाख लोगों की जान बच रही है। यह एक अप्रत्यक्ष आंकलन है जो हमारे विपक्ष के अलावा सामान्य जन को भी दिखाई नहीं देता। आज हमारा देश रक्षा एवं मोबाईल उत्पादन में अग्रणी हो रहा है जहां रक्षा उत्पादन के लिए हम विदेश कम्पनियों पर निर्भर रहते थे, वहीं आज हम निर्यात का एक नया कीर्तिमान बना रहे हैं। मोबाईल उत्पादन का भारत आज हब बन गया है। अनेक विदेशी कम्पनियां यहां उत्पादन इकाई डालकर मोबाईल बना रही है। परिणाम स्वरूप मोबाईल उत्पादन में भारत सिरमोर हो रहा है।

हमारा आयकर एवं जीएसटी संग्रह लगातार बढ़ रहा है। आयकर संग्रहण 6,95,792 करोड़ से बढ़कर 20 लाख करोड़ पर पहुंच गया है। वहीं जीएसटी 82,294 करोड़ के मुकाबले 2 लाख करोड़ मासिक आ गया है। यह सरकार के प्रभावी नितियों एवं नियंत्रण का प्रभाव साफ दर्शाता है। यह यात्रा यहां रूकी नहीं है। पिछले 60 वर्षों में जितनी सड़के बनी थी, उससे आधी बीते दस वर्ष में बनी है। रेलमार्ग का विद्युतीकरण 21000 किलोमीटर से बढ़कर 63000 किलोमीटर पर आ गया है। इलेक्ट्रोनिक उत्पादन जहां 7 अरब डॉलर था, वह अब 23 अरब डॉलर को पार कर गया है।

केन्द्र सरकार ने देश के बुनियादी ढ़ांचे को मजबूत करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता जारी रखी है। पिछले चार बजट में इस पर निरन्तर खर्च में बढ़ोतरी की है। पहले वर्ष में 5.00 लाख करोड़, दूसरे में 7.50 लाख करोड़, तीसरे में 11,11,111 करोड़ पूंजीगत व्यय का प्रावधान कर इसे निरन्तर आगे बढ़ाया है। परिणाम हमारे सामने है। आज देश में 2014–15 तक 74 हवाई अड्डे थे, आज 148 हवाई अड्डे कार्यरत हैं। आज सीमा पर सड़क एवं टनल का जो कार्य हुआ है उससे चीन सहित हमारे अनेक पडौसी देश परेशान है।

विकास के अनेक अन्य क्षेत्र हैं जिन पर विस्तार से चर्चा हो सकती है लेकिन उपरोक्त विकास यात्रा से यह स्पष्ट दिखता है कि हमारे देश का विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था से तीसरे नम्बर पर आने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।

**–सी.ए. शंकर अग्रवाल**

# ऋतुओं के राजा बसंत का पर्व बसंत पंचमी



डॉ. जे. के. गर्ग

धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक बसंत पंचमी को ही विद्या एवं बुद्धि की देवी माता सरस्वती का जन्म हुआ था। पौराणिक कथाओं के अनुसार ऋतुराज बसंत के साथ धरती पर कामदेव और उनकी पत्नी देवी रति आते हैं और सभी में प्रेम और काम भावना जागृत करते हैं। ऐसा माना जाता है कि बसंत पंचमी के दिन कामदेव और देवी रति की पूजा करने से पति–पत्नी के प्यार में वृद्धि होती है और दोनों का रिश्ता मजबूत होता है। मान्यताओं के अनुसार कामदेव प्राणियों के अंदर प्रेम भावना जागृत करते हैं वहीं देवी रति श्रृंगार करने की इच्छा को बढ़ाती हैं। हिंदू धर्म शास्त्रों के मुताबिक, कामदेव के धनुष से निकला बाण सीधा दिल पर लगता है। इस बाण के लगने से दिल प्रेम की भावना से भर जाता है। इसीलिये बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती के साथ–साथ भगवान श्रीहरि विष्णु, कामदेव और रति का पूजन भी होता है। बसंत पंचमी के दिन माँ सरस्वती की पूजा अर्चना करके उनसे जीवन में विद्या, बुद्धि, कला एवं ज्ञान प्राप्त का वरदान मांगा जाता है।

धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक सृष्टि के रचियता ब्रह्मा जी ने जीवो और मनुष्यों की रचना भी इसी दिन को की थी। ब्रह्माजी सृष्टि की रचना करके जब उसे देखने लगे तो उन्हें प्रथ्वी पर चारों तरफ सुनसान निर्जन वातावरण दिखाई दिया जिससे प्रजापति खिन्न और उदास हो गये। ब्रह्माजी ने भगवान विष्णु जी की आज्ञा अनुसार अपने कमंडल से पृथ्वी पर जल छिडका, धरती पर गिरने वाले जल से वहां हर जगह पर कंपन होने लगता है और एक अद्धुत शक्ति के रूप में चतुर्भुजी स्त्री प्रकट हुयी उस देवी के एक हाथ में वीणा और दुसरे हाथ में वर मुद्रा थी बाकी अन्य हाथो में पुस्तक और माला थी। ब्रह्माजी उस स्त्री से वीणा बजाने का अनुरोध किया देवी के वीणा बजाने के साथ ही संसार के सभी जीव–जंतुओ को वाणी प्राप्त को गयी। उसी क्षण ब्रम्हाजी ने उस स्त्री को सरस्वती कहा और सरस्वती को मधुर वाणी के साथ–साथ विद्या और बुद्धि भी प्रदान की। भगवान राम भी वसंत पंचमी के दिन शबरी के आश्रम पर आये एवं शबरी के झूटे बैर भी राम ने प्रेम पूर्वक खाये थे।

किंवदंतीयो के मुताबिक सूफी संत चिश्ती निजामुद्दीन औलिया अपने जवान भतीजे की मृत्यु से अत्यंत दुखी हो गये थे। मशहूर शायर अमीर खुसरो ने वसंत पंचमी के दिन कुछ औरतों को पीले कपडे पहन कर पीले फूल ले जाते देखा तो खुद भी पीले कपडे पहन कर पीले फूल लेकर चिश्ती साहब के पास पहुँचे। उन्हें देख कर चिश्ती साहब के चेहरे पर हँसी आ गयी। तभा से दिल्ली में निजामुद्दीन औलिया की दरगाह और चिश्ती समूह की अन्य सभी दरगाहों पर वसंत उत्सव को मनाया जाने लगा। वैज्ञानिक और ज्योतिष शास्त्र के अनुसार बसंत ऋतु शरद ऋतु के ठंड से शीतल हुई पृथ्वी की अग्नि ज्वाला, मनुष्य के अंतःकरण की अग्नि एवं सूर्य देव के अग्नि के संतुलन का यह काल होता है। बसंत ऋतु ही वो समय है जहां प्रकृति पुरे दो महीने तक वातावरण को प्राकृतिक रूप से वातानुकूलित बनाकर संपूर्ण प्राणियों को स्वस्थ जीने का मार्ग प्रदान करती है। साहित्यकारों के लिए वसंत प्रकृति के सौन्दर्य और प्रणय के भावों की अभिव्यक्ति का अवसर है तो वीरों के लिए शौर्य के उत्कर्ष की प्रेरणा हैमां शारदा का प्राचीनतम मंदिर पकिस्तान अधिकृत कश्मीर में मुज़फ़राबाद के निकट पवित्र कृष्ण–गंगा नदी के तट पर स्थित है।

पौराणिक मान्यता है कि स्वयं ब्रह्मा जी ने इस मंदिर का निर्माण कर मां शारदा को वहांस्थापित किया था इसीलिए उस मंदिर को ही मां शारदा का प्राकट्यय स्थल माना जाता है।आदि गुरु शंकराचार्य ने इसी शारदा पीठ में मां शारदा के दर्शन किए थे। पंजाब और हरियाणा में बसंत पंचमी के दिन है.लोग सुबह जल्दी उठकर स्नान करके भगवान से आशीर्वाद लेने के लिये गुरुद्वारे या मंदिर जाते हैं। बड़े और बच्चेसभी पतंग उड़ाते हैं। लोक गीत गाते और नाच–गाना करके आनन्द मनाते हैं। उत्तर प्रदेश और राजस्थान में देवी सरस्वती की पूजा की जाती तथा पतंगबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता हैं। राजस्थान में लोग चमेली की माला पहनते हैं। उत्तर प्रदेश में कई भक्त बसंत पंचमी पर भगवान कृष्ण की पूजा करते हुए केसर चावल चढ़ाते हैं। इस दिन पीले गेंदे से घर और प्रवेश द्वार सजाए जाते हैं। पश्चिम बंगाल के कई शहरों और बिहार में देवी सरस्वती की मनमोहक आकर्षक मूर्ति बनाकर विशाल पंडाल बना कर देवी मां की पूजा करने के लिए इकट्ठा होते हैं, देवी मां को मीठे पीले चावल और बूंदी के लड्डू चढ़ाते हैं। उत्तराखंड के लोग फूल, पत्ते और पलाश की लकड़ी चढ़ाकर देवी सरस्वती की पूजा करते हैं पीले वस्त्र धारण करते हैं, माथे पर पीले रंग का तिलक लगाते हैं और पीले रुमाल का इस्तेमाल करते हैं। पतंग उड़ाते हैं और केसर हलवा खाते हैं। गोकुल और वृंदावन में भी बसंत उत्सव धूमधाम और नाच गाने के साथ मनाया जाता है। ब्रज भूमि में बसंत पंचमी को रास नृत्य हर्षोल्लास के साथ किया जाता है।

मान्यताओं के मुताबिक भगवान कृष्ण ने बसंत पंचमी को ही रास किया था। सनातनधर्मी लोगों के लिये बसंत पंचमी महत्वपूर्ण पर्व है। अन्नदाता किसानों के लिये भी यह एक प्रमुख पर्व है। सनातनधर्मी इस पर्व को संगीत, ज्ञान, कला, विद्या, वाणी और ज्ञान की देवी सरस्वती के समर्पण के दिन के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। बसंत पंचमी के दिनों में सरसों के खेत लहलहा उठते हैं इसीलिए लोग इस दिन पीले रंग के कपड़े पहनते हैं। सम्पूर्ण भारत में माघ शुक्ल पंचमी को वसंत पंचमी उत्सव मनाया जाता है। बसंत पंचमी के दिन से ही वसंत ऋतु प्रारंभ होती है। इसे श्रीपंचमी, ऋषि पंचमी, मदनोत्सव, वागीश्वरी जयंती और सरस्वती पूजा का उत्सव भी कहा जाता है। वसंत पंचमी के दिन ही होलिका दहन स्थान का पूजन किया जाता है और होली में जलाने के लिए लकड़ी और गोबर के कंडे आदि एकत्र करना शुरू कर देते हैं। इस दिन से होली तक 40 दिन फागगायन यानी होली के गीत गाए जाते हैं। प्रकृति की अनुकम्पा से हमारे भारत में ही नियमित रूप से छः ऋतुएँ होती है।

योगीराज कृष्ण ने कहा था– मैं ऋतुओं मे वसंत ऋतु हूँ, मुझे वसंत ऋतु सबसे अधिक प्रिय है। इसीलिए इन छः ऋतुओं में वसंत ऋतु को ऋतुओं का राजा कहा जाता है। इसे ऋतुराज या मधुमास भी कहते हैं। वसंत पंचमी प्रकृति के अद्भुत सौन्दर्य, श्रृंगार और संगीत की मनमोहक ऋतु यानी ऋतुराज के आगमन की सन्देश वाहक है। वसंत पंचमी के दिन से शरद ऋतु की विदाई के साथ पेड़–पौधों और प्राणियों में नवजीवन का संचार होने लगता है। प्रकृति भी नवयौवना की भांति श्रृंगार करके इठलाने लगती है। पेड़ों पर नई कोपलें, रंग–बिरंगे फूलों से भरी बागों की क्यारियों से निकलती भीनी सुगंध, पक्षियों के कलरव और पुष्पों पर भंवरों की गुंजार से वातावरण में मादकता छाने लगती है। कोयल कूक–कूक के बावरी होने लगती हैं। बसंत का वर्णन मेरी स्वजन कविता अग्रवाल ने इस प्रकार किया है :– उर्वी ने किया अनुपम श्रृंगार फैली हरीतिमा दिग दिगंत। पुष्पों से सजे तोरण द्वार कोयलिया गाए राग मल्हार। शिशिर का अब हुआ अंत देखो आए ऋतुराज बसंत। ओढ़ चुनरिया पीली पीली महक रही वो भीनी–भीनी। खुशियाँ छाई चहुँ ओर अनंत देखो आए ऋतुराज बसंत। बसंत के अंदर श्रृंगार अपने यौवन पर पहुंच जाता है। इस वर्ष बसंत पंचमी का पर्व भारत में और संसार में जहां–जहां सनातन धर्मी रहते हैं वहां 3 फरवरी 2025 को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

**–डॉ. जे. के. गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कॉलेज शिक्षा जयपुर**


# बीकानेर समेत राज्य में जिला शिक्षा अधिकारी ( डीईओ ) के 250 से अधिक पद रिक्त

## स्वीकृत 558 डीईओ के पदों में से 45 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त हैं

**बीकानेर,** (निसं)। सरकार नकल और परीक्षाओं में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए कटिबद्ध दिखने का प्रयास कर रही है। दूसरी ओर जब 35 दिन बाद 6 मार्च से 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं और शासन–प्रशासन और शिक्षा विभाग के बीच की अहम कड़ी के रूप में काम करने वाले डीईओ के बीकानेर सहित राज्य के विभिन्न जिलों में 250 से अधिक पद रिक्त हैं। स्वीकृत 558 डीईओ के पदों में से 45 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त पड़े होने के कारण बोर्ड परीक्षाओं में मॉनिटरिंग को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। मॉनिटरिंग के अलावा जिले में शिक्षा का स्तर सुधारने और जिले की शिक्षण प्रणाली के विकास में डीईओ की भूमिका मुख्य है। मगर बड़ी संख्या में जिला शिक्षा अधिकारियों के पद रिक्त होने के कारण शिक्षण व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव देखने को मिल रहा है।

शिक्षा निदेशालय की ओर से दो वर्ष की बकाया डीईओ डीपीसी के प्रस्ताव पिछले महीने आरपीएससी को भिजवाए थे। लेकिन वर्ष 2023–24 और 2024–25 की डीपीसी की तिथि फिलहाल निर्धारित नहीं हुई है। जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक पद है, जो जिले में शिक्षा की गुणवत्ता और सभी सिस्टम की देखरेख करता है, यह पद राज्य सरकार के अधीन आता है। डीईओ ही जिला स्तर पर शिक्षा नीतियों के कार्यान्वयन, निगरानी, और मैनेजमेंट के लिए जिम्मेदार होता है। बीकानेर जिले में डीईओ प्रारंभिक और माध्यमिक दोनों पद लम्बे समय से रिक्त चल रहे हैं। चयन वर्ष 2022–23 की डीपीसी के बाद रामगोपाल मीणा को बीकानेर डीईओ एलीमेंट्री के पद पर लगाया गया था, लेकिन मीणा की ओर से पदोन्नति का त्याग करने के कारण यह पद रिक्त है। वहीं डीईओ माध्यमिक और प्रारंभिक सहित डाइट प्रिंसिपल का अतिरिक्त चार्ज अब तक एडीपीसी समग्र शिक्षा गजानंद सेवग के पास था। 31 जनवरी को सेवग भी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। बीकानेर ब्लॉक में भी डीईओ का पद रिक्त है। ऐसे में अब डीईओ के पांचों पद रिक्त हो चुके हैं। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से 6 मार्च से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षाओं की पूर्व तैयारी बैठक 5 फरवरी को प्रस्तावित है। बोर्ड के नियमानुसार इस बैठक में संबंधित जिले के डीईओ का शामिल होना अनिवार्य है। बोर्ड परीक्षा के नियंत्रण में डीईओ की भूमिका मुख्य होती है।

## राशिफल रविवार 2 फरवरी, 2025



पंडित अनिल शर्मा

माघ मास, शुक्ल पक्ष, चतुरथी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2081, उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र रात्रि 12:52 तक, शिवयोग प्रातः 9:14 तक, विष्टि करण प्रातः 9:15 तक, चन्द्रमा आज मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मकर, चन्द्रमा–मीन, मंगल–मिथुन, बुध–मकर, गुरू–वृष, शुक्र–मीन, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 12:52 तक है। रवियोग रात्रि 12:52 से आरम्भ होगा। आज भद्रा प्रातः 9:15 तक रहेगी। आज पंचमी तिथि का क्षय हुआ है। आज बसंत पंचमी है। कुम्भ महापर्व का शाही तृतीय स्नान, सरस्वती पूजन, श्री पंचमी, तक्षक पूजन, रतिकाम महोत्सव, पंचक हैं।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 8:37 से 9:58 तक, लाभ–अमृत 9:58 से 12:41 तक, शुभ 2:02 से 3:23 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 7:16, सूर्यास्त 6:05

**मेष**
आज अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

**धनु**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज रचनात्मक कार्यों में भाग ले सकते हैं। आज महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। आज धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**मकर**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज नये–पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आज परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**तुला**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। आज धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**कुंभ**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आज महत्वपूर्ण कार्यों कार्यों के संबंध में सोच–विचार हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**कर्क**
धार्मिक–मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

**मीन**
अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा।

## शिव मंदिर पर गणपति मूर्ति स्थापना 10 को

**नसीराबाद ।** उपखण्ड क्षेत्र के ग्राम देरांठू के तलाई स्थित शिव मंदिर के निकट बनाये गये भव्य गणपति मंदिर में परम पूज्य संत श्री रामदास त्यागी, कुण्ड का लाम्बा व संत श्री रामदास त्यागी मोनी महाराज बामणियां बालाजी धाम के सानिध्य में श्री गणपति मूर्ति स्थापना व हवन एवं श्री मद् भागवत कथा का आयोजन 4 फरवरी से 9 फरवरी तक किया जाएगा। यह कार्यक्रम देरांठू के समस्त रिद्धि सिद्धि गणेश भक्त गणों की और से आयोजित होगा। कार्यक्रम के तहत माघ शुक्ला सप्तमी 4 फरवरी को प्रातः 8 बजे बगीची बालाजी मंदिर से कलश व शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली जायेगी। शोभायात्रा ग्राम के सभी मोहल्लों से होकर शिव मंदिर पहुंचेगी। कार्यक्रम के अनुसार 4 फरवरी से 9 फरवरी तक प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक पंच कुण्डात्मक हवन होगा। वही प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक श्री मद् भागवत कथा बाल विदुषी भागवत भूषण रुचि किशोरी वृंदावन के मुखारविंद से होगी। यज्ञ के आचार्य पंडित अशोक कुमार शास्त्री (माला वाले ) किशनगढ़ होंगे। पुजारी ऋषि दाधीच ने बताया कि मन्दिर में स्थापित की जा रही श्री गणपति दगड़ सेठ बम्बई लाल बाग है, मूर्ति सवा 3 फीट की है वहीं रिद्धि सिद्धि मुर्ति ढाई ढाई फीट की बनवाई गई है।

# आखिरकार विधायक भदेल की मेहनत रंग लाई

**अजमेर ।** अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल द्वारा लगातार विधानसभा में उठाई जा रही दक्षिण विधानसभा के भगवानगंज बीएसयूपी क्वार्टस आवंटन की आवाज आखिरकार रंग लाई।

विधायक भदेल ने शनिवार को अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग योजना भगवानगंज अजमेर में निर्मित आवासों के आवंटन पत्रो का वितरण किया। उन्होने जनता से संवाद करते हुए कहा कि यह निरंतर प्रयासो और जनता के विश्वास का परिणाम है कि आज कई वर्षो से किराए के मकानों में रहने वाले परिवारों को स्थायी आश्रय मिला है।

विधायक भदेल ने बताया कि इस क्वार्टस के लिए मेरे द्वारा विधानसभा में नियम 131 के तहत् व तारांकित प्रश्न के माध्यम से सवाल उठाये गये थे जिसका आज परिणाम आपके सामने है। उन्होने कहा कि इस योजना में कुल 224 आवास बनाये गये है जिसमें से 42 आवासो का आवंटन पूर्व में ही योजना के तहत् कर दिया था बाकि शेष बचे आवासो का 05दिसम्बर2024 को जवाहर रंगमंच, अजमेर में लॉटरी निकाली गई थी जिसके तहत् 182 लाभार्थियो का लॉटरी के माध्यम से चयन किया गया था जिसके तहत् आज 93 लाभार्थियो को आवास आवंटन पत्रों का वितरण भगवानगंज स्थित पहाडिया वीर स्थित समुदायिक भवन में किया गया। अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा यह आवास 25 वर्षो के लिए किराए पर दिये जायेंगे जिसमें प्रथम पांच वर्ष का किराया 750 रुपए प्रतिमाह रहेगा इसके पश्चात् 5 से 10 वर्ष तक का किराया 900 रुपए प्रतिमाह, 10 से 15 वर्ष तक किराया 1050 रुपए प्रतिमाह, 15 से 20 वर्ष तक 1250 रुपए किराया, 20 से 25 वर्ष तक 1500 रुपए प्रतिमाह किराया निर्धारित किया गया है साथ ही उन्होने बताया कि यदि लाभार्थी द्वारा उक्त आवास को किसी और को किराये पर दिया जाता है तो सरकार द्वारा उक्त आवंटन पत्र को निरस्त कर दिया जायेगा।



विधायक अनिता भदेल ने आवासों का आवंटन पत्र सौंपा।

**■ बीएसयूपी क्वार्टस का हुआ आवंटन**

लाभार्थियो के चेहरे पर खुशी – आवास आवंटन पत्र प्राप्त करते ही लाभार्थियो के चेहरे पर खुशी झलक उठी। वर्षो से किराए पर रहने की परेशानी झेल रहे इन परिवारों को अब अपना स्थाई ठिकाना मिल सका है। इस अवसर पर लाभार्थियो ने विधायक भदेल को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अजमेर विकास प्राधिकरण की आयुक्त नित्या–के, उपायुक्त प्रवीण कुमार, सहायक अभियंता योगेन्द्र शेखावत, आर्य मण्डल के पूर्व मण्डल अध्यक्ष मोहन लालवानी, मण्डल अध्यक्ष भवानी सिंह जैदिया, मण्डल महामंत्री गोविन्दराज, हेमन्त फौजी, सुरेश गुर्जर, चम्पालाल, देवेश शेखावत, हेमन्त सुनारीवाल, किरण तुनगरिया, प्रदीप तुनगरिया, जितेन्द्र रंगवानी, बलराम कृष्ण, ओमप्रकाश राव, राजेश शर्मा, अशोक राजस्थानी, ललित सामरिया, अनुज चौहान, संदीप माखीजानी, अटल शर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### भगवान श्रीदेवनारायणजी की जयंती पर हर घर दीपक जलाने का आव्हान

**भीलवाड़ा।** राजस्थान गुर्जर महासभा के जिला उपाध्यक्ष भंवरलाल हरल ने बताया भगवान देवनारायण की 1113वीं जयन्ति को विशाल एवं भव्य बनाने के लिए एक मिटिंग गुर्जर छात्रावास में सम्पन्न हुई जिसमें– सर्व समाज द्वारा विशाल वाहन रैली शहर के विभिन्न मार्गो से निकालने,हिन्दू समाज के सभी घरो के बाहर एक–एक दिया जलाकर प्रकाशपर्व मनाना। हिन्दू समाज के सभी अग्रिम संगठन के पदाधिकारियो से मिलजुल कर एकता भाईचारा के तहत विशाल वाहन रैली में भाग लेना। गोपी भडाणा ने बताया ग्रामीण एवं श्रद्वालुओ में भगवान देवनारायण की 1113 वीं जयन्ति मनाने के प्रति अभी से काफी हर्ष उमंग है। पार्षद जगदीश गुर्जर ने बताया कि रैली के पश्चात सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि विधायक उदयलाल भडाणा, अध्यक्षता– पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर पूर्व मंत्री धीरज गुर्जर, गुर्जर महासभा प्रदेश अध्यक्ष रामप्रसाद धाभाई, मौजूद रहेगें। बैठक में राजस्थान गुर्जर महासभा के जिलाध्यक्ष मोहनलाल सराधना, मुकेश भडाणा, पार्षद जगदीश गुर्जर, देवीलाल गुर्जर, भंवरलाल हरल, महेन्द्र पाटिल, गोपीलाल भडाणा, सम्पत गुर्जर, शंकर गुर्जर, मुकेश गुर्जर, श्रीलाल गुर्जर, चेनुलाल गुर्जर, भैरूलाल गाडरी, सुखदेव गाडरी, सहित सैकडो कार्यकर्ता आदि देवभक्त उपस्थित थे।

### 'बजट विकसित भारत के सपनों को पूरा करने वाला'

**अजमेर ।** विधायक अनिता भदेल ने केन्द्र सरकार के आए बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आज जो बजट पास हुआ है वो निश्चित रुप से विकसित भारत के साथ ही विकसित राजस्थान के सपनो को पूरा करने वाला बजट है। 12 लाख रुपए तक की आय को टैक्स मुक्त' करने का निर्णय मध्यम वर्ग और वेतनभोगी लोगों के लिए एक बड़ा कदम है। टैक्स में कटौती से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी, जिससे अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। नोकरी पैशा व्यक्तियों के लिए इस बजट में उनकी उम्मीदो को पुरा किया है लम्बे समय से टेक्स मुक्त करने की मांग चल रही थी।

### भजन संध्या आज

**सरवाड़ ।** निकटवर्ती ग्राम चण्डाली में स्थित मन्शा पूर्ण खेड़ा के देवजी के विशाल भजन संध्या आज आयोजित होगी वहीं जिसमें गायक कलाकारों द्वारा एक बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी वहीं भजन संध्या में काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे वहीं विशाल मेला आयोजित किया जाएगा जिसमें आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग बिन्दोरी लेकर पहुंचेंगे वहीं कई गांवों से रामधनी व बिंन्दीरी में श्रद्धालु नाचते–गाते हुए देवजी के पहुंचेंगे वहीं भजन मंण्डली ताजपुरा द्वारा सत्संग किया जाएगा। सवाई भोज की तर्ज पर घाट व छाछ की प्रसादी वितरण किया जाएगा। वहीं इस दौरान समाजसेवी दिनेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि इस मेले में आस पास के ग्रामीण इलाकों से लोगों का तांता लगा रहेगा इस मेले को लेकर लोगों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। वहीं हर साल की भांति इस वर्ष भी मेला धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा।

# पुस्तकालय स्थानांतरण आदेश निरस्त

**■ किशनगढ़ में ही यथावत रहेगी : पाटनी**

**मदनगंज-किशनगढ़,(निस)।** किशनगढ़ में 1956 से संचालित राजकीय सार्वजनिक जिला पुस्तकालय को केकड़ी स्थानांतरण के लिए जारी आदेश को निरस्त कर राज्य सरकार ने किशनगढ़ में ही यथावत रखने का फैसला कर आमजन भावनाओं का सम्मान किया।

तत्कालीन गहलोत सरकार ने राजकीय जिला पुस्तकालय को केकड़ी में स्थानांतरण के आदेश जारी कर दिये। केकड़ी में जिला पुस्तकालय के लिये भवन का निर्माण करा दिया। भाजपा नेता महेंद्र पाटनी ने मुखर होकर आमजन हितार्थ इसका पुरजोर विरोध कर निरंतर सरकार के समक्ष पक्ष रखा। स्थानीय व्यापारी, उद्यमी, पाठक, साहित्य विद तथा प्रतियोगी विद्यार्थियों ने घोर अन्याय के खिलाफ संघर्ष की अलख जगाकर आंदोलन शुरू कर दिया। मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर जैन, लघु उद्योग भारती अध्यक्ष उमेश गोयल ने भी जिला पुस्तकालय को यहां यथावत रखने के लिये निरंतर ज्ञापन, पत्राचार, पोस्टकार्ड अभियान चलाया। भाजपा नेता पाटनी ने सरकार बदलने के बाद मिशन को सफल बनाने के लिये विगत सात दशक से चल रही जिला पुस्तकालय को पुनः यहां लाने हेतु मजबूती के साथ सार्थक प्रयास शुरू कर दिये, जिसके चलते मुख्यमंत्री भजनलाल ने राहत भरी सौगात देते हुए विभागीय स्तर पर किशनगढ़ के लिये आदेश जारी कर दिये।

## महाप्रसादी का आनंद लेंगे हजारों भक्त

**भीलवाड़ा।** जिला यूनेस्को एसोसिएशन भीलवाड़ा के तत्वावधान में भीलवाड़ा शहर के नजदीक ईरांस स्थित देवछाया विहार कॉलोनी में यूनेस्को टेम्पल परिसर पर बसंत पंचमी महोत्सव एवं सरस्वती मंदिर का द्वितीय पाटोत्सव के 2 दिवसीय समारोह का यूनेस्को के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा ध्वजारोहण कर शुभारंभ किया गया। यूनेस्को के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने बताया कि यूनेस्को टेम्पल पर दूसरी बार आयोजित होने वाले बसंत पंचमी महोत्सव एवं द्वितीय पाटोत्सव समारोह को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। समारोह को बड़ी धूमधाम से मनाते हुए आज मां सरस्वती की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार कर फूलों से सझाया गया। इस अवसर पर जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष चेतन मानसिंहका, कार्यक्रम संयोजक ललित अठावाल, जिला उपाध्यक्ष पुष्पा सुराणा, नंदकिशोर पारीक आदि मौजूद थे।

# अजमेर के चौराहों पर लगेंगे नाइट विजन कैमरे

**■ घुसपैठियों की धरपकड़ के लिए होगी विशेष निगरानी : देवनानी**

**अजमेर ।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए हैं कि अजमेर में अच्छी पुलिसिंग के लिए सभी चौराहों पर नाइट विजन कैमरे लगाए जाएं। शहर में बांग्लादेश एवं रोहिंग्या घुसपैठियों की धरपकड़ के लिए विशेष निगरानी की जाएगी। विभिन्न स्थानों पर सत्यापन अभियान भी चलाया जाएगा। इसके साथ ही अपराधों की रोकथाम के लिए भी पुलिस गश्त एवं नफरी बढ़ाएगी।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को सर्किट हाउस में जिला पुलिस अधीक्षक वन्दिता राणा एवं अन्य पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। श्री देवनानी ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि शहर में अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों की पहचान के लिए विशेष निगरानी अभियान चलाया जाए। सभी चौराहों पर नाइट विजन कैमरे लगाए जाएं ताकि अपराधी पहचान में आ सकें। अजमेर में बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या घुसपैठियों की जानकारी लगातार सामने आती रहती है। इससे अजमेर में अपराधों की भी आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में इन अवैध घुसपैठियों की पहचान के लिए सत्यापन अभियान चलाया जाएं। दरगाह सम्पर्क सड़क, तारागढ़, अन्दरकोट, रातीडांग एवं चौरसियावास आदि क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए। देवनानी ने निर्देश दिए कि कई अवैध घुसपैठिए खानाबदोश एवं घरेलू नौकर एवं अन्य फुटकर मजदूरी आदि कांमों में लग जाते है। इनकी पहचान कर कार्यवाही की जाएं। अजमेर के कई क्षेत्रों में अवैध रूप से बिकने वाले नशे का कारोबार भी हो रहा है। कई जगह पर इस तरह की गतिविधियों की जानकारी सामने आती है। इनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएं। उन्होंने आनासागर पुलिस चौकी को भी अन्यत्रा स्थान पर शिप्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां भी पुलिस अधिकारी व सिपाहियों के पद रिक्त हैं वहां पर उन्हें भरा जाएं।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

**ब्यावर** (निसं) आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में 33वां अरुणोदय शिशु वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित, सरस्वती वंदना, गणेश वंदना – (बहन भव्या एवं दल) के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता – डॉक्टर संतोष आनंद (सह मंत्री – अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान एवं अध्यक्ष– विद्या भारती चित्तौड़ प्रांत), मुख्य अतिथि – दिनेश शर्मा (श्रमिक नेता एवं समाज सेवी) विशेष अतिथि – रमेश यादव (उद्योगपति एवं समाज सेवी), तथा गरिमामयी उपस्थिति – गोविंद कुमार (सह संगठन मंत्री – विद्या भारती राजस्थान) सुरेंद्र अरोड़ा ( मंत्री, चित्तौड़ प्रांत) मनोज कुमार टेलर (मंत्री, विद्या भारती संस्थान अजमेर), जय सिंह शेखावत( उपाध्यक्ष, विद्या भारती संस्थान अजमेर) संजय शर्मा (सचिव, विद्या भारती संस्थान, अजमेर) रमेश भराडिया (अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति), गोविंद सेन (उपाध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति) आभा माहेश्वरी (उपाध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति), हेमेंद्र दगदी (सचिव, विद्यालय प्रबंध समिति) चंद्रप्रकाश राखेचा (कोषाध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति) हर्षित पारीक (सदस्य, विद्यालय प्रबंध समिति) थे। कार्यक्रम में कक्षा अरुण से द्वितीय तक के 300 से अधिक भैया –बहिन भाग लिया। प्रधानाचार्य नवीन कुमार सैनी ने विद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। शिशु वाटिका की छोटे छोटे भैया/ बहनों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर मंत्रमुग्ध कर दिया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के सफल संचालन में कविता शर्मा (प्रधानाचार्य बालिका विभाग), ममता शर्मा (प्राथमिक प्रभारी) विक्रम सिंह (माध्यमिक प्रभारी) पूनम शर्मा (शिशु वाटिका प्रमुख), प्रीति वर्मा, शोभा कवंर, गीता शर्मा का विशिष्ट योगदान रहा।


**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार भुवनेश कुमार पुत्र श्री सत्यनारायण जोशी जाति ब्राह्मण निवासी रातीडांग अजमेर का है जिनका पुत्र कनक जोशी विगत छः माह से मेरे पक्षकार के कहने में नहीं है तथा उसका व्यवहार मेरे पक्षकार के प्रति ठीक नहीं है इस कारण मेरा पक्षकार अपने पुत्र कनक जोशी को अपनी तमाम चल व अचल सम्पति से बेदखल करता है तथा मेरे पक्षकार से कोई लेना देना व संबंध सरोकार नही रहा है और यदि किसी भी व्यक्ति के द्वारा मेरे पुत्र कनक से मेरे पक्षकार की सम्पति के बाबत अथवा अन्य कोई संव्यवहार किया या लेन देन किया जाता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

(गुमान सिंह यादव एड्वोकेट)
मो. 9413040763

**आम सूचना**

मेरी पत्नी गीता पत्नी श्रवण बैरवा निवासी गांव नयागांव (सरगांव) तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर की मृत्यु दिनांक 20 दिसम्बर 2010 को निवास स्थान पर हो गई। इनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के तहसील किशनगढ़, अजमेर में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिवस में अपनी आपत्ति तहसीलदार के समक्ष दर्ज कराये, बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रार्थी–श्रवण पुत्र बिरदा बैरवा नयागांव

**NAME CHANGE**

I, Army No 16111636Y. L/HAV - MACHUPALLI HARINADHA REDDY, Unit-ADHOC CBRN (HQ 475 ENGR BDE) C/O 56 APO, have changed my son name from MACHUPALLI JEETENDRANATH REDDY to MACHUPALLI JITENDRANATH REDDY in my army service records and all times here after all records, AFF-BW 941591. date 30 JAN 2025

**NAME CHANGE**

I, Army No 16111636Y.L/HAV - MACHUPALLI HARINADHA REDDY, Unit-ADHOC CBRN (HQ 475 ENGR BDE) C/O 56 APO, have changed my Wife name from M. ANITHA DEVI to MACHUPALLI ANITA DEVI in my army service records and all times here after all records, AFF-BW 941594.date 30 JAN 2025 Notary Nasirabad

**NAME CHANGE**

I, Army No 16111636Y.L/HAV - MACHUPALLI HARINADHA REDDY, Unit-ADHOC CBRN (HQ 475 ENGR BDE) C/O 56 APO, have changed my daughter name from M. ASMITHA REDDY to MACHUPALLI ASHMITA REDDY in my army service records and all times here after all records, AFF-BW 941593.date 30 JAN 2025 Notary Nasirabad


# सखी वन स्टॉप सेंटर व रैन बसेरे का निरीक्षण

**अजमेर ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव महेन्द्र कुमार ढ़ाबी द्वारा सखी वन स्टॉप सेन्टर जेएलएन अस्पताल स्थित रैन बसेरा एवं आजाद पार्क के समाने स्थित निःशुल्क आश्रय स्थल (रैन बसेरे) का निरीक्षण किया गया। संस्था में विधिक सहायता केन्द्र, पुलिस सहायता केन्द्र एवं पर्याप्त सुरक्षाकर्मी उपस्थित हैं। आश्रय स्थल द्वारा आपातकालीन राहत सेवाऐं, चिकित्सकीय सहायता, पुलिस सहायता, कानून सम्बन्धी सहायता, परामर्श सहायता एवं अस्थाई आवास की व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाती है। संस्था में आवासरत पीड़ित महिलाओं के लिए चिकित्सकों एवं परामर्शदाताओं की उचित व्यवस्था है। आश्रय स्थल में शौचालय, स्नानागार में साफ–सफाई संतोषप्रद पाई गई। साथ ही पीड़िताओं के दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी उपलब्ध करवाई जाती है। निरीक्षण के दौरान स्टॉप सेन्टर की अधीक्षिका दुर्गा माहिच भी उपस्थित रहीं।

उन्होंने बताया कि रैन बसेरे में मौसमानुकूल समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं, पर्याप्त मात्रा में गद्दे, चादर, तकिया, कम्बल, रजाई, पीने योग्य पानी, सफाई एवं स्वच्छता, पुरुषों एवं महिलाओं के लिए पृथक–पृथक व समुचित स्नान एवं शौच व्यवस्था, स्नान के लिए मौसमानुकूल पानी की व्यवस्था, नियमित विद्युत व्यवस्था पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा किट, समुचित अग्निरक्षण प्रणाली, 2 वर्ष से छोटे बच्चों के लिए विशेष भोजन की उपलब्धता, विशेष योग्यजनों, विमंदितों, बच्चों व वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यकतानुसार विशेष सुविधाओं की उपलब्धता, बीमार व्यक्तियों को समुचित चिकित्सा के सबंध में विस्तृत रूप से जायजा लिया। आश्रय स्थलों के संचालन में सामने आई खामियों पर उत्तरदायी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान कर खामियों को दूर करने पर विशेष जोर दिया।

## जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाहपुरा ।** एलजी सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हर महीने की 1 तारीख को होता है, इस कार्यक्रम में एलपीजी सिलेंडर व चूल्हा उपयोग करते समय सुरक्षा के बारे में जानकारी दी जाती है। जिसके तहत शनिवार 1 फरवरी को एलजी सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजन आयोजित हुआ जिसमें सुरक्षा के पंच मंत्र व गैस के बचत के उपाय बताएं गए साथ ही 5 वर्ष में सुरक्षा ट्यूब (नली) बदलने व लीकेज व वजन की जांच करने के बारे में व अनिवार्य रूप से करने के बारे में बताया गया । इस दौरान सभी स्टाफ जनो की मौजूदगी में वितरक पार्षद राजेश सोलंकी जनसेवक ने क्षेत्र में ग्राहकों को जागरूक करने का निवेदन किया।

# गरीब परिवार की बेटी को मिला न्याय

**■ संदिग्ध परिस्थितियों में रोहिडा खेड़ा निवासी ममता की मृत्यु का मुंबई में दर्ज हुआ मुकदमा**

**ब्यावर** (निसं) मुंबई मीरा भयंदर वसई विरार के पुलिस थाना वालिव में रोहिड़ा खेड़ा ब्यावर निवासी ममता पुत्री गणेश सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में 2 दिसंबर को मृत्यु होने पर पिता गणेश सिंह पुत्र लाल सिंह निवासी रोहिडा खेड़ा ब्यावर ने पुलिस स्टेशन वालिव विरार मुंबई में शिकायत दर्ज़ करवाई थी।

शादी के आठ माह उपरांत ही स्नातक शिक्षित बेटी ममता द्वारा फांसी लगा लेने की घटना से आहत होकर 18 दिसम्बर को घटना थाने पर संदिग्ध मृत्यु का लिखित परिवाद दर्ज करा कर न्याय कराने की मांग की गई। जिस पर वालीव पुलिस थाना के उपनिरीक्षक सलीम शेख ने निष्पक्ष जांच करते हुए ममता के पति सुनील सिंह, जेठानी कविता सिंह, नंनद ममता देवी, नंदोई मोती सिंह,जेठ शंकर सिंह, सासु लक्ष्मी देवी को आरोपी मानते हुए 30 जनवरी को भारतीय न्याय संहिता धारा 80, 85, 115, 351(2) 351(3), 3(5) में मुकदमा संख्या 76/25 दर्ज कर सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# मंत्री भागीरथ चौधरी ने बजट को ऐतिहासिक, राहतकारी और विकासोन्मुखी बताया

**अजमेर ।** बजट 2025–26 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने इसे ऐतिहासिक और दूरदर्शी बताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि यह बजट किसानों, ग्रामीण क्षेत्रों, मध्यम वर्ग और आम जनता के लिए अनेक महत्वपूर्ण प्रावधान लेकर आया है, जो देश की आर्थिक प्रगति को और गति देगा। सरकार ने कृषि क्षेत्र, बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण के लिए बड़े कदम उठाए हैं, जो आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूती प्रदान करेंगे।

आयकर में राहत और मध्यम वर्ग के लिए घोषणाएं – केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि इस बजट में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी गई है। अब सालाना 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई आयकर नहीं लगेगा, जिससे वेतनभोगी और स्वरोजगार करने वाले करोड़ों करदाताओं को सीधा लाभ मिलेगा। इसके अलावा, करदाताओं की सुविधा के लिए अब पिछले 4 वर्षों का आयकर रिटर्न एक साथ दाखिल किया जा सकेगा, जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की तकनीकी या प्रशासनिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है और टीडीएस की सीमा 50,000 से बढ़ाकर 1 लाख कर दी गई है, जिससे उन्हें अधिक वित्तीय सुरक्षा प्राप्त होगी। कृषि और किसान कल्याण के लिए ऐतिहासिक बजट – खेती किसानी के लिए बजट को ऐतिहासिक बताते हुए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी की बताया कि कृषि क्षेत्र को इस बजट में विशेष प्राथमिकता दी गई है। किसान क्रेडिट कार्ड के तहत ऋण सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दी गई है, जिससे किसानों को खेती के लिए सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध हो सकेगा। सरकार ने दालों और कपास के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विशेष मिशन की घोषणा की है, जिससे किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिलेगा और भारत इन उत्पादों में आत्मनिर्भर बनेगा। उच्च उपज वाली फसलों को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय कृषि मिशन शुरू किया जाएगा, जिससे खेती की उत्पादकता और किसानों की आय में वृद्धि होगी। ग्रामीण विकास और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा – केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस बजट में ग्रामीण विकास और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को भी प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के लिए अधिक बजट आवंटित किया गया है, जिससे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों को घर मिल सकें। इसके साथ ही, गरीब कल्याण अन्न योजना का विस्तार किया गया है,

## 'औद्योगिक विकास से समाज में आर्थिक उन्नित'

**भीलवाडा ।** औद्योगिक विकास से न केवल समाज में आर्थिक उन्नित होती है वरन अपराध भी कम होते है। क्योंकि उद्योग रोजगार के अवसर प्रदान करते है, व्यक्ति को अपने भरण–पोषण का सम्बल मिलता है तो वह अपराध की ओर नही जाता है। इसलिए प्रशासन भी यही चाहता है कि औद्योगिक उन्नित हो एवं अधिक से अधिक रोजगार के अवसर पैदा हो। यह बात जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने मेवाड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री की ओर से शुक्रवार सायं आयोजित सम्मान समारोह एवं आपसी सम्पर्क वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि भीलवाडा में औद्योगिक शांति के लिए हमने उचित रूप से पेट्रोलिंग व्यवस्था प्रारम्भ की है एवं इससे उद्योगों में आत्म विश्वास भी बढा है। पुलिस प्रशासन बहुत सारे कार्यो का निष्पादन पर्दे के पीछे करता है क्योंकि हमारा उद्देश्य अपराध होने के बाद कार्यवाही के बजाय अपराध को होने से ही रोकना है। उद्योगों से यह भी अपेक्षा है कि जिस तरह से उन्होंने अपने संसाधन अन्य कार्य क्षेत्रों में उदाहरण के तौर पर प्रदूषण नियंत्रण में लगाये है, उसी तरह से कुछ संसाधन अपने उद्योगों में आधुनिक सुरक्षा प्रणाली विकसित करने में भी लगाये। सीसीटीवी, जीपीएस, अलार्म जैसे आधुनिक संसाधनों को अपने उद्योगों में सुरक्षा हेतु स्थापित करे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मेवाड चैम्बर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ आर सी लोढा एवं मानद महासचिव आर के जैन ने पुष्प गुच्छ से स्वागत किया।

# निवर्तमान सरपंच बने प्रशासक, पंचायतों में कमेटियों का गठन




कलेक्टर डॉ. महेन्द्र खडगावत ने सभी समितियों की कमेटी का गठन के आदेश जारी किए है ।

**मसूदा ।** डॉ. महेंद्र खडगावत जिला कलक्टर ब्यावर ने राज्य सरकार की अधिसूचना एफ ,15 (2) प्रशांस/विधि/परा/2025/05 दिनांक 18.01.2005 द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए ग्राम पंचायत का कार्यकाल समाप्त होने की तिथि से ही निवर्तमान सरपंचों को ग्राम पंचायत का प्रशासक एवं ग्राम पंचायत के कार्य कलाप के सुचारू संचालन की दृष्टि से प्रशासक की सहायतार्थ प्रशासकीय समिति का गठन किया जाकर सभी समितियों की कमेटी का गठन कर आदेश जारी किए है । जिसके तहत ग्राम पंचायत मानपुरा के निर्वतमान सरपंच हरचंद को ग्राम पंचायत मानपुरा का प्रशासक नियुक्त किया जाकर ग्राम पंचायत के कार्य कलाप के सुचारू संचालन की दृष्टि से प्रशासक की सहायतार्थ न प्रशासकीय समिति का गठन किया गया जिसमे निवर्तमान वार्ड पंच रणजीत सिंह पृथ्वीराज, कुलदीप, पुसी, मंजू, डेमा सुखदेव, को सम्मिलित किया गया है। प्रशासक द्वारा उक्त अधिनियम व सम्बद्ध नियनो में वर्णित समस्त शक्तियी और कर्तव्यों का प्रयोग और पालना प्रशासकीय समितियो की बैठक में परामर्श उपरान्त किया जायेगा। राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 एवं राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1998 को तहत ग्राम पंचायत के खातो का संचालन व वित्तिय शक्तियो का प्रयोग प्रशासक (निर्वतमान सरपंच) एवं सम्बन्धित ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा किया जायेगा। प्रशासक एवं प्रशासकीय समिति की कार्यावधि नवनिर्वाचन के पश्चात गवित ग्राम पंचायत की प्रथम बैठक की तारिख के ठीक पूर्ववर्ती दिन तक रहेगी। जिलाधीश द्वारा कमेटियों के गठन के आदेश आज पंचायत समिति में विकास अधिकारी संदेश पराशर सरपंच संघ अध्यक्ष नरेंद्र विक्रम सिंह ने सभी सरपंचों को माल्यार्पण कर आदेश की प्रतियां सोपी ।


**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उतराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप आम सूचना

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की चन्द्रवरदाई नगर योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या ए–732 क्षेत्रफल 136.11 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री दुर्गा प्रसाद पुत्र श्री अर्जुन लाल, निवासी ए–732 चन्द्रवरदाई नगर, अजमेर की मृत्यु दिनांक 24.07.2017 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों में क्रमशः 1. श्री अभिषेक बेनीवाल 2. श्री परिवेश बेनीवाल पुत्रगण स्व. श्री दुर्गा प्रसाद बेनीवाल, निवासी ए – 732, चन्द्रवरदाई नगर, अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्रीमती कुसुम बेनीवाल पत्नी स्व. श्री दुर्गा प्रसाद निवासी ए – 732, चन्द्रवरदाई नगर, अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 29.12.2024 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डलः अजमेर**

क्रमांकः 1501 दिनांकः 31-01-2025

**जाहिर आम सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 2/9, दौराई, अजमेर योजना में श्री मूलचन्द गर्ग पुत्र श्री मांगीलाल को आवंटित कर दिनाक 11.01.1995 को मकान का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री मूलचन्द गर्ग पुत्र श्री मांगीलाल द्वारा दिनांक 30.03.1995 को उप-पंजीयक कार्यालय द्वारा पंजीयन करवा लिया गया है। श्री मूलचन्द गर्ग पुत्र श्री मांगीलाल की मृत्यु दिनांक 25.06.2014 को हो जाने के कारण उनकी पत्नि श्रीमती लीला गर्ग पत्नि स्व. श्री मूलचन्द गर्ग के पक्ष में दिनांक 25.03.2015 को मण्डल द्वारा मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण के आदेश जारी किये गये। श्रीमती लीला गर्ग पत्नि श्री मूलचन्द गर्ग द्वारा आवास का वैचान श्री फारूख खान पुत्र श्री खुर्शीद अहमद को किया गया। पुनः श्री फारूख खान पुत्र श्री खुर्शीद अहमद द्वारा आवास का वैचान श्रीमती रुब्बी खातून पत्नि श्री कयामुद्दीन को दिनांक 24.06.2024 को किया गया जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 912 में पृष्ठ संख्या 109 क्रम संख्या 202403002106774 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 3647 के पृष्ठ संख्या 338 से 349 पर दिनांक 24.06.2024 को चस्पा किया गया। अब श्रीमती रुब्बी खातून पत्नि श्री कयामुद्दीन ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती रुब्बी खातून पत्नि श्री कयामुद्दीन का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। वाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

आवासीय अभियंता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड अजमेर

# 26 लाख रुपये की अवैध स्मैक बरामद, दो तस्करों को गिरफ्तार किया

## अवैध स्मैक के साथ दो बड़े सरगनाओं को गिरफ्तार कर जूलूस निकाला

**करौली,** (निं.सं.)। करौली कोतवाली, सदर थाना एवं जिला स्पेशल टीम पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए दो स्मैक के बड़े सौदागरों को गिरफ्तार कर 79.41 ग्राम बरामद की। स्मैक की अंतरराष्ट्रीय कीमत 26 लाख रुपये बताई है। गिरफ्तार दोनों तस्करों का पुलिस ने करौली शहर के बाजारों मे होकर जूलूस निकाला जिसकी लोगों ने सराहना की।



पुलिस ने दोनों स्मैक तस्करों का करौली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर जुलूस निकाला।

करौली जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि जिला स्पेशल टीम करौली, सदर थाना पुलिस और कोतवाली थाना पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए 79.41 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मलुआ पुत्र होडीलाल निवासी आर्गरी को सदर थानाधिकारी जगदीश सागर, कांस्टेबल धवल सिंह, कंवर सिंह, अजीत, राजकुमार ने कोटरी पालमपुर जाने वाली सड़क पर सिलपुरा तिराहे के पास पहाड़ियों से भागते हुए धर दबोचा जिसके कब्जे से 44 ग्राम अवैध स्मैक जब्त कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है, जिससे वृताधिकारी रामनाथ द्वारा स्मैक खरीदने एवं बेचने के संबंध मे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया इसके अलावा तस्कर दिलीप उर्फ बच्ची मीना पुत्र चैथीलाल निवासी आर्गरी को अन्जनी माता मंदिर के पास से पकड़कर 35.41 ग्राम स्मैक जब्त कर एनडीपीएस एक्ट मे मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि आर्गरी गांव में बड़े स्तर पर स्मैक के कारोबार के संबंध में आमजन से लगातार शिकायत मिल रही थी। पुख्ता सूचना संकलन कर दोनों स्मैक तस्करों को दबोचने में सफलता हासिल कर ली है। उन्होंने बताया ये दोनों तस्कर झालावाड़, बारां जिले से स्मैक खरीद कर करौली, कैलादेवी, हिंडौन सिटी, सरमथुरा, धौलपुर के इलाकों में सप्लाई करते थे। सरगना मलुआ के विरुद्ध पूर्व में एनडीपीएस एक्ट के तहत करौली एवं सवाई माधोपुर जिले में तीन मुकदमे

- **जिला स्पेशल टीम करौली, सदर थाना पुलिस और कोतवाली थाना पुलिस ने दो कार्रवाई कर मादक पदार्थ जब्त किया और आरोपी को गिरफ्तार किया**

एवं दिलीप उर्फ बच्ची के विरुद्ध एक मुकदमा दर्ज है।

वहीं पुलिस ने सांयकाल दोनों स्मैक तस्करों को गिरफ्तार करने के बाद करौली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर जुलूस निकाला। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम, कोतवाली थाना अधिकारी सुनील कुमार, सदर थाना अधिकारी जगदीश सागर, मासलपुर थाना अधिकारी नीरज के अलावा पुलिस जवान साथ थे। वहीं तस्कर अब ना स्मैक बेचेंगे, ना अब स्मैक पियेंगे के नारे लगाते हुए चल रहे थे। काफी बरसों बाद आरोपियों के निकले जुलूस के बाद लोगों में पुलिस अधीक्षक के कार्य को सराहनीय बताते हुए आभार प्रकट किया।

## अवैध हथियारों के साथ दो युवक गिरफ्तार

**करौली,** (नि.सं.)। करौली के सपोटरा में पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई में अवैध हथियारों के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों आरोपियों से हथियारों की खरीद के संबंध में पूछताछ कर रही है।

पहली कार्रवाई में गंगापुर सिटी के ताजपुर रोड निवासी करण सैनी को मसाबता पहाड़ी के पास से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक अवैध हथकड़ 315 बोर पोना दुनाली और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। वहीं दूसरी कार्यवाही में केडीआरएस स्कूल के पीछे रहने वाले राजकुमार माली को नारोली को डांग चौकी के सामने नाकाबंदी के दौरान पकड़ा गया। उसके पास से एक देसी कट्टा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस मिला। पुलिस दोनों आरोपियों से हथियारों की खरीद-फरोख्त के संबंध में पूछताछ कर रही है।

# ट्रेलर व कार में भिड़ंत, दो युवकों की मौत



हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

**रूपनगढ़,** (निसं)। रूपनगढ़ के किशनगढ़ मार्ग पर स्थित सुरसुरा गांव की घसवा की ढाणी के पास शनिवार सायं एक ट्रेलर व इको गाड़ी में जबरदस्त टक्कर हो गई।

दुर्घटना में इको गाड़ी में सवार चालक सहित एक युवक को मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान अशोक कुमावत (25) पुत्र लाल चंद निवासी बिहारी पोल, नया शहर किशनगढ़ व सोमवीर गुर्जर (33) पुत्र रामलाल गुर्जर गुर्जर मोहल्ला, नया शहर किशनगढ़ के रूप में हुई है। सूचना पर थाना प्रभारी सत्यवान सिंह मीणा, एएसआई बनवारी लाल विश्नोई मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे और मृतकों के शव को रूपनगढ़ के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोरर्चरी में रखवाया और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से साइड में करवाया। पुलिस में मृतकों की जेब से निकले पेपर से नाम पत्ते से परिजनों को सूचना दी है। मृतकों का पोस्टमार्टम रविवार को सुबह होगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# डंपर और कार में भिड़ंत, एक युवक की मौत

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी उपखंड के लूणा की ढाणी के पास देर रात को एक डंपर ओर स्विफ्ट डिजायर गाड़ी की भिड़ंत हो गई। इस दौरान हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरे घायल की हालत गंभीर होने पर नीमकाथाना रैफर कर दिया गया। मृतक का शनिवार को राजकीय उप जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया गया।

एचसी राजेश कुमार ने बताया कि लूणा की ढाणी निवासी लालचंद गुर्जर (40) पुत्र प्रहलाद सिंह अपने साथी जगदीश गुर्जर (30) पुत्र नत्थूराम के साथ रात को खेतड़ी से गाड़ी में सवार होकर अपने घर जा रहे थे। घर पंहुचने के पहले नवनिर्मित अस्पताल के पास

- **एक गंभीर घायल को नीमकाथाना रैफर किया, घर लौटते समय हुआ हादसा**

सामने से आ रहे डंपर से गाड़ी की टक्कर हो गई।

इस दौरान हादसे में गाड़ी में सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा दोनों घायलों को उपचार के लिए राजकीय उप जिला अस्पताल में लाया गया। हादसे में दोनों की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद नीमकाथाना रैफर कर दिया। इस दौरान नीमकाथाना पहुंचने से पहले बीच रास्ते में लालचंद की मौत हो गई। वहीं दूसरे घायल जगदीश को उपचार के लिए जयपुर रैफर कर दिया। हादसे के बाद खेतड़ी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डंपर व क्षतिग्रस्त गाड़ी को सड़क से हटाकर थाने में लाया गया। पुलिस ने उप जिला अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। थानाधिकारी गोपाल लाल जांगिड़ ने बताया कि मामले की जानकारी जुटाई जा रही है, परिजनों की ओर से दी जाने वाली रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सायबर ठगी का फरार आरोपी गिरफ्तार



सायबर ठगी के आरोपी को पुलिस ने दबोचा।

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। सायबर ठगी के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके मोबाइल से 50 लाख रुपए से अधिक राशि का ट्रांजैक्शन मिला।

सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे सायबर शील्ड एंटी-वायरस अभियान के तहत बौंली थाना प्रभारी राधारमन गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 31 जनवरी की रात्रि को मुखबिर की सूचना पर करीब एक माह से फरार चल रहे सायबर ठगी के मुख्य आरोपी सिकंदर मीणा निवासी बहनोली थाना बौंली को पीपलवाड़ा कस्बे से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से ऑनलाइन ठगी में काम में लिया गया मोबाइल भी जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ 10 जनवरी 2025 को सायबर हेल्पलाइन पोर्टल 1930 की शिकायत के आधार पर सहायक उप निरीक्षक रूपसिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आरोपी सिकंदर मीणा के निवास बहनोली पर दबीच दी थी इस दौरान आरोपी पिछले दरवाजे से कूदकर फरार हो गया था। इसके बाद तलाशी के दौरान आरोपी के घर से विभिन्न बैंकों के नौ एटीएम कार्ड, बैंक डायरियां, रजिस्ट्रेशन, सर्टिफिकेट, चेकबुक, आधार कार्ड, पैनकार्ड सहित अनेक सामग्री बरामद की थी। इस मामले को लेकर बौंली पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज किया गया था। बौंली पुलिसने मात्र 20 दिन में ही आरोपी को गिरफ्तार किया।

# डकैती के मामले में तीन साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**खेतड़ी,** (निसं)। मेहाड़ा पुलिस ने वांछित अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए डकैती के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी पिछले तीन साल से बैंगलोर फरार चल रहा था।

थानाधिकारी भजनाराम ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर गंभीर मामलों में वांछित चल रहे

- **आरोपी ने वर्ष 2023 में मेहाड़ा क्षेत्र में डकैती की वारदात को अंजाम दिया था**

अपराधियों की धरपकड़ को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस डकैती के मामले में फरार चल रहे आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि डकैती के मामले में फरार चल रहा एक आरोपी कोटपूतली के पनियाला क्षेत्र में छिपा हुआ है।

आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए एसपी शरद चौधरी ने एक विशेष टीम का गठन कर आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए, जिस पर पुलिस ने पनियाला क्षेत्र में दबिश देकर गोनेड़ा जिला कोटपूतली बहरोड़ निवासी



मेहाड़ा पुलिस ने डकैती के फरार आरोपी को गिरफ्तार किया।

विकास उर्फ विक्की पुत्र किशनलाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने वर्ष 2023 में मेहाड़ा क्षेत्र में डकैती की वारदात को अंजाम दिया था, जिसके बाद वह फरार चल रहा था। आरोपी के खिलाफ न्यायालय की ओर से वारंट भी जारी कर रखा था। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी भजनाराम, कांस्टेबल देशराज, रोहिताश आदि शामिल थे।

# क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते सात बुकी गिरफ्तार

## लेपटॉप, मोबाइल, डायरियां सहित 76 लाख का हिसाब जब्त

**उदयपुर,** (कासं)। डीएसटी एवं सुखेर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए भारत व इंग्लैण्ड क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते सात बुकियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से लेपटॉप, मोबाईल फोन व हिसाब की डायरी जब्त की।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र खटीक के सुपरविजन में डीएसटी टीम प्रभारी श्यामसिंह रत्नू, सुखेर थाना अधिकारी रविन्द्रसिंह मय टीम ने भारत व इंग्लैण्ड टीम के बीच क्रिकेट पर सट्टा लगाने की सूचना पर नवरत्न काम्प्लेक्स फ्लेट पर दबीश दी।

पुलिस ने सौरभ पुत्र संतोष मित्तल निवासी बघाना नीचम एमपी पुलिस नगर पालिका, दीपक मित्तल पुत्र दुर्गा प्रसाद मित्तल बघाना नीमच एमपी पुलिस नगर पालिका, अजीज खान पुत्र अब्दुल अजीज निवासी चंदन चौक सदर निम्बाहेड़ा चित्तौड़गढ़, रितेश पुत्र रमनलाल निवासी आदित्य स्टेट महु रोड़ नीमच एमपी, लालचंद पुत्र बालमुकुन्द

- **भारत व इंग्लैण्ड क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाया जा रहा था**
- **पुलिस टीम ने क्रिकेट पर सट्टा लगाने की सूचना पर नवरत्न काम्प्लेक्स में फ्लेट पर दबीश दी**

खटीक निवासी पडदा थाना मानासा नीमच एमपी, प्रकाश पुत्र बंशीलाल अहीर निवासी अहीर मोहल्ला बघाना नीमच एमपी, असरफ खान उर्फ भैया पुत्र मो. हुसैन निवासी पुरानी नगर पालिका बघाना नीमच एमपी को गिरफ्तार कर मौके से 5 लेपटॉप, 30 मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरण करीब 76 लाख रूपये की हिसाब पर्चियां जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। आरोपी नीमच, निम्बाहेडा क्षेत्र के कुख्यात सट्टेबाज होकर शहर में किराए पर फ्लेट लेकर सट्टा कारोबार कर रहे थे।

## एक माह में 1.30 करोड़ का मादक पदार्थ बरामद

उदयपुर, (कासं)। शहर पुलिस ने जनवरी 2025 में मादक पदार्थ कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 58 प्रकरण दर्ज कर 65 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से एक करोड़ तीस लाख रूपये मूल्य का अवैध गांजा, एमडीएमए, अफीम, डोडा-चूरा, कोडिन, चरस व ब्राउन शूगर जब्त की है।

पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर द्वारा 3 जनवरी से 31 जनवरी तक अवैध मादक पदार्थ कारोबारियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षकों के सुपरविजन में थानाधिकारियों व डीएसटी की टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए करीब एक करोड़ तीस लाख रूपये मूल्य के विभिन्न मादक पदार्थ 113 किलोग्राम अवैध गांजा, 303 ग्राम एमडीएमए, 1.27 ग्राम अफीम, 275 किलोग्राम डोडा चूरा, 31 ग्राम कोडिन, 1.207 किलोग्राम चरस व 42 ग्राम ब्राउन शूगर जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। इसके अलावा मादक पदार्थो में वांछित 2, 3 वारंटी अभियुक्तों को एवं एनडीपीएस एक्ट धारा 30 में 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

# विधवा महिला नर्सिंग कर्मचारी को हाईकोर्ट से राहत

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय के जस्टिस अरूण मोंगा ने एक अहम आदेश पारित करते हुए विधवा महिला नर्सिंग कर्मचारी को राहत दी है। उसका स्थानान्तरण घर से 480 किमी दूर कर दिया गया।

याचिकाकर्ता मंजू वर्तमान में चूरू शहर में एएनएम के पद पर कार्यरत है। उसका स्थानान्तरण निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौडगढ़ कर दिया गया, जिससे व्यथित होकर याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय की शरण ली। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अभिषेक शर्मा ने पैरवी करते हुये न्यायालय को इस तथ्य से अवगत करवाया कि याचिकाकर्ता एक विधवा महिला है व उसकी एक अविवाहिता पुत्री चूरू में ही बीएड कोर्स में अध्ययनरत है और सरकार की स्थानान्तरण नीति अनुसार एकल

- **विधवा महिला नर्सिंग कर्मचारी को राहत दी है, उसका स्थानान्तरण घर से 480 किमी दूर कर दिया गया था**

महिला का स्थानान्तरण गृह जिले के बाहर नहीं किया जा सकता, लेकिन सरकार द्वारा याचिकाकर्ता का स्थानान्तरण लगभग 480 किमी दूर निम्बाहेड़ा चित्तौड़गढ़ कर दिया जो कि न केवल स्थानान्तरण नीति के अपितु सेवा नियमों के भी विरूद्ध है।

याचिकाकर्ता द्वारा इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को अपनी सामाजिक व पारिवारिक स्थिति से भी अवगत करवाया गया लेकिन इसके बावजूद स्थानान्तरण आदेश पारित कर दिया गया। न्यायाधिपति ने याचिका स्वीकार करते हुए स्थानान्तरण आदेश को याचिकाकर्ता की सीमा तक अपास्त करते हुए राज्य सरकार को यह छूट प्रदान की, कि या तो याचिकाकर्ता को उसी स्थान पर पदस्थापित रहने दिया जाएं अथवा उसी जिले में आस-पास पदस्थापित किया जाये।

# जोधपुर में दो दिवसीय ''मारवाड़ हॉर्स शो'' का शुभारम्भ

जोधपुर, (कासं)। दो दिवसीय मारवाड़ हॉर्स शो का शनिवार को ऑल इंडिया मारवाड़ी हॉर्स सोसायटी, जोधपुर व मारवाड़ी हॉर्स बुक रजिस्ट्रेशन सोसायटी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउंडेशन पोलो ग्राउंड, एयरपोर्ट रोड पर पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत के मुख्य आतिथ्य व महाराजा गजसिंह की अध्यक्षता में शुभारंभ हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि महाराजा गजसिंह के संरक्षण में हॉर्स शो का एक बेहतरीन आयोजन है, अच्छे प्रयास हैं, ऐसे आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए। मारवाड़ी अश्व नस्ल के संरक्षण के लिए ऐसे प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि घोड़ों के महत्व का इतिहास पुराना है। प्राचीन समय में युद्ध में घोड़े बहुत उपयोगी होते थे। इसके अनेक उदाहरण इतिहास में मिलते हैं। आज मशीनरी के युग में घोड़ों की तरफ रुझान कम हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ऐसे आयोजन के लिए पूरा सहयोग रहेगा। सरकार मारवाड़ी नस्ल के बचाव, संरक्षण व संवर्धन के लिए पूरा ध्यान देगी व सोसायटी को भी सहयोग करेगी। उन्होंने पूर्व नरेश



पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत व गजसिंह ने समारोह का शुभारंभ किया।

गजसिंह की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा मारवाड़ी घोड़े के संरक्षण व जल संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहे हैं, इसके लिए मुख्यमंत्री व उनकी ओर से भी बहुत-बहुत बधाई।

पूर्व नरेश गजसिंह ने इस अवसर पर कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मारवाड़ी नस्ल के घोड़ों की पहचान व गुणवत्ता को बनाए रखने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि मारवाड़ी नस्ल की पहचान को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। यह दसवां आयोजन हो रहा है। उन्होंने बताया कि मारवाड़ी घोड़े अपनी सुन्दरता, चंचलता एवं स्वामीभक्ति के कारण विश्व में प्रसिद्ध है। मारवाड़ी घोड़ों की विश्व बाजार में जबरदस्त मांग है। इस हॉर्स शो से उन्हें उचित मंच मिलता है। उन्होंने इस अवसर पर पशुपालन मंत्री जोगाराम कुमावत का आभार जताया।

सोसायटी के सचिव इन्दरजीत सिंह नाथावत ने बताया कि मारवाड़ी हॉर्स शो पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत के मुख्य आतिथ्य व पूर्व नरेश गजसिंह की अध्यक्षता में हुआ। सर्वप्रथम अश्वों के देवता रेवत महाराज

- **पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने महाराजा गजसिंह की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री व स्वयं की ओर से बधाई दी**

की पूजा की। उसके बाद ध्वजारोहण किया गया। समारोह में अश्वों के साथ मार्चपास्ट हुआ जिसमें मेहरानगढ़ बैंड, राजपरिवार के मारवाड़ स्टड के अश्व राजसूरज, राज मुकट, राजसुन्दरी, राज चन्द्रा, राज तेजस्वनी, पुष्कर फोर्ट का मस्तान, जोधपुर राज परिवार की अनेक विंटेज कारें, गैर नृत्य, सुन्दर बैण्ड, आर्मी पाईपर्स व पुलिस लाइन बैण्ड की सुमधुर धुनों के साथ शो का रंगारंग शुभारंभ हुआ। लंगा व मांगणियार कलाकारों व बीएसएफ के कलाकारों ने अपनी संगीत कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश महाराष्ट्र सहित अनेक प्रदेशों से पशुपालक अपने घोड़े - घोड़िया लेकर पहुंचे हैं। शनिवार को प्रतियोगिता में जजिंग रिंग-अदंत बछेरी में मेड़ता के रामरतन की बछेरी गौरी प्रथम, गंगानगर के जसवन्त सिंह की बछेरी अंजली द्वितीय, पंजाब के संदीप सिंह की बछेरी हिरणी तृतीय व पंजाब के सुखवीर सिंह की बछेरी मोनिका को सांत्वना स्थान मिला।

अदंत बछेरी एफएस (फाउंडेशन स्टॉक) में पंजाब के एस सुखवीर सिंह की बछेरी राधिका प्रथम, इंदौर के पवन सिंह चावड़ा की बछेरी विश्व सुंदरी द्वितीय, जालौर के अनमोल सिंह की बछेरी स्टेला तृतीय व जोधपुर के अरविंद पंवार की बछेरी काव्या को सांत्वना पुरस्कार मिला। दो दांत बछेरी जजिंग रिंग में हरियाणा के जंगा पहलवान की भारत केसरी प्रथम, पंजाब के सुखबीर सिंह की बिग बॉस द्वितीय, हरियाणा के गुरप्रीत सिंह की अनंत तृतीय व पुणे के हुनेन भाई की सिल्वर स्टार को सांत्वना पुरस्कार मिला। अदंत बछेरा प्रतियोगिता एफ एस में जितेंद्र सिंह उदयपुर का स्टार प्रथम , केसर सिंह जोधपुर का जेम्स द्वितीय, अजीत सिंह नाडेल का हिमालय तृतीय व हरप्रीत सिंह जाडेजा गुजरात के एकलोया को सांत्वना पुरस्कार मिला। इन्दरजीत सिंह नाथावत ने बताया कि इस हॉर्स शो में देश के विभिन्न प्रदेशों के स्टडबुक द्वारा रजिस्टर्ड घोड़े ही भाग ले रहे हैं।

# ट्रैफिक पुलिसकर्मी को तीन बदमाशों ने पीटा

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर के अति व्यस्त क्षेत्र में तीन बदमाशों ने एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी को मिलकर पीट दिया। पुलिसकर्मी ने उन्हें राहगीरों को तंग करने पर टोका था। तीनों बदमाशों ने एक साथ पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया। ऐसे में राहगीरों ने बीच-बचाव किया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दो को पकड़ लिया जबकि एक बदमाश वहां से भाग निकला।

मामला जोधपुर के प्रताप नगर थाना इलाके के आखलिया चौराहे का शनिवार दोपहर दो बजे का है। पुलिसकर्मी ने मामले में 3 के खिलाफ रिपोर्ट भी दी है। पुलिसकर्मी जब जान बचा कर भागा तो बदमाश उसके पीछे भागे। हालांकि, समय पर पहुंच कर थाना इलाके की पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर लिया।

एसीपी रविंद्र बोथरा ने बताया कि दोपहर को पुलिसकर्मी प्रकाश से मारपीट की जानकारी मिली थी। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि बदमाश नशे के आदी हैं। आज दोपहर 2 बजे के करीब आखलिया चौराहा पर खड़े होकर यहां से निकलने वाले राहगीरों को तंग कर रहे थे। साथ ही

- **पुलिसकर्मी ने उन्हें राहगीरों को तंग करने पर टोका था**
- **सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो वायरल हुआ**
- **पुलिस ने दो को पकड़ लिया, जबकि एक बदमाश भाग गया**

आने जाने वालों पर फब्तियां कस रहे थे। इस पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी प्रकाश ने उन्हें टोका तो उनसे उलझ गए। पुलिसकर्मी के साथ हाथापाई कर डाली और उनके साथ मारपीट भी की। ऐसे में पुलिसकर्मी ने भाग कर अपनी जान बचाई।

इधर, घटना के बाद प्रताप नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दो आरोपियों को मौके से पकड़ लिया गया जबकि एक फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

# आर.यू.एच.एस. नर्सिंग सेमेस्टर परीक्षा पेपरलीक मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

## अदालत ने आरोपियों को चार फरवरी तक पुलिस हिरासत में सौंपा


आरोपी जितेन्द्र सिंह और दीपक सिंह

■ प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि परीक्षा के प्रश्न पत्र मुख्य रूप से हस्तलिखित फॉर्मेट में प्रसारित हुए, जिनमें मल्टीपल चॉइस क्वेश्चन शामिल नहीं थे। यह प्रकरण केवल एक कॉलेज तक सीमित नहीं था, बल्कि आरयूएचएस से संबद्ध कई नर्सिंग कॉलेजों में फैला था।

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर स्थित राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (आर.यू.एच.एस.) से संबद्ध नर्सिंग कॉलेजों की आंतरिक सेमेस्टर परीक्षा के पेपर की हस्तलिखित प्रति प्रसारित होने के मामले में जयपुर साइबर थाना पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां दोनों आरोपियों को 4 फरवरी तक पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया कि राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (आरयूएचएस) से संबद्ध नर्सिंग कॉलेजों की आंतरिक सेमेस्टर परीक्षा के पेपर की हस्तलिखित प्रति प्रसारित होने के मामले में जयपुर साइबर थाना पुलिस ने आरोपी जितेन्द्र सिंह शेखावत निवासी अनुपम विहार करणी विहार और दीपक सिंह शेखावत निवासी को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार जितेन्द्र सिंह शेखावत आरयूएचएस के परीक्षा अनुभाग में सहायक रजिस्ट्रार के पीए के रूप में अनुबंधित कंप्यूटर ऑपरेटर था और उसने प्रश्न पत्रों के कुछ भाग की हस्तलिखित प्रति तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जबकि दूसरे आरोपी दीपक सिंह शेखावत ने जयपुर सिरसी रोड स्थित पिंक सिटी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था और उसने हस्तलिखित प्रश्न पत्रों को नर्सिंग कॉलेज के छात्रों तक पहुंचाया था।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि परीक्षा के प्रश्न पत्र मुख्य रूप से हस्तलिखित फॉर्मेट में प्रसारित हुए, जिनमें मल्टीपल चॉइस क्वेश्चन शामिल नहीं थे। यह प्रकरण केवल एक कॉलेज तक सीमित नहीं था, बल्कि आरयूएचएस से संबद्ध कई नर्सिंग कॉलेजों में फैला हुआ था। इस संबंध में साइबर थाना पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले की तह तक जाने के लिए विस्तृत जांच कर रही है। दो संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि कई अन्य को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## पहाड़ और नाले की जमीन से अतिक्रमण हटाए तहसीलदार

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने अलवर के थानागाजी तहसीलदार को आदेश दिए हैं कि वह सालेटा गांव के पहाड़ और नाले की जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई करे। सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश कैलाश चन्द्र शर्मा की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि तहसीलदार ने अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ बेदखली और कब्जा हटाने के आदेश जारी किए थे, लेकिन याचिका में अतिक्रमण करने वालों को पक्षकार नहीं बनाया गया है। इसके अलावा यह भी पता नहीं चलता कि तहसीलदार के अतिक्रमण हटाने के आदेश के खिलाफ किसी अतिक्रमी ने स्टे ले रखा है या नहीं। ऐसे में तहसीलदार को निर्देश जाते हैं कि यदि अतिक्रमण हटाने के खिलाफ यदि कोई स्टे है तो उसे छोडकर शेष अतिक्रमण को हटाया जाए।

जनहित याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि अलवर के थानागाजी स्थित सालेटा गांव के तीन खसरा नंबर गैर मुमकिन पहाड़ और नाले की भूमि के रूप में दर्ज है।

# आचार्यकुलम् में 12वीं के विद्यार्थियों का दीक्षारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ

## ''आचार्यकुलम्'' विश्व का एकमात्र शिक्षण संस्थान है, जहां योग-आध्यात्म से प्राप्त संस्कारों से विद्यार्थी का नित्य शिखरारोहण होता है : स्वामी रामदेव



**जयपुर** (कासं)। स्वामी रामदेव महाराज व आचार्य बालकृष्ण द्वारा स्थापित आवासीय विद्यालय आचार्यकुलम् में शनिवार को सत्र : 2024-25 की कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के दीक्षारोहण का पावन उत्सव वैदिक रीति से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर आचार्यकुलम् शिक्षण संस्थान में 13 कुण्डीय विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि स्वामी रामदेव रहे। सत्र : 2024-25 की कक्षा 12वीं के 57 बालकों व 40 बालिकाओं सहित कुल 97 विद्यार्थियों का दीक्षारोहण वैदिक रीति से संपन्न हुआ। मंत्रोच्चार के मध्य स्वामीजी ने प्रत्येक क्रियाविधि की सरल व्याख्या की तथा सभी विद्यार्थियों ने 'महाज्ञान ज्योति' से अपने दीपों को प्रज्जवलित कर दीक्षारोहण की प्रतिज्ञा ली। विद्यार्थियों ने आचार्यकुलम् से प्राप्त शिक्षा व संस्कारों को सर्वत्र प्रसारित करने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के आखिर में स्वामी रामदेव ने सभी विद्यार्थियों को प्रतीकचिह्न भेंट किए और सुमनवृष्टि कर शुभाशीष प्रदान किया।

आचार्यकुलम् प्रबंधन की उपाध्यक्षा डॉ. ऋतंभरा शास्त्री व प्राचार्या स्वाति मुंशी ने भी विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं व शुभाशीष दिए। इस मौके पर पतंजलि विश्वविद्यालय की कुलानुशासिका व डीन परमपूज्या साध्वी देवप्रिया, दीदी आशु, दीदी पारुल, विशिष्ट अतिथि डॉ. स्नेहा, पतंजलि शोध संस्थान के शोध विशेषज्ञ डॉ. अनुराग वार्ष्णेय, भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष एन. पी. सिंह, भारत स्वाभिमान व पतंजलि सोशल मीडिया के मुख्य केंद्रीय प्रभारी राकेश मित्तल, पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलानुशासक स्वामी आर्षदेव, वैदिक गुरुकुलम् के प्राचार्य स्वामी ईशदेव, पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल यादव, पतंजलि कैरियर अकादमी के प्रमुख प्रदीप तथा स्वामी अर्जुनदेव उपस्थित रहे।

# देश के चहुंमुखी विकास व खुशहाली लाने वाला है बजट : उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी

■ न्यू टैक्स रिजीम में 12 लाख तक की आय पर दी गई छूट से आम आदमी को राहत मिलेगी

■ '36 जीवन रक्षक दवाइयों को शुल्क मुक्त करने का निर्णय सराहनीय

■ पर्यटक स्थलों को राज्य सरकारों की साझेदारी से विकसित करने का फैसला पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देगा

**जयपुर** (कासं)। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने केन्द्रीय बजट को मध्यम वर्ग, महिलाओं, उद्योग, पर्यटन और चहुंमुखी विकास के लिए खुशहाली लाने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि न्यू टैक्स रिजीम में 12 लाख तक की आय पर दी गई छूट से आम आदमी को राहत मिलेगी। इसके साथ ही 36 जीवन रक्षक दवाइयों को शुल्क मुक्त करने का निर्णय, मोदी सरकार ने जनता की उम्मीदों को पूरा किया। पर्यटक स्थलों को राज्य सरकारों की साझेदारी से विकसित करने का फैसला पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देगा। नई उडान योजना से पर्यटन क्षेत्र को भरपूर प्रोत्साहन मिलेगा। सामाजिक सुरक्षा के लिहाज से बीमा में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश से प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, इससे लोगों को सस्ती और बेहतरीन बीमा सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने एमएसएमई को ''सेकंड इंजन ग्रोथ'' बताने के फैसले की सराहना करते हुए उन्होंने इसे छोटे और मध्यम उद्योगों के विकास एवं स्वरोजगार की दिशा में सकारात्मक कदम बताया। स्टार्टअप के लिए लोन गारंटी राशि दोगुनी करने का फैसला युवाओं के लिए बेहतरीन अवसर पैदा करेगा। सीनियर सिटीजन के टैक्स स्लैब में छूट दोगुनी होने से बुजुर्गों को लाभ मिलेगा। मेडिकल एजुकेशन में 75 हजार सीटें बढ़ाने, 50 हजार अटल टिंकरिंग लैब सरकारी स्कूलों में शुरू करने और भारतीय भाषा पुस्तक स्कीम लाने से शिक्षा क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। कस्टम ड्यूटी में कटौती से इलेक्ट्रिक कार और मोबाइल जैसी सुविधाएं आम आदमी की पहुंच में होंगी।

मोडिफाइड उडान स्कीम से राजस्थान के पर्यटन को नए पंख मिलेंगे, क्योंकि 120 नए क्षेत्रों में सस्ती और सुलभ हवाई सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। टॉप 50 पर्यटन स्थलों के विकास में राज्य सरकारों की साझेदारी से पर्यटन को नई उडान मिलेगी।

## बजट ऐतिहासिक, अभूतपूर्व एवं दूरदर्शी : राजेन्द्र राठौड़

**जयपुर**। विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को ऐतिहासिक, अभूतपूर्व एवं दूरदर्शी बताया।

राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत कदम है, जो गरीब, महिला, किसान और युवा समेत प्रत्येक वर्ग की जरूरतों को पूरा करेगा। विशेष रूप से नौकरीपेशा आयकरदाताओं के लिए 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय पर कोई आयकर नहीं लेने की घोषणा आम आदमी व मध्यमवर्गीय परिवार को राहत देने वाली है। इसके साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा करदाताओं को सुविधा देते हुए पिछले 4 वर्षों का आईटी रिटर्न एक साथ फाइल करने की घोषणा की गई है, जिससे समय की बचत होगी। वहीं वरिष्ठ नागरिकों के लिए टीडीएस की सीमा 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दी गई है जिससे उन्हें आर्थिक लाभ मिलेगा। राठौड़ ने कहा कि, किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 7.7 करोड़ किसानों, मछुआरों के लिए क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख की गई है। अब 5 लाख रुपए की लिमिट वाले कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड जारी किये जाएंगे। शहरी स्ट्रीट वेंडर्स के लिए पीएम स्वनिधि स्कीम के तहत 30 हजार रुपये की सीमा वाले केडिट कार्ड की सुविधा दी जायेगी। इससे रेहड़ी पटरी वालों को छोटे व्यवसाय के लिए किसी प्रकार की आर्थिक दिक्कतें नहीं होंगी।

# केन्द्रीय बजट से एनर्जी सेक्टर में होगा नई ऊर्जा का संचार : हीरालाल नागर


ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर

■ प्रदेशों को सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 0.5 प्रतिशत तक की अतिरिक्त बोरोइंग लिमिट की स्वीकृति देना सराहनीय कदम

**जयपुर**। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा प्रस्तुत आम बजट का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि बजट से देश एवं प्रदेश के गतिमान एनर्जी सेक्टर में नई ऊर्जा का संचार होगा।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार ने बजट के जरिए वितरण क्षेत्र में सुधार तथा प्रसारण क्षमता को सुदृढ़ करने की मंशा व्यक्त करते हुए राज्यों को सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 0.5 प्रतिशत तक की अतिरिक्त बोरोइंग लिमिट की स्वीकृति दी है। इससे राज्य अधिक प्रतिबद्धता के साथ बेहतर वित्तीय प्रबंधन से पावर सेक्टर रिफॉर्म्स कर पाएंगे। इससे बिजली कंपनियों की क्षमता और वित्तीय स्थिति में सुधार आएगा। अन्ततः इसका लाभ प्रदेश में करीब डेढ़ करोड़ बिजली उपभोक्ताओं को अच्छी गुणवत्ता की बिजली आपूर्ति के रूप में होगा। नागर ने कहा कि नेशनल मैन्यूफैक्चरिंग मिशन की घोषणा से सोलर पीवी सेल, ईवी बैटरियों, इलेक्ट्रोलाइजर, विंड टरबाइन, हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन उपकरण और ग्रिड स्तरीय बैटरियों के स्वदेशी विनिर्माण का ईकोसिस्टम तैयार होगा। इससे आने वाले समय में भारत विश्व में सोलर तथा नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों के निर्माण का हब बनेगा। ऊर्जा मंत्री ने न्यूक्लिर एनर्जी मिशन के माध्यम से वर्ष-2047 तक देश में 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता के विस्तार तथा इसके लिए निजी सहभागिता से कम क्षमता के मॉड्यूलर रिएक्टर की योजना, जल जीवन मिशन की अवधि वर्ष 2028 तक बढ्राने को भी प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में 12 लाख रूपए तक की आय को टैक्स से छूट प्रदान करने का लाभ आम करदाता को होगा।

## गोविंददेवजी मंदिर में सरस्वती पूजन

**जयपुर**। आराध्य देव गोविंददेव जी मंदिर में बसंत पंचमी उत्सव रविवार को मंदिर के पाटोत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि इस उपलक्ष्य में मंदिर में अनेक धार्मिक आयोजन होंगे। सुबह मंदिर कीर्तनिया एवं परिकर जन मंगल गीत एवं बधाईगान से उत्सव की शुरुआत करेंगे। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में बसंत पंचमी को मंगला झांकी सुबह 4 से 4:15 बजे तक होगी। सुबह 5 से 5:15 बजे तक ठाकुर जी का वेद मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। मावा पेड़े का भोग अर्पण किया जाएगा। इसके बाद महाआरती के दर्शन होंगे।

# जयपुर एयरपोर्ट पर 5 करोड़ के गांजे के साथ दो विदेशी युवतियां गिरफ्तार



**जयपुर**। राजस्व खुफिया निदेशालय (डी.आर.आई.) और कस्टम्स विभाग की टीम ने जयपुर एयरपोर्ट पर 6 किलो हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) के साथ दो विदेशी युवतियों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि बैंकॉक से जयपुर पहुंची फ्लाइट संख्या 130 से यह दोनों महिला यात्री आई थी। उनके पास से लगभग 6 किलो हाइड्रोपोनिक वीड (उच्च क्वालिटी का गांजा) मिला है। इन युवतियों ने यह गांजा अपने ट्रॉली बैग में छिपा रखा था। इसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग 5 करोड़ रुपये है। नशे की तस्करी से जुड़ी दोनो युवतियों को कस्टम्स ने गिरफ्तार करके शनिवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत आदेश के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया। उल्लेखनीय है कि राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई), जयपुर ने हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) की तस्करी के मामले में एक युवती और एक युवक को 10 दिन पहले भी 3.7 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया था। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब साढ़े 3 करोड़ रुपये थी।

## 12 लाख रु.तक की आय पर छूट तोहफा : बोहरा

**जयपुर**। जयपुर के पूर्व सांसद रामचरण बोहरा ने कहा कि केन्द्र सरकार का यह बजट आमजन के सपनों को साकार करने वाला है। प्रति व्यक्ति को 12 लाख रु. तक की आय पर छूट सबसे बड़ा तोहफा है। यह बजट युवा, किसान, महिला, गरीब एवं मध्यम वर्ग के सर्वांगीण विकास को समर्पित है। यह बजट देश में शिक्षा, चिकित्सा एवं आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर केंद्रित है। इस बजट से देश का आर्थिक विकास होगा यह बजट देश में निवेश को आकर्षित करने एवं घरेलू उद्योगो को बढ़ावा देने वाला है। भारत पूरे विश्व में स्टार्टअप का हब बन रहा है।

# राहुल गांधी से जुडे मानहानि प्रकरण में पूर्व कानून मंत्री स्वामी को राहत मिली

**जयपुर**। जाली नोट मामलों की विशेष अदालत ने राहुल गांधी के खिलाफ बयानबाजी के मामले में पूर्व कानून मंत्री सुब्रह्मण्यम स्वामी के खिलाफ दायर निगरानी याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने यह आदेश पूर्व कांग्रेस नेता सुशील कुमार शर्मा की निगरानी याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। निचली अदालत ने 25 जुलाई, 2019 को सुशील शर्मा का परिवाद खारिज कर दिया था। इस आदेश को निगरानी याचिका के जरिए अपीलीय अदालत में चुनौती दी गई थी।

पीठासीन अधिकारी अरुण गोदारा ने अपने आदेश में कहा कि परिवाद में कहा गया कि सुब्रमण्यम स्वामी ने राहुल गांधी को कोकीन का सेवन करने वाला बताया। इस बयान से यह साबित नहीं होता की स्वामी ने कांग्रेस के समस्त कार्यकर्ताओं को कोकीन का सेवन करने वाला बताया हो।

ऐसे में यदि इस बयान से मानहानि हुई है तो वह राहुल गांधी की हुई है। इसके अलावा यदि परिवादी को स्वामी के बयान के आधार पर किसी व्यक्ति ने कुछ कहा हो तो इसके लिए स्वामी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। वहीं जिस व्यक्ति की मानहानि हुई है, कुछ अपवादों को छोडकर उसके परिवाद पर ही प्रसंज्ञान लिया जा सकता है। इसके अलावा सीआरपीसी की धारा 196 के तहत आईपीसी की धारा 505 की उपधारा 1 का प्रसंज्ञान बिना सरकार की अनुमति के नहीं लिया जा सकता।

मामले के अनुसार सुशील शर्मा ने परिवाद दायर कर कहा था कि सुब्रमण्यम स्वामी ने राहुल गांधी को कोकीन का सेवन करने वाला बताया और इससे कई लोगों ने कांग्रेस पार्टी को कोकीन खाने वालों की पार्टी बताया। जिससे उसकी मानहानि हुई है। परिवाद को निचली अदालत ने खारिज कर दिया था। इस आदेश को अपीलीय अदालत में चुनौती दी गई थी।

## भारत के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने वाला बजट : सतीश पूनियां

**नई दिल्ली/जयपुर**। भाजपा हरियाणा प्रदेश प्रभारी व भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने दिल्ली में मीडिया से बातचीत में केन्द्र की मोदी सरकार के आम बजट 2025-2026 को भारत का उत्कृष्ट बजट बताया। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मल सीतारमण ने जो बजट पेश किया है, वह भारत के नवनिर्माण का बजट है।

डॉ. पूनियां ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा आयकर की सीमा को 12 लाख रुपये करना ऐतिहासिक है। अब एक लाख रुपये महीना तक की इनकम पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। डॉ. सतीश पूनियां ने कहा कि एमएसएमई, शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी विकास तथा तमाम क्षेत्र यहां तक की आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी व अनुसंधान के लिए भी मोदी सरकार ने विशेष प्रावधान किया है। यह बजट मध्यम वर्ग व किसानों को समर्पित तो है ही साथ ही दूरदृष्टि के नजरिए से यह भारत के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का बजट है। सरकार का यह संपूर्ण बजट है और इसमें हर क्षेत्र व सभी वर्गों के उत्थान का ध्यान रखा है। यह बजट किसान, गरीब, मध्यम वर्ग, महिला, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य से लेकर हर वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करेगा।

## देश की समृद्धि वाला बजट : मंजू शर्मा

**जयपुर**। जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने केन्द्रीय बजट को सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय की भावना के साथ देश की समृद्धि, मजबूती और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का बजट बताया है। मंजू शर्मा ने कहा कि 12 लाख की कमाई तक कोई टैक्स नहीं लगने से मध्यम वर्ग को बहुत फायदा होगा, बुजुर्गों के लिए टैक्स में छूट डबल की गई है। किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ्राकर 5 लाख करने और यूरिया फैक्ट्री लगने से किसानों को लाभ मिलेगा, युवाओं को स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ का फंड बनेगा, स्किल बढ्राने के लिए पांच राष्ट्रीय सेंटर बनाए जाएंगे।

## मध्यम वर्ग के लिए लक्ष्मी का वरदान है बजट : मदन राठौड़

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने केंद्रीय बजट 2025-26 को मध्यम वर्ग के लिए लक्ष्मी का वरदान बताया। राठौड़ ने नई दिल्ली में मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने 12 लाख तक की आय में इनकम टैकस की छूट प्रदान करते हुए देश के मध्यम वर्ग के लिए बड़ी घोषणा की। यह बजट किसान, युवा, महिला और गरीब के कल्याण एवं उत्थान के लिए मील का पत्थर साबित होगा तथा विकसित भारत के लिए बहु उपयोगी साबित होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने पिछले दस साल में बहुमुखी विकास किया है। अब अपने तीसरे कार्यकाल में विकास की नई इबारत लिखते हुए गरीब और मध्यम वर्ग की आय बढ्राने का प्रयास किया जा रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बजट में किसानों के लिए क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने का भी महत्वपूर्ण कार्य किया है। इससे देश के 7.7 करोड़ किसान वर्ग लाभान्वित होगा।

## केन्द्रीय बजट हर वर्ग-हर क्षेत्र के लिए वरदान : जोशी

**नई दिल्ली/जयपुर**। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और चित्तौडगढ़ सांसद सीपी जोशी ने केन्द्रीय बजट को विकसित भारत की संकल्पना को मजबूती देने वाला, महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण, किसान, युवा, सहित समाज के सभी वर्गों के उत्थान का सर्वस्पर्शी बजट बताया है। एक सर्वसमावेशी और सर्वस्पर्शी बजट प्रस्तुत करने के लिए सीपी जोशी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया है।

## लोगों को बेहतर जीवन देने वाला बजट : गजेन्द्र सिंह

**नई दिल्ली/जयपुर**। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बजट को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करने वाला बताया। अपनी प्रतिक्रिया में शेखावत ने कहा कि बजट में मां लक्ष्मी का आशीर्वाद है। यह भारत के युवाओं को आत्मनिर्भरता, किसानों को अधिक आय, नारी शक्ति को सम्मान व स्वाभिमान तथा विशेष रूप से मध्यम एवं निम्न आय वर्ग को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करने वाला बजट है।

शेखावत ने कहा कि पिछले दस वर्षों में दुनिया ने एक नया और सशक्त भारत देखा है। इस बजट से स्पष्ट है कि भारत वैश्विक आर्थिकी में अपनी भूमिका और भी बड़ी करने जा रहा है। 12 लाख की इनकम पर कोई इनकम टैक्स नहीं करदाताओं के लिए बड़ी राहत है। ज्ञान भारतम् मिशन भारत देश भर में पाए गए पांडुलिपियों द्वारा आयोजित अमूल्य ज्ञान और ज्ञान को संरक्षित और संरक्षित करने में सक्षम करेगा। साथ ही, देश के शीर्ष 50 पर्यटन स्थलों को राज्यों के साथ साझेदारी में चुनौती के माध्यम से विकसित किया जाएगा।

# जयपुर पुलिस ने दबोचे 58 साइबर ठग, 1.10 करोड़ रु. होल्ड करवाए

■ पुलिस को 200 करोड़ की धोखाधड़ी और लेनदेन के साक्ष्य मिले

■ जयपुर पश्चिम जिला पुलिस ने 6 थाना क्षेत्रों में दबिश दी, 11 मुकदमें भी दर्ज

■ आरोपियों के कब्जे से साइबर ठगी में काम ली जाने वाली 55 सिम कार्ड भी जब्त

**जयपुर**। पुलिस मुख्यालय की ओर से चलाए जा रहे साइबर शील्ड अभियान के तहत जयपुर जिला पश्चिम पुलिस ने दस टीमों का गठन कर करधनी, कालवाड़, हरमाड़ा, झोटवाड़ा, करणी विहार और बिंदायका में छापेमारी की। पुलिस ने 11 मामले दर्ज कर 58 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है और साथ ही तीन बाल अपचारियों को निरुद्ध किया गया है। इसके अलावा साइबर शील्ड के तहत निरोधात्मक कार्रवाई में आठ आरोपियों को 170 बीएनएस में गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि पुलिस ने दस टीमों का गठन कर करधनी, कालवाड़, हरमाड़ा, झोटवाड़ा, करणी विहार और बिंदायका में छापेमारी कर 58 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और तीन नाबालिगों को डिटेन किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान मौके से मॉनिटर, सीपीयू, कीबोर्ड माउस लैपटॉप,मोबाइल, एटीएम कार्ड, बैक पासबुक, चेक बुक, एलईडी, राउटर, स्विच, नोटबुक, नकद, सिम कार्ड, चार्जर, एचडीएमआई केबल, एचडीएमआई कनेक्टर, पावर केबल जब्त किए गए। अभी तक की जांच में लगभग 200 करोड़ के फ्रॉड के साक्ष्य मिले है। इसके अलावा कार्यवाही के दौरान 248 बैंक खाते 70 यूपीआई ब्लॉक 20 एटीएम विद अकाउंट ट्रांजैक्शन सीज कराये गये है। अब तक संदिग्ध खातों मे साइबर ठगी से प्राप्त 1 करोड़ 9 लाख 23 हजार 924 रुपये होल्ड कराये गये। साइबर फ्रॉड में काम मे ली गयी 55 फर्जी सिम ब्लॉक करवायी गयी। इस अभियान के दौरान सीईआईआर पोर्टल से 70 मोबाइल रिकवर कर पीड़ितों के लौटाए जाएंगे।

## कहानियां बच्चों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाती है : बागड़े

**जयपुर**। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि भारत ज्ञान (टेलेंट) का आरम्भ से ही खजाना रहा है। इस सम्बन्ध में कहानियां अगर बच्चों को सुनाई जाती है तो उनकी बौद्धिक क्षमता बढ़ेगी। राज्यपाल बागडे शनिवार को माहेश्वरी एजुकेशन कमेटी द्वारा आयोजित ''कहानी महोत्सव'' में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर वीरता से जुड़ी कहानियां और माताओं द्वारा सुनाई जाने वाली लोरिया सुनाते हुए कहा कि यहां कहा जाता रहा है, या तो शूरवीर जन्मे या भामाशाह जैसे वीर जन्म ले।


उन्होंने कहा कि केवल डिग्री से व्यक्ति सफल नहीं हो सकता, बौद्धिक क्षमता होना जरूरी है। यह अधिक से अधिक पढ़ने, सुनने से विकसित होती है। कहानियां ही जीवन में अच्छा करने के लिए प्रेरित करती है।

# राज्यपाल से नॉर्थ ईस्ट के विद्यार्थी प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की


राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से राजभवन में शनिवार को नॉर्थ ईस्ट में अध्ययनरत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विद्यार्थी प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि यही ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' है, जिसमें राष्ट्र के सभी प्रांत अपनी विविधता में एकता लिए सम्मिलित है। उन्होंने विकसित भारत में युवाओं की भागीदारी का आव्हान किया।

# शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 31वें दिन भी अनवरत जारी

## जिला समाप्त करने के विरोध में क्रमिक अनशन धरने पर साहू तेली समाज के सदस्य बैठे



शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में तेली समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया।

**शाहपुरा,** (निसं)। शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 31 वे दिन शनिवार को भी अनवरत जारी रहा। जिला बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर क्रमिक अनशन धरने पर साहू तेली समाज शाहपुरा के सदस्य अध्यक्ष राजू बनवाल, प्रांतीय महामंत्री सुगन बोहरा, संरक्षक आत्माराम तेली, भाजपा नेता रामेश्वर बोहरा, प्रोपर्टी व्यवसायी व पूर्व पार्षद राजेन्द्र बोहरा, रामधन तेली, जगदीश तेली, छोटू बनवाल, गणेश, भैरूलाल, नाथू बनवाल, रामप्रसाद, गोकुल तेली, मिश्रीलाल, नंदलाल तेली, भैरूलाल, लालाराम जूनीवाल, रामधन रेगा,अशोक बोहरा शांतिपूर्ण तरीके से उदयभान गेट से रैली निकालते सदर बाजार त्रिमूर्ति चौराहे होकर नारेबाजी करते हुए धरना स्थल पर पहुंचे और उपखंड अधिकारी शाहपुरा को राज्यपाल के नाम शाहपुरा को यथावत जिला बनाए रखना की मांग का ज्ञापन दिया।

साहू तेली समाज के सभी समाजजन सैकड़ों की संख्या में क्रमिक अनशन धरने पर बैठे, जिनका संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गालाल राजोरा, संयोजक रामप्रसाद जाट, महासचिव कमलेश मुंडेतिया, अनिल शर्मा, नमन ओझा, मोहम्मद शरीफ, चावंड सिंह शक्तावत, आशीष पालीवाल, संघर्ष समिति सदस्य रामेश्वर सोलंकी, सत्यनारायण पाठक, पीसीसी सदस्य संदीप जीनगर, रवि शंकर उपाध्याय, हाजी उस्मान मोहम्मद छिपा, कवि दिनेश बंटी ने माला पहनकर स्वागत किया। साहू तेली समाज के अध्यक्ष राजू बनवाल, मुख्य वक्ता आत्माराम तेली, सुगन बोहरा, रामेश्वर बोहरा, अशोक बोहरा, राजेंद्र बोहरा सहित कई वक्ताओं ने शाहपुरा को जिले का दर्जा देने की मांग की और शाहपुरा जिले को समाप्त करने का विरोध किया।

संघर्ष समिति के महासचिव एवं अभिभाषक संस्था के सहसचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि सामाजिक संगठनों का लगातार संघर्ष समिति को समर्थन मिल रहा है। मुस्लिम समाज के सोशल एजुकेशन वेलफेयर अवेयरनेस ट्रस्ट शाहपुरा के अध्यक्ष इमरान मोहम्मद एवं सचिव मोहम्मद मतीन के नेतृत्व में कई सदस्यों ने लिखित समर्थन पत्र जिला बचाओ संघर्ष समिति को देकर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं दो फरवरी को निजी शिक्षण संस्थान के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र व्यास के नेतृत्व में निजी शिक्षण संस्थान शाहपुरा के सदस्य क्रमिक अनशन धरने पर बैठेंगे।

# नाबालिग की मौत के बाद कोली समाज के लोगों में आक्रोश

## हिट-एंड-रन में 14 साल के कृष्णा की मौत का मामला



कोली समाज के लोगों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

- मांगों को लेकर अपने प्रतिष्ठान बंद रख सांगानेरी गेट पर जाम लगाया
- उचित मुआवजे के आश्वासन के बाद मामला शांत हो पाया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। हिट-एंड-रन मामले में 14 साल के कृष्णा की मौत के बाद कोली समाज के लोगों ने अपनी मांगों को लेकर अपने प्रतिष्ठान बंद रख सांगानेरी गेट पर जाम लगाया।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र में कुंवाड़ा खान के पास गत दिनों फॉर्च्यूनर कार की टक्कर से गंभीर घायल 14 वर्षीय कृष्णा कोली ने इलाज के दौरान शुक्रवार को दम तोड़ दिया था। दूसरे गंभीर घायल ललित कोली का उदयपुर महाराणा भूपाल अस्पताल में इलाज चल रहा है। इधर, कोली समाज विकास ट्रस्ट ने मृतक बालक के परिजनों को मुआवजा और घायल को आर्थिक सहायता की मांग को लेकर एमजी अस्पताल के बाहर धरना दिया था, मगर कोई सहमति नहीं बनने के कारण समाज के लोगों ने शव उठाने से इनकार कर दिया था। दूसरे दिन शनिवार को अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखने का निर्णय लेते हुए कोली समाज के लोगों ने सांगानेरी गेट पर जाम लगा दिया। सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और लोगों से समझाइश कर मामला शांत करवाने के प्रयास शुरू किए। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि जब तक हमारी मांगें नहीं मान ली जाती जब तक यह प्रदर्शन जारी रहेगा। इसी बीच प्रदर्शनकारी एक महिला के बेहोश हो जाने पर माहौल और गरमा गया। करीब दह घंटे के प्रदर्शन के बाद उचित मुआवजे के आश्वासन के बाद मामला शांत हो पाया।

## आग से लाखों का नुकसान

**अजमेर,** (कासं)। रामगंज थाना क्षेत्र के न्यू गोविंद नगर स्थित एक घर में शनिवार को आग लग गई। आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची रामगंज थाना पुलिस और फायर बिग्रेड की दमकल की गाड़ियों और फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया। आग से मकान मालिक को लाखों का नुकसान होना बताया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। रामगंज थाने के हेड कॉन्स्टेबल विजेंद्र ने बताया कि न्यू गोविंद नगर गुर्जर छात्रावास के पास पुनीत बंसल के मकान में आग लगने की सूचना मिली थी।

# महिला की हत्या का मामला : दो को उम्रकैद की सजा

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर के नौसर गांव में करीब आठ साल पुराने महिला की हत्या के मामले में शनिवार को महिला उत्पीडन कोर्ट ने महिला सहित दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 20 हजार रुपए का अर्थदंड से भी दंडित किया।

जानकारी के अनुसार मृतक महिला आपसी झगड़े में बीच बचाव करने गई थी और आरोपियों ने उसके सिर पर डंडा मार कर उसकी हत्या कर दी थी। अभियोजन पक्ष की ओर ऐ एक आर्टिकल, 19 गवाह और 28 दस्तावेज पेश किए थे। अपर लोक अभियोजक अशरफ बुलंद खान ने बताया कि करीब आठ साल पहले 21 जून 2017 को नौसर गांव मे बस स्टैंड के पास हमीदा व लक्ष्मी आपस में लड़ रही थी। इसी दौरान रेशमी बीच बचाव करने गई। इससे नाराज लक्ष्मी व उसके रिश्तेदार शाहबुद्दीन आरसीसी में काम आने वाले लकड़ी के फंटे से सिर में हमला कर दिया। घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चार दिन बाद उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। क्रिश्चयनगंज थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया। कोर्ट में सुनवाई के बाद जज ने आरोपी लक्ष्मी व शाहबुद्दीन को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

## हेड कांस्टेबल की मौत

**कोटा,** (निसं)। पुलिस लाइन में तैनात एक हेड कांस्टेबल की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल इन्द्रजीत वर्मा (56) जो तीन दिन की छुट्टी लेकर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ प्रयागराज महाकुंभ गये थे। वापस लौटते समय ट्रेन में तबीयत बिगड़ी परिजन कोटा पहुंचने पर उन्हें कोटा के निजी अस्पताल में ले गये। जवाहर नगर थानाधिकारी रामलक्ष्मण ने बताया कि पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल इन्द्रजीत की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हे कोटा के निजी अस्पताल में लेकर आये थे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# महिला ने फांसी लगाई

**कोटा,** (निसं)। नयापुरा थाना इलाके में एक महिला ने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। नयापुरा थानाधिकारी लक्ष्मीचंद ने बताया कि मृतका इस्माईल चौक निवासी दीपिका है। सीआई ने बताया कि दीपिका पिछले कुछ दिनों से अपने पीहर इस्माईल चौक नयापुरा में रह रही थी। महिला ने घर में फांसी का फंदा लगा लिया, जिसे परिजन एमबीएस अस्पताल लेकर गये जहां महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। थानाधिकारी ने बताया कि आत्महत्या के पीछे के कारण अभी सामने नहीं आये हैं। मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# प्रधान मुख्य वन संरक्षक का आदेश विधि विरूद्ध माना

- राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक के आदेश को रद्द किया
- कर्मचारियों को स्थगन आदेश पश्चात् उन्हें पुनः उसी पद पर कार्य करने का आदेश जारी किया, जहां वे स्थानान्तरण से पूर्व कार्यरत थे

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जोधपुर ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक जयपुर के एक आदेश को विधि विरूद्ध मानते हुए सभी कर्मचारियों को स्थगन आदेश पश्चात् उन्हें पुनः उसी पद पर कार्य करने का आदेश जारी किया, जहां वे स्थानान्तरण से पूर्व कार्यरत थे।

गिरिश कुमार लबाना, रायचंद राम व सुरेन्द्रसिंह शेखावत तीनों रेंजर ग्रेड द्वितीय व प्रथम पर क्रमशः जालोर, उदयपुर व बासवाड़ा में कार्यरत है। इनका स्थानान्तरण 15 जनवरी 2025 को प्रधान मुख्य वन संरक्षक जयपुर के आदेश से हुआ। इन तीनों ने अपने स्थानान्तरण आदेश को अपने अधिवक्ता प्रमेन्द्र बोहरा के माध्यम से अधिकरण के समक्ष चुनौती दी। अधिकरण ने वन विभाग को नोटिस जारी करते हुए 21 जनवरी को इन तीनों के पक्ष में स्थगन आदेश जारी किया गया। स्थगन आदेश की अनुपालना में जब इन्होंने विभाग के समक्ष अपना कार्यग्रहण प्रस्तुत किया तो जिला वन अधिकारी द्वारा इन्हें कार्यग्रहण नहीं करवाते हुए उन्हें प्रधान मुख्य वन संरक्षक के आदेश का हवाला देते हुए उन्हें जयपुर मुख्यालय पर अपनी उपस्थिति देने का आदेश प्रदान किया। इस आदेश में प्रधान मुख्य संरक्षक जयपुर ने शर्त संख्या 3 में यह अंकित किया कि किसी भी अधिकरण या उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त कर्मचारी स्थगन आदेश पश्चात् सीधा अपने पूर्ण स्थान पर जहां वह स्थानान्तरण से पूर्व कार्यरत था वहां कार्यग्रहण नहीं करेगा, बल्कि वह पहले जयपुर मुख्यालय पर अपनी उपस्थिति देगा व जयपुर से निर्देश प्राप्त होने पर अपने स्थान पर कार्यग्रहण करेगा।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक के इस आदेश को गिरिश कुमार लबाना, रायचंद राम व सुरेन्द्रसिंह शेखावत ने पुनः अधिकरण के समक्ष अधिवक्ता प्रमेन्द्र बोहरा के माध्यम से यह निवेदन करते हुए चुनौती दी कि जब अधिकरण ने स्थगन आदेश प्रदान करते समय अपने स्थगन आदेश में स्पष्ट रूप से अंकित किया कि अपीलार्थी वहीं कार्य करेगा, जहां वह स्थानान्तरण आदेश से पूर्व कार्यरत था। अतः प्रधान मुख्य वन संरक्षक का आदेश अवमानना व जिला वन अधिकारी द्वारा स्थगन आदेश के पश्चात् जयपुर मुख्यालय पर जाकर कार्यग्रहण करने का निर्देश देना मनमाना व विधि विरूद्ध व तुगलकी फरमान है। अधिकरण ने सुनवाई के बाद प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल) जयपुर के आदेश के तहत जिला वन अधिकारी द्वारा उन्हें जयपुर जाकर उपस्थिति देने को अधिकरण के आदेश के विपरित माना व विधि विरूद्ध व नैसर्गिक न्याय विरूद्ध मानते हुए कर्मचारियों को स्थानांतरण आदेश से पूर्व जहां कार्यरत थे, सीधे वहां ही जाकर कार्य ग्रहण करने का आदेश प्रदान करते हुए तीनों कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत अपील को स्वीकार किया।

## दरगाह में चार को बसंत पेश होगी

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में 4 फरवरी को वसंत पेश होगी। शाही कव्वाल असरार हुसैन की पार्टी के कव्वाल अमीर खुसरों के सूफियाना कलाम पेश करेंगे। जुलूस सुबह करीब 10 बजे दरगाह के निजाम गेट से रवाना होगा। इसमें दरगाह दीवान सैयद जैनुअल आबेदीन अली के बेटे सैयद नसरुद्दीन चिश्ती और खुद्दाम ए ख्वाजा साथ मौजूद रहेंगे। शाही कव्वाल और उनके साथी हाथों में पीले फूलों का का गुलदस्ता लिए साथ चलेंगे। शाही कव्वाल अमीर खुसरो के कलाम आज वसंत मना ले सुहागिन ख्वाजा मोइनुद्दीन के दर आती है बसंत और अन्य कलाम पेश करेंगे। जुलूस बुलंद दरवाजा शाहजहांनी गेट होते हुए अहाता ए नूर पहुंचेगा। शाही कव्वाल आस्ताना शरीफ पहुंचेंगे और गरीब नवाज की मजार शरीफ पर पीले फूलों का का गुलदस्ता पेश करेंगे। दरगाह से जुड़े खादिमों ने बताया कि हजरत निजामुद्दीन औलिया अपने भांजे तकीउद्दीन नूह का इंतकाल होने के बाद उदास रहने लगे थे। उनके चेहरे पर खुशी लाने के लिए एक दिन हजरत अमीर खुसरो ने अपने लफ्जों से सजी वसंत पेश की। तबसे सूफी संतों की दरगाह में बसंत पेश किए जाने का सिलसिला शुरू हो गया।

# कंटेनर से 15 लाख रुपए की अवैध शराब बरामद

- शराब के 254 कार्टन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सैन के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान के तहत राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर पुलिस ने एक कंटेनर से 15 लाख रुपए की अवैध शराब बरामद की है।

थानाधिकारी ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर रतनपुर बॉर्डर पर नाकेबंदी की गई। उदयपुर की ओर से आ रहे एक कंटेनर की जांच की। कंटेनर में इलेक्ट्रिक उपकरणों की आड में अवैध शराब के 254 कार्टन छिपाकर रखे गए थे। पुलिस ने हरियाणा निवासी कंटेनर ड्राइवर कुलवंत सिंह को आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया है। बिछीवाड़ा पुलिस की पिछले तीन दिनों में शराब तस्करी के खिलाफ चौथी बड़ी कार्रवाई है। इस दौरान पुलिस ने कुल 66 लाख रुपए की अवैध शराब जब्त की है और 6 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## हिस्ट्रीशीटरों के ठिकानों पर दबिश

पावटा, (निसं)। एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत प्रागपुरा थाना द्वारा गठित पुलिस की चार टीमों द्वारा कई स्थानों पर दबिश देकर अवैध गतिविधियों में लिप्त नौ अपराधियों को गिरफ्तार किया। एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली वैभव शर्मा के सुपरविजन एवं वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के निर्देशन व प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह व विराटनगर थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित चार पुलिस टीमों ने प्रागपुरा थाना क्षेत्र में निवासरत फायर आर्म्स में चालानशुदा अपराधियों सहित हिस्ट्रीशीटरों के ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस ने अमित सिंह उर्फ मीम सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी बेरी बांध, सुनील उर्फ पहलवान पुत्र सतीश निवासी प्रागपुरा, लोकेश पुत्र नरपत निवासी बड़नगर, मनोज उर्फ मनोहर पांडू पुत्र नाथूराम निवासी प्रागपुरा, ओमप्रकाश उर्फ ओमी पुत्र जयनारायण निवासी प्रागपुरा, रूपसिंह पुत्र बलबीर निवासी राजपूतों का मोहल्ला प्रागपुरा, योगेंद्रसिंह पुत्र सुंदर सिंह निवासी कारौली, सुरेश पुत्र रामजीलाल निवासी पंडितपुरा, अंकित सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी मंढा को गिरफ्तार किया।

## आठ गिरफ्तार

नारायणपुर, (निसं)। पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार को नारायणपुर पुलिस नविभिन्न मुकदमों में आठ लोगों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी ओमप्रकाश मीणा के अनुसार पुलिस ने स्थायी वारंटी रोहिताश गुर्जर, गिरफ्तारी वारंटी पवन धानका, रामिकशोर मीणा, जगमाल सिंह राजपूत और देशराज राजपूत को गिरफ्तार किया। इसके अलावा पुलिस ने लोकेश प्रजापत, राजेश गुर्जर और अक्षय सिंह धानका को भी हिरासत में लिया।

# डीएलएड की प्रैक्टिकल परीक्षाएं मार्च में

बीकानेर, (निसं)। डीएलएड द्वितीय वर्ष और डीएलएड प्रथम वर्ष प्रोन्नत परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थियों की प्रैक्टिकल परीक्षाएं मार्च में होगी। पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान बीकानेर ने प्रैक्टिकल परीक्षाओं की तिथि निर्धारित कर दी है। पंजीयक नरेंद्र कुमार सोनी ने बताया कि डीएलएड अभ्यर्थियों की प्रैक्टिकल परीक्षाएं रीट पात्रता परीक्षा के बाद 3 मार्च से 7 मार्च के बीच आयोजित की जाएगी। डीएलएड अभ्यर्थियों की सैद्धांतिक परीक्षाएं 30 जनवरी को खत्म हो चुकी है। डीएलएड में पंजीकृत अनेक अभ्यर्थियों ने रीट पात्रता परीक्षा में भी आवेदन किया है। ऐसे में रीट परीक्षा की तैयारी के लिए अभ्यर्थियों को पर्याप्त समय देने के उद्देश्य से परीक्षाएं वाली रीट परीक्षा के बाद आयोजित होगी।

# ख्वाजा फखरूद्दीन चिश्ती का उर्स शुरू



सालाना उर्स के मौके पर शनिवार को बड़ी तादाद में जायरीन दरगाह में पहुंचे।

सरवाड़, (निसं)। शहर स्थित हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती के बड़े साहबजादे हजरत ख्वाजा फखरुद्दीन चिश्ती की दरगाह के सालाना उर्स की विधिवत शुरुआत होने के साथ ही दरगाह में विभिन्न धार्मिक रस्मों की भी शुरुआत होने लगी है।

दरगाह मुतवल्ली मोहम्मद यूसुफ खान के अनुसार उर्स का मुख्य आकर्षण चांद की पांच तारीख को रहेगा इस दिन मजार शरीफ पर अंजुमन कमेटी अजमेर की ओर से चादर चढ़ाई जाएगी। चादर का जुलूस यहां गांधी चौक से प्रारम्भ होकर विभिन्न मार्ग से होते हुए दरगाह पहुंचेगा जहां मजार शरीफ पर मखमली चादर पेश कर नमाज अदा होगी। जुलूस में अजमेर दरगाह के शाही कव्वाल ख्वाजा साहब की शान में कव्वालियां पेश करेंगे। चांद की 6 तारीख को छोटे कुल की रस्म अदा की जाएगी व चांद की 9 तारीख को बड़े कुल की रस्म के साथ उर्स का समापन होगा। सालाना उर्स के मौके पर शनिवार को बड़ी तादाद में जायरीन दरगाह में पहुंचे। जायरीन की आवक से दरगाह परिसर में चहल-पहल बनने लगी है। जायरीन ने यहां दरगाह में आने के साथ ही मजार शरीफ पर फूल-चादर पेश कर परिवार की खुशहाली की दुआ की उर्स प्रारम्भ होने के साथ ही यहां दरगाह परिसर में रौनक दिखाई देने लगी है। वहीं यहां जायरीन को बेहतर सुविधाएं जुटाने के लिये नगर पालिका प्रशासन की और कवायद शुरू हो गई है।वहीं सालाना उर्स के मौके पर चकरी-झूले व साज-सजा, खिलाने सहित अन्य वस्तुओं की दुकानों से दरगाह मेला चौक व दरगाह बाजार में रौनक छाने लगी हैं।

# अपने इतिहास के गौरव में ही नहीं, बल्कि मंदिर स्थापत्य में भी अग्रणी है राजस्थान : राज्यपाल



समारोह के दौरान राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े का स्वागत सम्मान किया गया।

- राज्यपाल बागड़े का नागौर दौरा, अठियासन स्थित श्रीकुलदेवी नाहर भवानी माता मंदिर में दर्शन किए
- राज्यपाल ने नाहर भवानी माताजी ट्रस्ट और श्री अखिल भारतीय नाहर बंधु जैन महासंघ राष्ट्रीय स्नेह सम्मेलन में शिरकत की

**नागौर,** (निसं)। राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े शनिवार को श्री नाहर भवानी माता मंदिर अठियासन परिसर पहुंचे, जहां जिला कलेक्टर अरुण कुमार पुरोहित, पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस सहित अधिकारियों, मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने राज्यपाल का स्वागत किया एवं गार्ड ऑफ ऑनर दिया। राज्यपाल बागड़े ने नाहर भवानी माताजी ट्रस्ट और श्री अखिल भारतीय नाहर बंधु जैन महासंघ राष्ट्रीय स्नेह सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने मंदिर परिसर में पहुंचकर ध्वजारोहण किया। उसके पश्चात मुख्य मंदिर में नवकार मंत्र प्रार्थना में शामिल हुए। सम्मेलन स्थल पर राज्यपाल बागड़े ने द्वीप प्रज्वलन कर स्नेह सम्मेलन की शुरुआत की।

राज्यपाल बागड़े ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्थान अपने इतिहास के गौरव में ही नहीं बल्कि मंदिर स्थापत्य में भी अग्रणी है। नागौर के समीप बना गगनचुंबी माताजी मंदिर भी अपनी कला में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि मां भवानी माता की पूजा के साथ-साथ करुणा, दया, चेतना, दृष्टि जैसे गुणों का विकास होता है। संसार के संचालन के लिए भी शक्ति आवश्यक है। समाचार संचार का निर्माण और नियमन करने वाली शक्ति ऊर्जा के ही सब प्रतिमान है जो वायु, आकाश, अग्नि, जल और पृथ्वी में तथा समस्त प्राणियों में शक्ति रूप में स्थित है। जीवनदायिनी देवी शक्ति को नमस्कार है, नमस्कार है, बार-बार नमस्कार। मैं मां भवानी को श्रृद्धा भाव से नमन करता हूं।

इस दौरान राजस्थानियों की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि राजस्थान का आदमी कहां नहीं मिलता है, विश्व में हर गांव, कस्बे में राजस्थानी मिल ही जाते हैं। राजस्थान की पहचान देश ही नहीं विश्वभर में हैं। यह मंदिर राजस्थान के लिए ही नहीं बल्कि नाहर समाज के लिए नया संदेश है यह मंदिर जाति पर्यटन केंद्र बनेगा।

इससे पूर्व महासंघ के अध्यक्ष राजेश नाहर का स्वागत भाषण हुआ। उसके बाद महासंघ के महामंत्री अजय नाहर ने मंदिर की गतिविधियों एवं नाहर गोत्र पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात महासंघ के उपाध्यक्ष सुभाष नाहर ने राज्यपाल बागड़े का संक्षिप्त परिचय उपस्थित नाहर बंधुओं को दिया। कार्यक्रम में खींवसर विधायक रेवंतराम डांगा, पूर्व विधायक नागौर मोहनराम चौधरी, जिला कलेक्टर अरुण कुमार पुरोहित, पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं नाहर बंधु उपस्थित थे।



भारत ने चौथे टी-20 में इंग्लैंड को 15 रन से हराकर 5 मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है।
– हर्षित राणा

यह मेरे लिए एक ड्रीम डेब्यू है। हर्षित राणा ने 3 विकेट लिए और टीम की जीत में बड़ी भूमिका निभाई।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** **रिद्धिमान साहा**



टीम इंडिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा को ईडन गार्डन्स में पंजाब के खिलाफ रणजी मुकाबले के दूसरे दिन बंगाल की टीम ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। साहा ने पहले ही अपने रिटायरमेंट की घोषणा कर दी थी साथ ही ये भी बता दिया था कि कब वह अपना आखिरी मैच खेलेंगे। 31 जनवरी को वह आखिरी बार रणजी ट्रॉफी में अपना आखिरी घरेलू क्रिकेट मैच खेलने उतरे। रिद्धिमान साहा 31 जनवरी को अपना आखिरी फर्स्ट क्लास मैच खेलने उतरे। साहा ने करीब 20 साल चले लंबे क्रिकेट करियर को आखिरकार विराम दे दिया।

**क्या आप जानते हैं ?...** वनडे इतिहास का सबसे तेज अर्धशतक (16 गेंदों में) एबी डिविलियर्स ने बनाया है, उन्होंने 2014-15 में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी।

## राजस्थान - आंध्रा रणजी मैच (आंध्रा जीती)

**जयपुर,** । विजियनठााम में खेले जा रहे राजस्थान – आंध्रा रणजी मैच के तीसरे दिन आंध्रा 6 विकेट से जीती। राजस्थान ने अपनी दूसरी पारी में 114 रनो का स्कोर बनाया। टीम के लिए अभिजीत तोमर 31 व अजय कुकना नाबाद 30 रनो का स्कोर बनाया। आंध्रा दूसरी पारी 157/4, रिकी भुई 62, के एस भारत 43 व करण शिंदे नाबाद 35 रन। राजस्थान के गेंदबाज खलील अहमद 45/2, महिपाल 12/1 व अनिकेत चौधरी 34/1 विकेट प्राप्त किये। राजस्थान – रेलवे अंडर 23 ट्रॉफी ( पहले दिन राजस्थान के चेतन शर्मा, मुकुल चौधरी का अर्धशतक ) के एल सैनी स्टेडियम पर राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 23 ट्रॉफी के आज से हुए राजस्थान – रेलवे मैच के पहले दिन राजस्थान के चेतन शर्मा, मुकुल चौधरी की शानदार अर्धशतकीय पारी। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक पहली पारी में 8 विकेट के नुकसान पर 340 रनो का स्कोर बनाया। टीम के लिए चेतन शर्मा नाबाद 62, मुकुल चौधरी 54, आयुष अमेरिया 42, मोहित चांगरा नाबाद 45, सचिन यादव 37, सुमित गोदारा 33, अशोक शर्मा 19, करण लाम्बा 13 रनो का योगदान दिया।

## लीजेंड-90 लीग 6 फरवरी से रायपुर में शुरू होगी

**रायपुर।** लीजेंड-90 लीग की शुरुआत 6 फरवरी से होने जा रही है। ब्लॉकबस्टर टूर्नामेंट की शुरुआत छत्तीसगढ़ वॉरियर्स और दिल्ली रॉयल्स के बीच मुकाबले से होगी। भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन इस मुकाबले में शामिल होंगे। टूर्नामेंट की खास बात यह है कि इसमें 90 बॉल की एक पारी होगी। 7 टीमें हिस्सा ले रही हैं। 7 फरवरी से टूर्नामेंट में हर दिन 2 मैच खेले जाएंगे। 17 फरवरी को क्वालिफायर मैच होंगे। वहीं 18 फरवरी को फाइनल खेला जाएगा। 7 फरवरी को राजस्थान किंग्स और दुबई जायंट्स के बीच पहला मैच होगा। वहीं गुजरात सैंपआर्मी और बिग बॉयज के बीच दूसरा मैच खेला जाएगा। क्या बोले टूर्नामेंट के डायरेक्टर? कार्यक्रम के बारे में बोलते हुए लीजेंड 90 लीग के डायरेक्टर शिवेन शर्मा ने कहा, "सुरेश रैना, शिखर धवन, हरभजन सिंह जैसे खिलाड़ियों को एक बार फिर मैदान पर देखना रोमांचित करने वाला है। यह सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, बल्कि पूर्व दिग्गजों से जुड़ी उन यादों को दोबारा जिंदा करने का मंच है, जिस पर दर्शक कभी तालियां बजाया करते थे। निश्चित तौर पर यह सभी के लिए अनोखे प्रारुप वाला टूर्नामेंट होगा।" गप्टिल-रायडू भी खेलेंगे छत्तीसगढ़ वॉरियर्स के पास मार्टिन गुप्टिल, सुरेश रैना और अंबाती रायडू जैसे ताबड़तोड़ खिलाड़ी हैं, जबकि दिल्ली रॉयल्स के पास रॉस टेलर और शिखर धवन जैसा अनुभव मौजूद है। हरियाणा ग्लेडियेटर्स की कमान फिरकी के जादूगर हरभजन सिंह संभालेंगे। वहीं, वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो राजस्थान किंग्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिन अल हसन दुबई जायंट्स के लिए खेलते नजर आएंगे।

## सब्स्टीट्ययूट हर्षित को डेब्यू पर 3 विकेट

**पुणे** । पुणे में खेले गए चौथे टी-20 मैच में भारत ने इंग्लैंड को 15 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने सीरीज में 3-1 से बढ़त ले ली। शुक्रवार को हार्दिक-शिवम की फिफ्टी के चलते भारत ने इंग्लिश टीम को 182 रन का टारगेट दिया। बतौर कन्कशन सब्स्टीट्ययूट आए हर्षित राणा ने मैच पलट दिया। उन्होंने अहम मौकों पर 3 विकेट लिए, जिससे इंग्लैंड टीम 19.4 ओवर में 166 रन पर ऑलआउट हो गई। मैच में रोचक मोमेंट्स और रिकॉर्ड्स देखने को मिले। जैमी ओवर्टन की एक बॉल पर 12 रन बने। जोस बटलर ने दुबे का कैच ड्रॉप किया। साकिब महमूद ने अपने पहले ओवर में 3 विकेट लिए और कोई रन भी नहीं दिया। सीरीज में अजेय बढ़त के साथ भारत ने अपने घर में लगातार 17वीं टी-20 सीरीज जीती। भारतीय पारी के पहले ओवर में अभिषेक शर्मा ने सिक्स लगाकर अपना खाता खोला। उन्होंने ओवर की पांचवीं बॉल पर कवर्स के ऊपर से सिक्स लगा दिया। जोफ्रा आर्चर के इस ओवर में 2 बाउंड्री लगीं। अभिषेक ने ओवर की आखिरी बॉल पर चौका भी लगाया। इंग्लिश कप्तान जोस बटलर ने शिवम दुबे को शून्य के स्कोर पर जीवनदान दिया। यहां आठवां ओवर आदिल रशीद डाल रहे थे। उन्होंने ओवर को दूसरी बॉल पर सेट बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को 29 रन पर आउट किया। इसके बाद बैटिंग करने आए शिवम दुबे को रशीद ने शॉर्ट ऑफ लेंथ की बॉल फेंकी, जिसे उन्होंने कट किया। बॉल फर्स्ट स्लिप में बटलर के हाथों में गई, लेकिन वे कैच नहीं पकड़ पाए। इस ओवर की आखिरी बॉल पर दुबे ने सिक्स भी लगाया।

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान हो गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को 15 मेंबर्स स्क्वॉड का ऐलान किया। यही टीम साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ ट्राई सीरीज भी खेलेगी। यह सीरीज 8 फरवरी से शुरू होगी। टीम की कप्तानी मोहम्मद रिजवान करेंगे। फखर जमान और फहीम अशरफ की टीम में वापसी हुई है। फखर जमान नवंबर 2023 में आखिरी बार वनडे खेले थे। वहीं, फहीम ने अंतिम बार 2023 में इंटरनेशनल क्रिकेट खेला था। चोटिल सईम अयूब को टीम में जगह नहीं मिली है। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से 9 मार्च तक खेली जाएगी। पाकिस्तान टीम ग्रुप-ए में है। इसी ग्रुप में भारत, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड भी हैं।

# तेंदुलकर को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया, बुमराह और मंधाना बेस्ट क्रिकेटर

### सरफराज को बेस्ट डेब्यू, अश्विन को स्पेशल अवॉर्ड



मुंबई। बीसीसीआई ने शनिवार को खिलाड़ियों को नमन अवॉर्ड्स दिए। इस दौरान सचिन तेंदुलकर को कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। मुंबई में के हेडक्वार्टर में अवॉर्ड सेरेमनी हुई।

रविचंद्रन अश्विन को स्पेशल अवॉर्ड मिला, वहीं जसप्रीत बुमराह और स्मृति मंधाना को बेस्ट क्रिकेटर का अवॉर्ड मिला। सरफराज खान को बेस्ट मेंस डेब्यू और आशा शोभना को बेस्ट विमेंस डेब्यू का अवॉर्ड मिला।

विमेंस क्रिकेट में मंधाना बेस्ट बैटर और दीप्ति शर्मा बेस्ट बॉलर रहीं। घरेलू क्रिकेट में शशांक सिंह को बेस्ट व्हाइट बॉल ऑलराउंडर और तनुष कोटियान को बेस्ट रेड बॉल ऑलराउंडर का अवॉर्ड दिया गया।

सचिन ने कहा, इस सम्मान के लिए का धन्यवाद। बोर्ड ने हमेशा अपने प्लेयर्स को सपोर्ट किया है। 1989 में मैं 16 साल का था, आज अश्विन ने मुझे सर सचिन कहा तो मुझे अपनी उम्र का एहसास हुआ। शुरुआती मैच में कपिल पाजी ने मुझे लेट नहीं होने के लिए कहा था। तब से मैं अपनी घड़ी को 7-8 मिनट आगे कर के रखता हूं, ताकि कहीं भी लेट न जाऊं। उनका लेसन हमेशा याद रहेगा। 2 साल तक मैंने बगैर बैट स्पॉन्सर के काम क्रिकेट खेला, क्योंकि तब तम्बाकू कंपनियां स्पॉन्सरशिप ऑफर कर रही थीं। तब पापा ने कहा था कि भले ही बिना कॉन्ट्रैक्ट के खेलो, लेकिन खराब कंपनियों को अपने साथ न जोड़ो। तब से मैंने किसी भी तम्बाकू कंपनी की स्पॉन्सरशिप नहीं ली। अपनी सारी खुशियों को अपने पिता और अपने परिवार के साथ शेयर जरूर किया है।

## राष्ट्रीय खेलो में वुशू खेल में जीते 4 स्वर्ण, 1 रजत व 6 कांस्य पदक



**जयपुर।** 38वे राष्ट्रीय खेलों में राजस्थान वूशु टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण, 1 रजत व 6 कांस्य पदक जीत राजस्थान प्रदेश का मान बढ़ाया। हीरानन्द कटारिया अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि वुशू खेल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुये कुल 11 पदक जीते जिसमे शुभम गोरा ने 75 किलो भारवर्ग मे स्वर्ण पदक, निकिता बंसल 65 किलों भारवर्ग मे स्वर्ण पदक, महक शर्मा 75 किलो भारवर्ग मे स्वर्ण पदक, नीलम चौधरी ने ननगुन इवेंट में स्वर्ण पदक स्वर्ण पदक तथा मेघा जोशी ने 48 किलो भारवर्ग मे रजत पदक व देवराज सिंह 48 किलो भारवर्ग कांस्य पदक, विकास यादव 80 किलो भारवर्ग मे कांस्य पदक, ईशा गुर्जर 60 किलो 60 किलो भारवर्ग वर्ग में कांस्य पदक, मंजू चौधरी 75 किलो भारवर्ग मे कांस्य पदक, आनंद सैनी नानदाऊ में कांस्य पदक, भानु प्रताप पारीक ने क्वांगशु में कांस्य पदक जीता। सभी पदक विजेता खिलाड़ियों व ऑफिसियल अशोक गौतम, मंजीत कुमार, शंकर सिंह, ललित कुमार को राजेश कुमार टेलर भारतीय वुशू कोच ने बधाई दी।

### विराट के मैच में दूसरी बार मैदान में घुसे फैंस

# सिक्योरिटी तोड़कर 3 लोग कोहली की ओर दौड़े, 30 जनवरी को भी हुई घटना

नई दिल्ली । रणजी ट्रॉफी 2024-25 के आखिरी राउंड का आज तीसरा दिन है। इस राउंड का सबसे चर्चित दिल्ली और रेलवे के बीच मुकाबला रहा। इस मैच से विराट कोहली ने 12 साल के बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी की। कोहली दिल्ली के लिए खेल रहे हैं।

शनिवार को मुकाबले के तीसरे दिन के पहले सेशन के दौरान 3 फैंस सुरक्षा घेरा तोड़कर कोहली से मिलने मैदान में घुस गए। दिल्ली इस समय दूसरी पारी में फील्डिंग कर रही थी। पारी के 18वें ओवर में तभी अचानक गौतम गंभीर स्टैंड से 3 फैंस विराट कोहली की तरफ दौड़े और एक ने उनके पैर भी छुए । इसके बाद तुरंत सिक्योरिटी ने उन्हें पकड़ा और मैदान से बाहर कर दिया। दो बच्चे थे और एक की उम्र 18 साल से ज्यादा रही होगी। इससे पहले, 30 जनवरी को मुकाबले के पहले दिन भी एक फैन घुस आया था और विराट को पैर छुए थे। विराट ने मैच में 6 रन बनाए कोहली शुक्रवार को मुकाबले के दूसरे दिन दिल्ली की पहली पारी में 15 गेंद में 6 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें रेलवे के हिमांशु सांगवान ने बोल्ड कर दिया। कोहली ने पारी की डिफेंसिव शुरुआत की। उन्होंने 5वीं गेंद को कवर की ओर धकेलकर अपना पहला रन बनाया। विराट ने हिमांशु की बॉल पर स्ट्रेट ड्राइव पर चौका जमाया। फिर अगली ही बॉल पर क्लीन बोल्ड हो गए।

### अलवर में नौ फरवरी को 21 किलोमीटर की होगी हाफ मैराथन

**अलवर** । राजस्थान के अलवर में सांसद खेल उत्सव के तहत आगामी नौ फरवरी को जिला मुख्यालय पर 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन होगी। इसके अलावा 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर की मैराथन भी होगी। वहीं 2 किलोमीटर की पैरा मैराथन कराई जाएगी। जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला ने आज यहां बताया कि इस हाफ मैराथन में देश-विदेश से 10 हजार से अधिक एथलीट के आने की संभावना है, जिसकी तैयारी शुरू कर दी है।


## श्रीलंका टीम गॉल टेस्ट पारी और 242 रन से हारी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में श्रीलंका को पारी और 242 रन से हरा दिया। कंगारू टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। दूसरा टेस्ट गॉल में ही 6 फरवरी से खेला जाएगा।

शनिवार को मुकाबले के चौथे दिन पहले सेशन में श्रीलंका की टीम पहली पारी में 165 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ने 654/6 के स्कोर पर अपनी पहली पारी डिक्लेयर की थी। इस तरह श्रीलंका 489 रन से पीछे रहते हुए फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर हो गई। टीम फिर दूसरी पारी में 247 रन बनाकर सिमट गई। चौथे दिन श्रीलंका के 15 विकेट गिरे चौथे दिन श्रीलंका ने 136/5 के स्कोर से अपनी पहली पारी आगे बढ़ाई। दिनेश चांदीमल ने 63 और कुसल मेंडिस ने 10 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम 165 रन बनाकर ही ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया से मैथ्यू कुह्नेमन ने 5 विकेट लिए। नाथन लायन को 3 और मिचेल स्टार्क को 2 विकेट मिले। दूसरी पारी में 55 ओवर भी नहीं टिक सके चौथे दिन ही श्रीलंका ने अपनी दूसरी पारी भी शुरू कर दी। टीम 54.3 ओवर खेलकर 247 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। मिडिल ऑर्डर में 5 बैटर्स को अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन कोई भी बैटर बड़ी पारी नहीं खेल सका।

# 51वीं राज्य स्तरीय शर्मा-माथुर क्रिकेट प्रतियोगिता

### यश पान्डे की घातक गेंदवाजी से बनीपार्क की आसान जीत



**जयपुर।** बनीपार्क क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 51वीं राज्य स्तरीय शर्मा-माथुर क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज अरावली क्रिकेट ठााउण्ड हाथोज में खेले गये मैच में अव्यांश सिंह 101 रन नाबाद (107 गेंद, 11 चौके 1 छक्का) की शतकीय पारी की मदद से इलेवन स्टार क्लब को मोहित भगतानी 60 रन व 29 रन पर 3 विकेट के ऑल राउण्ड प्रदर्शन के बावजूद 4 विकेट से हराकर अगले राउण्ड में प्रवेश किया।

टॉस जीतकर इलेवन स्टार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मोहित भगतानी 60 रन (58 गेंद, 4 चौके 2 छक्के) गर्वित जैन 43 रन, मनन सिंह 41 रन, हर्ष सैनी 34 रन की मदद से निर्धारित 40 ओवर में 7 विकेट खोकर 245 रन बनाये। अरावली क्रिकेट क्लब की ओर से दानिश भांबू 46 रन पर 3 विकेट, हर्ष कुमार मीणा 40 रन पर 2 विकेट तथा विशाल गोदारा व भूमिक पंवार प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहें। जवाबी पारी में अरावली क्लब के ओपनर प्रशांत माली 56 रन (48 रन, 7 चौके 3 छक्के), अव्यांश सिंह 101 रन नाबाद (107 गेंद, 11 चौके 1 छक्का) ने मिलकर पहले विकेट पर 95 रनों की साझेदारी निभाकर शानदार शुरूआत की।

लेकिन इलेवन स्टार के गेंदबाजों मोहित भगतानी 29 रन पर 3 विकेट, आभास श्रीमाली 52 रन पर 2 विकेट व गर्वित जैन 45 रन पर 1 विकेट ने अरावली के बल्लेबाजों को रोकने का भरसक प्रयास किया लेकिन मध्य क्रम में हर्ष कुमार मीणा 35 रन, विशाल गोदारा 21 रन और राहुल फौजदार 14 रन ने अव्यांश सिंह 101 रन नाबाद के साथ मिलकर 246 रन 6 विकेट खोकर 38 ओवर में हासिल कर 4 विकेट से जीत दर्ज कर ली। मैन ऑफ द मैच अव्यांश सिंह 101 रन नाबाद अरावली क्रिकेट क्लब रहें।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने इंग्लैंड को पारी और 122 रनों से हराया

**मेलबर्न** । अलाना किंग कुल (नौ विकेट), ऐनाबेल सदरलैंड (163) और बेथ मूनी (106) रन के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने एकमात्र टेस्ट मैच के तीसरे दिन आज इंग्लैंड को पारी और 122 रनों से हरा दिया। टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को ऑस्ट्रेलिया ने कल के पांच विकेट पर 422 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सोफी एकल्स्टन ने तालिया मैक्ठाा (12) को आउट कर इंग्लैंड को छठी सफलता दिलाई।

इसके बाद किम गार्थ (शून्य), अलाना किंग (तीन) रन बनाकर आउट हुई। लॉरेन फाइलर ने बेथ मूनी को बोल्ड आउट कर ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका दिया। बेथ मूनी ने सात चौकों की मदद से (106) रनों की पारी खेली। सोफी एकल्सटन ने एलिस पेरी (दो) को आउटकर 440 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलियाई पारी का अंत कर दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया को इंग्लैंड की पारी के आधार पर 270 रनों बढ़त मिल गई। इंग्लैंड की ओर से सोफी एकल्सटन ने पांच विकेट लिये।

लॉरेन बेल और लॉरेन फाइलर को दो-दो विकेट मिले। रायना मैकडॉनल्ड-गे ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही और उसने मैया बाउचियर (एक) के रूप में अपना पहला विकेट गवां दिया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी कप्तान हीथर नाइट ने टैमी बोमॉन्ट के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। एश्ली गार्डनर ने हीथर नाइट (32) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। नेट सायबर ब्रंट (18) रन बनाकर आउट हुई। उन्हें अलाना किंग ने पगबाधा आउट किया। सोफिया डंकली (चार), डेनिएल वायट (दो) और एमी जोंस (छह) रन बनाकर आउट हुई। टैमी बोमॉन्ट (47) रन बनाकर आउट हुई उन्हें अलाना किंग ने बोल्ड आउट किया।

रायना मैकडॉनल्ड-गे (एक), सोफी एकल्सटन (18) रन बनाकर आउट हुई। 69वें ओवर में अलाना किंग ने लॉरेन फाइलर (14) को आउट कर इंग्लैंड की दूसरी पारी का 148 के स्कोर पर अंत कर दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए 163 रनों की पारी खेलने वाली ऐनाबेल सदरलैंड को 'प्लेयर ऑफ द मैच' से तथा अलाना किंग को गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया।

## जयपुर पोलो सीजन 2025, राजस्थान टूरिज्म पोलो कप ( 06 गोल )

### अभिमन्यु पाठक ने तिकडी सहित और ध्रुवपाल गोदारा 6 गोल किये





**जयपुर।** जयपुर पोलो सीजन 2025, राजस्थान टूरिज्म पोलो कप (06 गोल) में आज दो मैच खेले गए। जिनमे एक मैच कैवेलरी ग्राउंड पर और एक मैच रामबाग पोलो ठााउंड पर खेला गया। कैवेलरी ग्राउंड पर पहला मैच डायनामिक्स अचीवर्स बनाम आर्मी रेड के बीच खेला गया जिनमे डायनामिक्स अचीवर्स ने आर्मी रेड को 8-2.5 से हराया। आर्मी रेड ढ्राई गोल का एडवांटेज लिए हुए खेल रही थी। आर्मी रेड की ओर से रविन्द्र मांग और मृत्यंजय, लेफ्टिनेंट कर्नल विशाल चौहान कोई गोल नही कर पाए। डायनामिक्स अचीवर्स की ओर से अभिमन्यु पाठक ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन दिखाते हुए आज फिर तिकडी सहित 6 गोल कर टीम को जीताया। डेनियल ने 2 गोल किये। दूसरा मैच बेंगलोर ठोज बनाम डेल्टा पोलो के बीच रामबाग पोलो ठााउंड पर खेला गया जिसमें बेंगलोर ठोज को डेल्टा पोलो ने 7-3.5 से पराजित किया। डेल्टा पोलो की ओर से ध्रुवपाल गोदारा ने 6 ओर सेंटिआगो मोरामबीओ ने 1 गोल कर अपनी टीम की जीत निश्चित की। बेंगलोर ठोज आधे गोल का एडवांटेज लिए हुए खेल रही थी। बेंगलोर ठोज की ओर से शमशीर अली 1 और नवीन सिंह ने भी 2 गोल किये।

# राजस्थान यूनाइटेड एफसी ने फातोर्डा स्टेडियम में डेम्पो एफसी को 4-0 से हराया



**गोवा।** राजस्थान यूनाइटेड एफसी (आरयूएफसी) ने अपने नवीनतम आई-लीग मुकाबले में फातोर्डा स्टेडियम में डेम्पो एफसी को 4-0 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। मेहमान टीम ने चार बेहतरीन गोल दागकर मैच पर पूरी तरह से नियंत्रण बनाए रखा। गेरार्ड आर्टिगास के गोल के अलावा लुकास, नोआबा मेतेई और एलेन ओयारज़ुन ने भी गोल किए, जिससे टीम को शानदार जीत मिली।

मैच की शुरुआत रोमांचक रही, दोनों टीमें आक्रमण करने के इरादे से उतरीं। हालांकि, आरयूएफसी ने पहला गोल करके बढ़त बनाई। आर्टिगास ने बॉक्स में शानदार पास दिया, जिसे उन्होंने बड़ी चतुराई से डेम्पो के गोलकीपर को छकाते हुए गोल में बदल दिया। हाफ टाइम तक आरयूएफसी 1-0 से आगे था।

ब्रेक के बाद, आरयूएफसी और भी अधिक आक्रामक होकर उतरा, और गोलों की झड़ी लग गई। लुकास ने एक बेहतरीन टीम मूव को फिनिश करते हुए शानदार गोल कर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। डेम्पो एफसी मेहमान टीम के हमलों को रोकने के लिए संघर्ष कर रही थी, तभी नोआबा मेतेई ने बॉक्स में एक लूज बॉल को लपक कर गोल किया और डेम्पो की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। आखिरी कील एलेन ओयारज़ुन ने आरयूएफसी का चौथा गोल किया और दूसरे हाफ में टीम के दबदबे वाले प्रदर्शन को और पुख्ता किया। उनके बॉक्स के बाहर से लगाए गए पावरफुल शॉट का डेम्पो के गोलकीपर के पास कोई जवाब नहीं था, जिससे राजस्थान यूनाइटेड एफसी की 4-0 से शानदार जीत सुनिश्चित हुई। आरयूएफसी का डिफेंस पूरे मैच में मजबूत रहा, गोलकीपर मल्ला ने क्लीन शीट बरकरार रखने के लिए कुछ अहम बचाव किए, जबकि मिडफील्ड तिकड़ी ने टेम्पो को नियंत्रित किया और सटीकता से बॉल डिस्ट्रीब्यूट की। इस शानदार 4-0 की जीत के साथ, राजस्थान यूनाइटेड एफसी आई-लीग स्टैंडिंग में ऊपर आ गया है, और इस सीज़न में खुद को खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में स्थापित कर लिया है।

## दिल्ली ने रेलवे को पारी और 19 रनों से हराया

**नयी दिल्ली** । कप्तान आयुष बडोनी (99) और सुमित माथुर (86) शानदार पारियों के बाद शिवम शर्मा (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर दिल्ली ने शनिवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले के तीसरे दिन रेलवे को पारी और 19 रन से हरा दिया है। दिल्ली ने आज सात विकेट पर 334 रनों से आगे खेलना शुरु किया। रेलवे के गेंदबाजों ने आज दिल्ली की पारी को 374 स्कोर पर रोक दिया। दिन का पहला विकेट सिद्धांत शर्मा (18) के रूप में गिरा। सुमित माथुर (86) को हिमांशु सांगवान ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद सांगवान ने मनी ठोवाल (शून्य) को आउट कर दिल्ली की पारी का अंत कर दिया। इसी के साथ दिल्ली को 133 रनों की बढ़त मिल गई।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली में रिठाला विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी कुलवंत राणा तथा मोतीनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी हरीश खुराना के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया और जनता से संपर्क किया।*

# 'ईआरसीपी और यमुना जल योजना पर चुप्पी, राजस्थान की जनता के साथ धोखा है'

## कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने केन्द्रीय बजट को राजस्थान के लिए निराशाजनक बताया

जयपुर, 1 फरवरी। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने केन्द्र सरकार द्वारा आज संसद में प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए, इसे राजनीति से प्रेरित, किसानों की अनदेखी करने वाला, अदूरदर्शी बजट बताया है।

उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ने बजट में यह नहीं बताया कि पिछले वर्षो के बजट्स में किसानों की आय दोगुनी करने, मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने, रोजगार सृजन जैसी घोषणाओं पर क्या प्रगति हुई। उन्होंने कहा कि सत्ता में बने रहने के लिए सहयोगी दलों पर निरंतर निर्भरता इस बजट में साफ देखने को मिलती है। केन्द्रीय बजट में इस प्रकार पूर्णतः राजनीतिक प्रभाव परिलक्षित होना चिंतनीय है।

■ **पायलट ने कहा, केन्द्रीय बजट में प्रदेश का जिक्र तक नहीं किया गया है। इससे स्पष्ट है कि राज्य सरकार, केन्द्र सरकार से प्रदेश के लिए नई योजना लाने में विफल रही है।**

पायलट ने कहा कि बजट में किसानों की भी स्पष्ट रूप से अनदेखी की गई है। देश के किसान एम.एस.पी. पर कानून बनाने की मांग को लेकर पिछले लम्बे समय से आन्दोलनरत हैं। बजट में किसानों की इस मांग को पूर्णतः अनदेखा किया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड की न्यूनतम सीमा बढ़ाने से किसानों को कोई विशेष लाभ नहीं होगा, यह लघु अवधि का ऋण मात्र है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए मनरेगा में पिछले वर्ष के बजट 86 हजार करोड़ रूपये में कोई वृद्धि नहीं किया जाना निराशाजनक है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान के संदर्भ में भी बजट पूर्णतः निराशाजनक रहा है। ईआरसीपी और यमुना जल योजना को लेकर कोई आश्वासन या घोषणा बजट में नहीं किया जाना प्रदेश की जनता के साथ छलावा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रेल यातायात को और मजबूत करने के लिए नई रेल लाइन स्वीकृत करने तथा पिछली स्वीकृत रेल परियोजनाओं पर काम शुरू करने के संबंध में कोई उल्लेख नहीं किया जाना राजस्थान की जनता के प्रति केन्द्र सरकार की अनदेखी को दर्शाता है। केन्द्रीय बजट में प्रदेश का जिक्र तक नहीं होना प्रदेश सरकार की विफलता को भी इंगित करता है कि राज्य सरकार राजस्थान के लिए केन्द्र से कोई नई योजना लाने में असफल रही।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने देश को कर्ज में डुबोकर आर्थिक ढांचे को कमजोर करने का काम किया है। बजट में सरकार द्वारा अगले वर्ष 12.76 लाख करोड़ रूपये से कर्ज के ब्याज का भुगतान करना बताया गया है, जबकि इसके विपरीत पूंजीगत व्यय 11.24 लाख करोड़ रूपये बताया गया है जो कि सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन को दर्शाता है।

# 'बसंत के मौसम में कमल खिलेगा दिल्ली में'

## राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली में भाजपा प्रत्याशी कुलवंत राणा और हरीश खुराना के लिए सभा की

दिल्ली/जयपुर, 1 फरवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि दिल्ली देश का दिल है, लेकिन विकास के मामले में यहां के हालात "दिए तले अंधेरा" जैसे हो रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने अपने 10 साल के कुशासन में भारी भ्रष्टाचार कर दिल्ली की जनता को ठगने और लूटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली की जनता उनके बहकावे में नहीं आएगी और इस बसंत में दिल्ली में विकास का कमल खिलायेगी।

शर्मा ने शनिवार को रिठाला विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी कुलवंत राणा तथा मोतीनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी हरीश खुराना के समर्थन में आयोजित विभिन्न जनसभाओं को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने रिठाला विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में कहा कि ईमानदारी का दिखावा करने वाले आम आदमी पार्टी के लोग सत्ता में आते ही भ्रष्टाचार में आकंठ डूब गए। उन्होंने जल बोर्ड में 28 हजार करोड़ रुपए का घोटाला, 5 हजार 400 करोड़ रुपए का राशन घोटाला, 4 हजार 500 करोड़ रुपए का डीटीसी बस घोटाला, 1 हजार 300 करोड़ रुपए का क्लासरूम घोटाला, 500 करोड़ रुपए का बसों के पैनिक बटन का घोटाला कर दिल्ली की जनता की खून-पसीने की कमाई को लूटा। पैरों में चप्पल पहनने तथा मारूति में चलकर सादगी का ढोंग करने वाले केजरीवाल ने 52 करोड़ रुपए से अपने लिए शीशमहल बनाया।

■ **मुख्यमंत्री ने मोती नगर में हरीश खुराना के समर्थन में हुई सभा में कहा, हम बाज़ार से मटकी भी लेते हैं तो ठोक बजाकर लेते हैं तो 5 साल के लिए सरकार चुनने में भी विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।**

■ **रिठाला सीट के प्रत्याशी कुलवंत राणा के लिए आयोजित सभा में आप पर तीखे आरोप लगाए और कहा, ईमानदारी का दिखावा करने वाले सत्ता में आते ही भ्रष्टाचार में डूब गए।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि दिल्ली के पड़ोसी राज्यों- राजस्थान, हरियाणा, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकारें समर्पित भाव से जनहित के कार्य कर रही है। राजस्थान में हमारी सरकार बने हुए एक वर्ष से कुछ ही अधिक समय हुआ है, मगर हमारे संकल्प पत्र के 50 से 55 फीसदी तक वादे पूरे हो चुके हैं।

मोती नगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित दो अलग-अलग जनसभाओं में शर्मा ने कहा कि देश और दुनिया में रह रहे हमारे मारवाड़ी भाई-बहनों ने अपनी मेहनत, लगन और समर्पण से राजस्थान का नाम रोशन किया है। ये जहां भी जाते हैं, अपनी मृदु वाणी और व्यवहार से एक विशेष पहचान बनाते हैं और वहां की सामाजिक आर्थिक संस्कृति में घुल-मिल जाते हैं। शर्मा ने कहा कि हमारे मारवाड़ी भाई-बहनों में राष्ट्रवाद की भावना कूट-कूट कर भरी होती है। अब दिल्ली का मारवाड़ी समाज राष्ट्रवादी भारतीय जनता पार्टी का साथ देकर यहां से भ्रष्ट और झूठी आपदा सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए हमारे साथ आ खड़ा हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में केजरीवाल एंड पार्टी ने दिल्ली के लोगों से केवल थोथे और झूठे वादे किए और कांग्रेस ने भी 70 साल तक केवल घोषणाएं ही कीं और धरातल पर काम नहीं किया, मगर इस मामले में अरविन्द केजरीवाल कांग्रेस से भी ज्यादा झूठे निकले। बड़े आत्मविश्वास के साथ झूठ बोलते हुए उन्हें झिझक महसूस नहीं होती।

शर्मा ने कहा कि हम बाजार से मटकी खरीदकर लाते हैं तो उसे भी ठोक-बजाकर परखते हैं। 5 साल के लिए सरकार चुनते समय भी हमें अपने विवेक के साथ सोच समझकर योग्य जनप्रतिनिधि का चुनाव करना चाहिए। उन्होंने लोगों से आ ान किया कि 5 फरवरी को कमल के निशान पर बटन दबाकर दिल्ली को एक नया भविष्य दें।

## महाराष्ट्र में जीबीएस संक्रमण से अब तक 5 की मौत

मुंबई, 1 फरवरी। गुलियन बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) महाराष्ट्र में तेजी से बढ़ रहा है। इसकी वजह से महाराष्ट्र में मौतों का आंकड़ा 5 पहुंच गया है। 149 संदिग्ध मरीजों में 124 मरीजों में जीबीएस वायरस की ही पुष्टि हुई है। 28 मरीज फिलहाल वेंटिलेटर पर हैं। आज भी 3 नए मरीज मिले हैं। ज्यादातर मामले पुणे और पिंपरी चिंचवड़ के पास के हैं।

ऐसा नहीं है कि जीबीएस वायरस के मामले केवल महाराष्ट्र में ही बढ़ रहे हैं, बल्कि ये अन्य राज्यों में भी सामने आ रहे हैं। हाल ही में असम में भी इस वायरस का मामला सामने आया था और एक प्राइवेट हॉस्पिटल में संदिग्ध (जीबीएस) के कारण 17 वर्षीय एक लड़की की मौत की बात सामने आई थी। यह इस मौसम में असम में इस तरह का पहला मामला है। डॉक्टरों ने शनिवार को लड़की की मौत के बारे में बताया था, लेकिन अस्पताल और राज्य स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई थी।

■ **149 संदिग्ध मरीजों में से 124 में जीबीएस संक्रमण की पुष्टि हुई।**

डॉक्टर ने बताया था कि लड़की की हालत बिगड़ गई थी और उसे वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था।

# आप छोड़ने वाले आठ विधायक भाजपा में शामिल

नई दिल्ली,1 फरवरी। आम आदमी पार्टी (आप) छोड़ने वाले 8 विधायकों ने शनिवार का भाजपा जॉइन कर ली। एक दिन पहले ही इन विधायकों ने चुनाव में टिकट नहीं मिलने और भ्रष्टाचार को अपने इस्तीफे की वजह बताया था। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को वोटिंग है। इसके 4 दिन पहले इन नेताओं का भाजपा में शामिल होना आप के लिए बड़ी मुसीबत बन सकता है। पार्टी को मिलने वाले वोट पर असर पड़ सकता है।

इस मौके पर बीजेपी नेता बैजयंत पांडा ने कहा, आज ऐतिहासिक दिन है और चुनाव के तीन दिन पहले इतनी बड़ी संख्या में विधायक, पार्षद और पदाधिकारीगण आपदा से मुक्ति पा गए हैं और अब दिल्ली की आपदा से मुक्ति पाने की बारी है। सबसे बड़ी लोकतांत्रिक और ट्रांसपेरेंट पार्टी में सबका स्वागत है। हम दुनिया की सबसे बड़ी पांचवी अर्थव्यवस्था हो गए हैं और जल्द ही भारत तीसरा सबसे बड़ा देश बनने जा रहा है। दुनिया आज हमारी प्रशंसा कर रही है। इस तरह से देश में प्रगति हो रही है, सबका विकास हो रहा है और युवा, महिला और समाज का हर वर्ग आगे बढ़ रहा है।

■ **भाजपा नेता बैजयंत पांडा ने कहा, बड़ी संख्या में आप के नेता व कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं।**

पांडा ने कहा, दिल्ली, देश की जैसी राजधानी होना चाहिए, हम उस तरह की दिल्ली बनाने का प्रयास करेंगे। इसके लिए दिल्ली में सत्ता का परिवर्तन जरूरी है और भाजपा विश्वास करती है कि देश सबसे ऊपर होता है, फिर पार्टी और व्यक्ति होता है।

उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि यह सिर्फ चुनाव के वक्त ही होता है। आज समय आ चुका है कि दिल्ली की प्रगति के लिए मोदी जी की जो गारंटी है, उसे दिल्ली में लाया जाए। आपदा झूठ पर झूठ फैला रही है, साफ पानी, साफ यमुना का वायदा था लेकिन क्या हुआ। घोटाले पर घोटाला हुआ है। जलबोर्ड, दिल्ली डीटीसी और राशनकार्ड में घोटाला हुआ है। जब कोविड में दिल्ली फंसा हुआ था, तब उस व्यक्ति ने शीशमहल बनाया।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने किया संगम स्नान

महाकुम्भनगर, 1 फरवरी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को त्रिवेणी संगम में स्नान किया और इस घटना को जीवन धन्य करने वाला अवसर बताया।

धनखड़ तीर्थराज प्रयागराज पत्नी व परिवार समेत हेलिकॉप्टर से पहुंचे जहां हेलिपैड पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। यहां से वह अरैल संगम घाट की ओर बढ़े जहां क्रूज पर सवार होकर उन्होंने नौकायन का आनंद लिया और त्रिवेणी संगम में चिह्नित स्थान पर स्नान किया। इस दौरान मंत्रोच्चार के बीच धनखड़ ने सिर पर शिवलिंग रखकर डुबकी लगाई।

■ **उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सपरिवार प्रयागराज पहुँचे। उन्होंने शहर के प्रतिष्ठित मंदिरों में पूजा-अर्चना भी की।**

उपराष्ट्रपति ने इस अवसर को जीवन धन्य करने वाला क्षण बताया। स्नान के बाद उन्होंने तीर्थराज प्रयाग की जय और नमः पार्वति पतये हर-हर महादेव का जयकारा उद्घोषित किया।

त्रिवेणी संगम पर स्नान के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पत्नी व परिवार समेत सरस्वती कूप, अक्षय वट व बड़े हनुमान मंदिर में बाकायदा विधिवत पूजन-अर्चन किया।

## नाबालिग से ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अदालत को बताया कि पीड़िता के पिता ने 19 दिसंबर, 2019 को आमेर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि उसकी 17 साल की बेटी के साथ करीब डेढ़ माह से अभियुक्त डरा-धमका कर दुष्कर्म कर रहा है। अभियुक्त ने 28 नवंबर को अपने दोस्त के कमरे में ले जाकर पीड़िता से दुष्कर्म किया था। आज भी उसने पीड़िता से अश्लीलता की है। अभियुक्त उसे कॉलेज आते-जाते समय भी परेशान करता है। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। सुनवाई के दौरान, पीड़िता ने बताया कि अभियुक्त ने जन्मदिन की पार्टी का बहाना बनाकर 28 नवंबर को उससे संबंध बनाए थे। वहीं, 19 दिसंबर को भी वह उसने इसी बहाने से दोस्त के कमरे पर ले जाकर दुष्कर्म किया था। इस दौरान उसके पिता का फोन आया तो उसने अपने आप को बस में होना बताया।

इस पर उसके पिता कॉलेज आ गए और दोनों को कॉलेज बुलाया। इस पर उसने कॉलेज पहुंच कर पिता को घटना की जानकारी दी।

दूसरी ओर अभियुक्त की ओर से कहा गया कि वह पीड़िता के साथ ही पढ़ता है और दोनों के बीच दोस्ती है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है।

# 'हमारे विधायक पर हमला किया, वो व्हीलचेयर पर सभा में आए'

## अरविंद केजरीवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर मारपीट का आरोप लगाया

नई दिल्ली, 1 फरवरी। राजधानी दिल्ली में चुनाव को लेकर प्रचार अभियान जोर-शोर से जारी है। इस बीच आम आदमी पार्टी से लेकर बीजेपी और अन्य दल चुनाव प्रचार अभियान में जुटे हुए हैं। इस बीच, शनिवार को दिल्ली की रिठाला विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी पर हमले का मामला सामने आया है। आम आदमी पार्टी का दावा है कि उनके ऊपर चुनाव प्रचार के दौरान हमला किया गया। रिठाला से आप उम्मीदवार मोहिंदर गोयल पर हमला हुआ, जिसके बाद वे बेहोश हो गए। फिलहाल उन्हें अंबेडकर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

■ **केजरीवाल ने कहा कि रिठाला के आप प्रत्याशी मोहिंदर गोयल पर चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा के लोगों ने हमला किया था।**

इस पूरे मामले पर आम आदमी पार्टी का आरोप है कि रोहिणी सेक्टर 11 में मोहिंदर गोयल एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उसी वक्त उन पर हमला हुआ। मोहिंदर गोयल की टीम का दावा है कि बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने उनपर हमला किया है। मोहिंदर गोयल की टीम का कहना है कि सभा के दौरान अचानक कुछ लोग आ गए और कहने लगे तुम लोगों ने दिल्ली को बर्बाद कर दिया। ये हिन्दू राष्ट्र है। भाग जाओ यहां से। और फिर मोहिंदर गोयल से मारपीट की।

वहीं, आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने भी इस घटना पर बयान दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा है, "दिल्ली में बीजेपी बुरी तरह चुनाव हार रही है- बौखलाहट में ये लोग अब हिंसा पर उतर आए हैं। रिठाला से हमारे विधायक मोहिन्दर गोयल पर हमले की हम कड़ी निंदा करते हैं।"

एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा है, "मैं अभी रिठाला विधान सभा में सभा करके आ रहा हूं। वहां से हमारे मौजूदा एमएलए मोहिंदर गोयल जी चुनाव लड़ रहे हैं।

आज बीजेपी वालों ने उनपर इतना घातक हमला किया कि उनकी हालत देखी नहीं जा रही थी। वे व्हील चेयर पर स्टेज पर आए। क्या हम दिल्ली में ऐसी गुंडागर्दी चाहते हैं? आम आदमी पार्टी शरीफों की पार्टी है। बीजेपी गुंडों की पार्टी है। दिल्ली को गुंडों के हवाले मत कर देना।"

## छत्तीसगढ़ः मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे

बीजापुर, 01 फरवरी। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह से जारी मुठभेड़ में जवानों ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए आठ नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए सभी नक्सलियों के शव बरमाद कर लिए गए हैं। तोड़का के जंगल में यह मुठभेड़ हुई। माओवादियों के मौजूदगी की सूचना पर, डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा 202 और सीआरपीएफ 222 बटालियन की टीम गंगालूर के तोड़का व कोरचोली के जंगल रवाना हुई थी। शनिवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें आठ नक्सली मारे गए हैं। ये संख्या और बढ़ सकती है। सुबह करीब 8:30 बजे से दोनों तरफ से रुक-रुककर गोलीबारी हो रही है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाबलों की ओर से यह ऑपरेशन लगातार चलाया जा रहा था, जिसमें जवानों ने नक्सलियों को मुठभेड़ में कड़ा जवाब दिया। इलाके में गोलीबारी जारी है। इस सफलता को सुरक्षाबलों ने अपनी महत्वपूर्ण जीत के रूप में देखा है, जो नक्सल गतिविधियों पर काबू पाने की दिशा में अहम कदम साबित हो सकती है।

# रेल बजट ने रेल्वे...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बड़ी मात्रा में बजट आवंटन होता रहा है, के लिए अच्छा दौर समाप्त हो चुका प्रतीत हो रहा है। रेलवे के एक सेवानिवृत्त अधिकारी शुभ्रांशु ने कहा, "भारतीय रेलवे को सीतारमण यह संदेश देती दिखाई दे रही हैं कि सार्वजनिक परिवहन को वित्तीय निपुणता तथा संचालन में बने रहने के लिये अपनी कमर कसनी होगी।"

बजट के कागजात में एक से अधिक असामान्य बातें सामने आई हैं। उदाहरण के लिये, रेलवे का दावा तो 31,000 किलोमीटर ट्रैक के विद्युतीकरण का है, लेकिन डीजल ट्रेन चलाने के खर्च में केवल मामूली सी कमी की गई है। रेल-सुरक्षा बहुत बड़ी चिंता का मुद्दा रहा है लेकिन ट्रेन दुर्घटना निरोधी सिस्टम "कवच" की स्थापना के लिये उतना ही बजट आवंटित किया गया है, जितना पिछले वर्ष था। सरकार के "मेक इन इंडिया" अभियान की झलक बजट प्रस्तावों में कहीं दिखाई नहीं दे रही है। मशीनरी तथा प्लांट-प्रोक्योरमैंट के लिये गत वर्ष की अपेक्षा कम बजट आवंटित किया गया है, क्योंकि वर्कशाप्स तथा शेड्स के लिये पहले से कम निवेश किया गया है। एक अधिकारी ने कहा, "(रेलवे को) अब बजट का सहयोग कम होता जा रहा है तथा अब रेलवे को आंतरिक संसाधन सृजन पर ध्यान देने की जरूरत होगी।"

नैशनल फैडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे मैन (एनएफआई-आर) के एम. राघवैया ने कहा, "सरकारी फैक्ट्रियाँ स्थापित करने के लिये किसी प्रस्ताव की घोषणा नहीं की गई है। रेल-सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि सरकार नये पदों के सृजन पर लगी रोक को न हटाने का निर्णय ले चुकी है। सरकार रेलवे के निजीकरण की ओर बढ़ती दिखाई दे रही है।"

## 'बजट से ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रोजगार, एमएसएमई, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे के साथ ही, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल तकनीक, कौशल प्रशिक्षण जैसे नवाचारों के लिए भी विभिन्न प्रावधान किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में किसानों के सशक्तीकरण के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 से बढ़ाकर 5 लाख रु., बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई की मंजूरी, पीएम धन धान्य कृषि योजना, नया आयकर कानून, छोटे शहरों को 88 एयरपोर्टों से जोड़ना, आईआईटी संस्थानों में सीटों की बढ़ोतरी, मैडीकल टूरिज्म को बढ़ावा देना सहित विभिन्न प्रावधान किए गए हैं।

# 85 प्रतिशत आयकर दाता...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरी के कलपुर्जों, विशेष प्रकार के चमड़ों और कुछ अन्य घटकों पर आयात शुल्क में कम करने का ऐलान किया है। उन्होंने लघु एवं मझौले क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए उनकी परिभाषा बदलते हुये निवेश और कारोबार की सीमा बढ़ा दी है। वित्त मंत्री ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर शुद्ध रूप से कमी करने के बावजूद राजकोषीय मजबूती के लक्ष्य की राह बनायी रखी और वित्त वर्ष 2025-26 में कुल व्यय 50.65 लाख करोड़ रुपये करने के साथ ही राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.4 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य तय किया है। बेमौसम बरसात और चुनावी वर्ष के कारण चालू वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय के संशोधित अनुमान में गिरावट के बावजूद अगले वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय को 11.21 लाख करोड़ रुपये रखने का प्रावधान है जो संशोधित अनुमान से 10.08 प्रतिशत अधिक है। पिछले वित्त वर्ष 11.11 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय का अनुमान रखा गया था लेकिन यह 10.18 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।

वित्त मंत्री ने रक्षा बजट में उल्लेखनीय वृद्धि की है और इसके लिए 6.81 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। इस बार बजट में 100 जिलों में कृषि क्षेत्र के विकास के लिए प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना , निर्यात को बढ़ ाने के लिए भारत ट्रेडनेट डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रावधान, नये उद्यमों को प्रोत्साहित करने के लिए एक नया फंड्स ऑफ फंड , कपास एवं सूजी वस्त्र उद्योग के लिए प्रोत्साहन के लिए नये उपाय, तीन साल में देश के हर जिले में कैंसर डे केयर सेंटर बनाने का ऐलान किया गया है जिसमें से 200 सेंटर अगले वित्त वर्ष में बनाये जायेंगे।

वित्त मंत्री ने विकसित भारत के सिद्धांतों को रेखांकित किया, जिसमें शून्य गरीबी, सौ प्रतिशत अच्छी गुणवत्ता वाली स्कूली शिक्षा, उच्च गुणवत्ता वाली, सस्ती और व्यापक स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच, सार्थक रोजगार के साथ सौ प्रतिशत कुशल श्रम, आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं और किसानों पर जोर दिया गया है।

सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बजट 2025-2026 विकास को गति देने, समावेशी विकास को सुरक्षित करने, निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ ावा देने, घरेलू भावनाओं को ऊपर उठाने और भारत के बढ़ ते मध्यम वर्ग की खर्च करने की शक्ति को बढ़ ाने के लिए सरकार के प्रयासों को जारी रखने का वादा करता है। बजट में गरीब, युवा, किसान और महिला पर ध्यान केंद्रित करते हुए विकास उपायों का प्रस्ताव है। बजट का उद्देश्य भारत की विकास क्षमता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ ाने के लिए कराधान, बिजली क्षेत्र, शहरी विकास, खनन, वित्तीय क्षेत्र और नियामक सुधारों में परिवर्तनकारी सुधार शुरू करना है। बजट में कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात को विकसित भारत की यात्रा में इंजन बताया गया है।

# 'बंदूक की गोली के घावों के लिए...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गति तथा अर्थव्यवस्था को पीड़ित कर रही जटिल जीएसटी के उपचार से रिक्त बताया।

कांग्रेस ने नरेन्द्र मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि वह बिहार को "बोनांज़ा" देती प्रतीत हो रही है, जहाँ एनडीए के सहयोगी नीतीश कुमार का शासन है, लेकिन इसी गठबंधन के एक अन्य स्तम्भ आंध्र प्रदेश की "निर्मम" उपेक्षा कर रही है। जब केन्द्रीय वित्त मंत्री "मधुबनी" साड़ी पहने हुये संसद में 2025-26 का केन्द्रीय बजट पेश करने पहुँचीं, तभी उनका यह संदेश स्पष्ट हो गया था कि बिहार उनकी घोषणाओं में मुख्य स्थान ले सकता है।

बिहार, जहाँ इस साल अक्टूबर में किसी समय विधानसभा चुनाव होने हैं, को वित्त मंत्री से अपार तोहफे मिले हैं।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बजट में बिहार की ओर झुकाव की आलोचना की तथा "एक्स" पर कहा, "यह स्वाभाविक ही था, क्योंकि इस साल के उत्तरार्द्ध में वहाँ चुनाव होने है। लेकिन एनडीए के एक अन्य स्तंभ, आंध्र प्रदेश की इतनी निर्दयतापूर्वक उपेक्षा क्यों की गई है?"

तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी ने बजट को पक्षपातपूर्ण बताया तथा कहा, "(बजट में) आम आदमी के लिये कुछ नहीं है। बिहार के चुनाव नज़दीक होने के कारण बजट साफ तौर पर बिहार के लिये बनाया गया है। बंगाल तो 10 साल से उपेक्षित ही है।"

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मध्यम वर्ग को दी गई टैक्स राहत को तो स्वीकार किया, लेकिन इसके व्यापक असर पर सवाल खड़े किये, उन्होंने कहा, "टैक्स-कटौतियों की सराहना है, लेकिन (बजट में) बेरोजगारों के लिये क्या है? (इसमें) बेरोजगारी का तो उल्लेख तक नहीं है।"

कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने निराशा व्यक्त करते हुये कहा, "निर्मला सीतारमण जी, भारतवासियों पर कुछ दया कीजिये। इस सरकार को अखबरों की सुर्खिया बनाने से लगाव है, लेकिन वास्तविकता बिल्कुल भिन्न है। जीएसटी- सुधारों का क्या हुआ?"

आप नेता अनुराग ढन्डा ने कहा, "मध्यम वर्ग निराश है। अरविंद केजरीवाल ने सात माँगे की थीं, जिनमें शिक्षा और स्वास्थ्य के लिये बढ़े हुये बजट की माँग शामिल थी। (लेकिन) किसी पर विचार नहीं किया गया।"

शिरोमणि अकाली दल सांसद हरसिमरत कौर बादल ने बजट पर प्रहार करते हुये, इसे "किसान -विरोधी" बताया। उन्होंने कहा, "इसमें बिहार छाया हुआ है। पंजाब का जिक्र ही नहीं है। एमएसपी के लिये आंदोलन कर रहे किसानों की उपेक्षा की गई है। हमें केवल मखाना बोर्ड मिला है।"

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने इसे "पिछले 10 वर्ष का सबसे कमजोर बजट" बताया, तथा महाकुम्भ में हुई भगदड़ पर संसदीय चर्चा की माँग की।

आप सांसद संजय सिंह ने छोटे व्यापारियों के लिये टैक्स-राहत की कमी की आलोचना की तथा कहा, "अगर सरकार उद्योगपतियों से माफ किये हुये ऋण वसूल कर ले तो जीएसटी और आयकर की दरें आधी हो सकती हैं। लेकिन इसकी अनदेखी कर दी गई।"

कांग्रेस सांसद किरण कुमार चामला ने बजट के पीछे राजनैतिक उद्देश्य होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, "सारा ध्यान बिहार की ओर रहा है। तेलंगाना भी फोकस का हकदार है। इस बजट में साफ तौर पर राजनैतिक एजेंडा निहित है।"

समाजवादी सांसद डिम्पल यादव ने कहा, "बजट में कुछ भी नया नहीं है। हम महाकुम्भ दुखान्तिका का विवरण और सरकार की जवाबदेही की माँग करते हैं।"

द्रमुक सांसद दयानिधि मारन को बजट उलझान् वाला लगा। उन्होंने कहा, "यह चुनावों से पहले दिल्ली के मतदाताओं के प्रति स्नेह जताने की दृष्टि से तैयार किया गया है। वित्त मंत्री ने 12 लाख रु. तक के लिये टैक्स -छूटों की घोषणा कर दी, लेकिन 8 -12 लाख आय के लिये 10 प्रतिशत स्लैब की भी घोषणा कर दी। असली बुराई तो विस्तार में जाने पर मालूम पड़ेगी।"

**राष्ट्रदूत ( एचयूएफ ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर ( राजस्थान ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक**-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, **जयपुर कार्यालयः** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, **कोटा कार्यालय** : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, **उदयपुर कार्यालयः** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **बीकानेर कार्यालय** : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, **जालोर कार्यालय** :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय** :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 **चूरू कार्यालय** : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908